ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • चैत्र शुक्ल पक्ष 15 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 06 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-170 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



फिल्म उद्योग से आए थे धमकी भरे ... पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### ठाकुरगांव में महिला व दो बच्चों का जला शव बरामद

**रांची।** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के बगदा जंगल में बुधवार सुबह एक महिला और दो बच्चों का जला शव बरामद हुआ है। घटनास्थल रांची और रामगढ़ जिला की सीमा पर स्थित है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि महिला और उसके दो बच्चों की हत्या किसी अन्य स्थान पर की गयी और शव को बगदा के पास जंगल में लाकर जलाने का प्रयास किया गया। फिलहाल तीनों शवों की पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस स्थानीय लोगों से पहचान कराने की कोशिश कर रही है।

### रवीना टंडन को मिला पद्मश्री

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म श्री अवॉर्ड से सम्मानित किया है। ये अवॉर्ड समारोह बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में हुआ, जिसमें रवीना टंडन को पद्मश्री अवॉर्ड से नवाजा गया। न्यूज एजेंसी एएनआई ने ट्विटर अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक्ट्रेस रवीना टंडन को पद्म श्री अवॉर्ड से सम्मानित करती नजर आ रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि रवीना टंडन साड़ी पहनकर ट्रेडिशनल लुक में पहुंची हैं। एक्ट्रेस को ये अवॉर्ड इंडियन सिनेमा में योगदान और उनके परोपकारी काम के लिए दिया गया है।




### ममता देवी को गोला केस में बेल

**रांची।** रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी को झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। हाईकोर्ट ने उन्हें गोला गोली कांड में जमानत दी है। इससे पहले उन्हें एक और मामले में बेल मिल चुकी है। अब ममता देवी के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो चुका है। इस केस के दूसरे दोषी राजीव जायसवाल को भी हाईकोर्ट ने बेल दे दी है। कोर्ट ने दोनों को जुमार्ना की राशि जमा करने की शर्त पर बेल दी है। ममता देवी की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता भोला नाथ ओझा ने पक्ष रखा। वहीं ममता देवी की ओर से अधिवक्ता अनुराग कश्यप ने बहस की।

### वीसी के जरिए सुन सकते हैं दलील-सीजेआई

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने बुधवार को देश में कोविड.19 मामलों की संख्या में तेजी से हो रही वृद्धि पर विचार करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये वकीलों को सुनने को तैयार है। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने हालिया मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा कि अदालत अधिवक्ताओं को हाइब्रिड मोड़ के माध्यम से अदालत में पेश होने की अनुमति देने को तैयार है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम आपको वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भी सुन सकते हैं।

### रमजान



उर्दू कैलेंडर के मुताबिक रोजा का समय 06 अप्रैल को संध्या 6:14 और सेहरी का समय 07 अप्रैल को सुबह 4:22 मिनट में

# पलामू पुलिस ने इनामी नक्सली को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने पांच लाख के इनामी नक्सली नंदकिशोर यादव उर्फ ननकूरिया को गिरफ्तार किया है। जो चतरा के लावालौंग में सुरक्षा बलों और भाकपा माओवादियों के बीच मुठभेड़ में घायल हो गया था। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से पुलिस ने इंसास राइफल समेत कई आधुनिक हथियार बरामद किये हैं। पलामू एसपी चंदन सिंह ने बताया कि पिपरा थाना क्षेत्र में पलामू पुलिस को नक्सलियों के इलाज कराने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने नंदकिशोर यादव उर्फ ननकूरिया को इंसास रायफल के साथ गिरफ्तार किया है। नंदकिशोर यादव माओवादियों का सब जोनल कमांडर है और झारखंड सरकार ने उस पर पांच लाख का इनाम रखा है। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में नंदकिशोर यादव को गोली लगी है। वह पलामू के सीमावर्ती पिपराटांड़ व पांकी थाना क्षेत्र में अपना इलाज करा रहा था। पुलिस ने नक्सलियों के इलाज में मदद कर रहे तीन लोगों को भी हिरासत में लिया है। गौरतलब है कि सोमवार को चतरा मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने पांच नक्सलियों को मार गिराया था। इस मुठभेड़ के बाद कई नक्सली जान बचाकर फरार हो गये थे। मौके पर डीएसपी ऋषभ गर्ग, पिपराटांड़ थाना प्रभारी, पार्क इंस्पेक्टर अरुण महथा सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।



### एनआईए ने आठ नक्सलियों को मोस्ट वांटेड घोषित किया

**रांची।** सरायकेला-खरसांवा जिले के तिरूलडील थाना के पांच पुलिसकर्मियों की हत्या के आरोपित आठ नक्सलियों को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मोस्ट वांटेड घोषित कर दिया है। उन पर 19 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया गया है। 14 जून 2019 को सरायकेला जिले के तिरूलडीह के कुकुरूहाट बाजार में भाकपा माओवादियों ने पेट्रोलिंग कर रही पुलिस टीम पर हमला कर दिया था। हमले में पांच पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। वारदात के बाद पुलिसकर्मियों के दो पिस्टल, 70 जिंदा कारतूस, तीन इंसास राइफल व उसके 550 राउंड कारतूस, 10 मैगजीन, मोबाइल फोन भी लूटे गए थे और नक्सलियों ने पुलिस वाहन को भी आग के हवाले कर दिया था। वायरलेस के जरिए थाने को सूचना न दी जा सके, इसके लिए वायरलेस भी लूट लिया था। अब इस मामले को एनआईए ने टेकओवर कर लिया है। इन नक्सलियों में सचिन मार्डी, अमित मुंडा, प्रभात मुंडाए गुलशन मुंडा, रवि, अतुल महतो, प्रदीप मंडल और एनम हस्सा पूर्ति शामिल हैं।

# नोटों से भरे पांच बैग में पांच करोड़ बरामद, एक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिला पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक यात्री बस से पांच बैग से पांच करोड़ बरामद किए हैं। साथ ही एक शख्स को पुलिस ने पकड़ा है। इस मामले में बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम बताया कि मंगलवार रात व्यक्ति को बस से पकड़ा गया। इसके बाद बरामद बैग को रात में ही दंडाधिकारी कि मौजूदगी में एक कमरे में सील कर दिया गया और इसकी जानकारी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को दी गई। उन्होंने बताया कि उन्हें इस बारे में गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद उन्होंने हाइवे पर नाका लगाकर चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान बस में एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। जब उससे पूछताछ की गई तो उसने चार बड़े बैग और एक छोटे बैग को चिन्हित किया। इन बैग से पांच करोड़ कैश थे।कैश मिलने के बाद रांची में इनकम टैक्स विभाग को इसकी जानकारी दी गई। उन्हें जैसे ही एक व्यक्ति के पास से पांच करोड़ मिलने की सूचना मिली वह एक्टिव हो गए। एक पांच सदस्यीय टीम इंवेस्टिगेशन के लिए गुमला पहुंच गई। एसपी ने बताया कि अभी पकड़े गए व्यक्ति से और पूछताछ की जा रही है। हालांकि, उन्होंने ये जानकारी नहीं दी की गिरफ्त में आया व्यक्ति ने इस बात की जानकारी दी है या नहीं कि पैसे किसके हैं।

# आप गांव का जिम्मा लें हम पर आपका जिम्मा

## चिकित्सा पदाधिकारियों व स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को आयुष के 173 चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इसी के साथ 297 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को भी नियुक्ति पत्र दिया गया। एनीमिया मुक्त भारत और झारखंड बनाने के लिए कार्यक्रम के दौरान सीएम द्वारा एनीमिया किट का लोकार्पण किया गया। नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारी और आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को सीएम ने संबोधित किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। अपने कर्तव्यों का निर्वहन कैसे करना है ये आप भली भांति समझते हैं। आपके सामने स्वास्थ्य के क्षेत्र में हर दिन हर पल कई चुनौती आएंगी। इस चुनौती से आप कैसे सामना करते हैं ये आपलोगों पर निर्भर करेगा। सरकार ने आज से आपकी जिम्मेदारी ली है। अब आप राज्य के गांव.गरीब आवाम की जिम्मेदारी लीजिए। रिम्स झारखंड के स्वास्थ की रीढ़ के रूप में खड़ा है। यहां अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस विश्वस्तरीय मशीनों का उद्घाटन किया गया। हमारा संकल्प है कि हर एक व्यक्ति को बेहतर सुविधा मिले। सरकारी-गैर सरकारी समाजसेवी लोग भी काम कर रहे हैं लेकिन भारत और झारखंड के 70.80 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। इनका विश्वास सरकारी व्यवस्था पर होती है और इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ही पहुंचते हैं। सरकार को संवेदनशीलए मानवता की शेष पृष्ठ 11 पर



### अंतिम पायदान पर पहुंचाना है स्वास्थ्य सुविधा : बन्ना गुप्ता

स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सभी नवनियुक्त कर्मियों का मैं स्वागत-अभिनंदन करता हूं। कोरोना काल में हमारे मुख्यमंत्री ने धैर्य खोए बगैर राज्य को विपरीत परिस्थितियों से बाहर निकाला। कप्तान की भूमिका में अपने राज्य के कर्मचारियों और मंत्रिमंडल के सदस्यों का हौसला बढ़ाया। राज्य को कोरोना से बचाने का काम किया। हमारी सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। इसकी बानगी है कि रिम्स में कई अत्याधुनिक उपकरणों का शुभारंभ किया गया है। बन्ना ने कहा कि राज्य के अंतिम पायदान तक स्वास्थ सुविधा पहुंचाना है। उन्होंने नवनियुक्त कर्मियों से कहा कि आप नौकरी नहीं लोगों की सेवा करें।

# आकांक्षी जिलों में पलामू पूरे देश में दूसरे स्थान पर

### उपायुक्त ने इस सफलता के लिये जिला प्रशासन की पूरी टीम को दी बधाई

**मेदिनीनगर।** आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग के पैरामीटर पर पलामू ने बेहतर प्रदर्शन किया है। फरवरी 2023 के डेल्टा रैंकिंग में 112 आकांक्षी जिलों में पलामू ने पूरे भारत में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता के लिये उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने पलामू जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने इस संबंध में कहा कि बगैर टीम वर्क के यह कार्य संभव नहीं है। फरवरी में जारी विभिन्न मानकों के अंक के मुताबिक पलामू को 2.902 डेल्टा स्कोर मिला है। ज्ञातव्य है कि देश के 112 पिछले जिलों को आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत सामाजिक व आर्थिक स्थिति में तेजी से सुधार करना है।

### पलामूवासी हो रहे लाभांवित


जिला प्रशासन द्वारा जिले में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, मूलभूत सुविधाओं के विकास, कौशल विकास, जल संसाधन के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया गया है। जिसके परिणाम स्वरूप नीति आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के आधार पर फरवरी माह के ओवरऑल रेंक में पलामू जिला को दूसरा स्थान मिला। यह दशार्ता है कि जिले में स्वास्थ्य, पोषण,शिक्षा के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और जिले वासी इससे लाभांवित हो रहे हैं।

### सेना की याचिका खारिज न्यूक्लियस ग्रुप को राहत

**रांची।** हाईकोर्ट में सेना की जमीन के पास निमार्णाधीन बहुमंजिला भवन के खिलाफ रक्षा मंत्रालय की ओर से दाखिल याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया है। याचिका खारिज होते ही रांची जिमखाना क्लब की भूमि के पास बन रहे न्यूक्लियस की बिल्डिंग के निर्माण का रास्ता साफ हो गया। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की अदालत ने इस मामले की सुनवाई की है। सुनवाई के दौरान रक्षा मंत्रालय की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार और प्रभात कुमार सिन्हा ने बहस की। इन लोगों ने अदालत में कहा कि रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी संकल्प के मुताबिक सेना कार्यालय के 50 मीटर के दायरे में चार तल्ले से ज्यादा ऊंचा भवन नहीं बनाया जा सकता। सुनवाई के दौरान खेलगांव में निर्माण कर रहे एनसीसी इंफ्रा की ओर से कहा गया कि उनका नक्शा बहुत पहले पास हुआ है और अभी निर्माण हो रहा है।

# कोई डॉक्टर तो कोई सुप्रीम कोर्ट में है वकील, अब आया ईडी के रडार पर

## 66 साल के धोखेबाज ने 10 राज्यों में की 27 शादियां



**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में ठगी से जुड़ा एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे जानने के बाद हर कोई हैरान है। 66 साल के एक शख्स ने एक या दो बार नहीं बल्कि 27 बार शादियां की हैं और लाखों रुपए की धोखाधड़ी की है। मामला ओडिशा का है जहां रमेश स्वेन नामक इस शख्स ने धोखेबाजी करते हुए कई महिलाओं को अपनी ठगी का शिकार बनाया। अब प्रवर्तन निदेशालय ने इसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया है। 66 वर्षीय इस शख्स ने 27 बार शादियां की हैं। उसने देश के अलग-अलग हिस्सों में शादियां की है और उसकी पत्नियों में आईटीबीपी की असिस्टेंट कमांडेंट, छत्तीसगढ़ की चार्टर्ड अकाउंटेंट, सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की दो वकील और असम की डॉक्टर के अलावा केरल प्रशासन की एक महिला भी शामिल है। मामला दर्ज होने के बाद अब इसके वित्तीय लेन-देन की जांच भी की जाएगी। प्रवर्तन निदेशालय पूछताछ के लिए इसे रिमांड पर लेने की मांग कर सकती है। जानकारी के अनुसार, बीते साल ही ओडिशा पुलिस ने स्वेन को गिरफ्तार किया था। स्वेन के अलावा इस मामले में पुलिस ने उसकी पत्नियों, ड्राइवर और सौतेली बहन डॉक्टर कमला सेठी को गिरफ्तार शेष पृष्ठ 11 पर

### बैंकों को भी लगा चुका है चूना

साल 2011 में स्वेन को जहां हैदराबाद में लोगों से एमबीबीएस में दाखिले के एवज में 2 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। वहीं उससे पहले साल 2006 में उसके ऊपर केरल में 13 बैंकों से एक करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम की ठगी का भी आरोप है। दिल्ली में रहने वाली उसकी एक पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने उसके ऊपर कार्रवाई की थी। खुद को उसने स्वास्थ्य मंत्रालय में उप महानिदेशक बताते हुए उससे शादी की थी। पत्नियों को रखने के लिए उसने भुवनेश्वर में तीन किराये के घर लिए थे और कई बार अपनी पत्नियों से उधार मांग कर अगली पत्नी की तलाश में निकल पड़ता था।

# आईएएस पूजा सिंघल पर 10 अप्रैल को होगा आरोप गठन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



निलंबित आईएएस पूजा सिंघल बुधवार को ईडी कोर्ट में उपस्थित हुई। कोर्ट से पूजा सिंघल ने समय देने का आग्रह किया। इसके बाद कोर्ट ने आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए 10 अप्रैल की तिथि निर्धारित की। पूजा सिंघल की ओर से कोर्ट से आग्रह किया गया कि गुरुवार को उनके एक मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में है इसलिए उन्हें समय दिया जाए। उल्लेखनीय है कि तीन अप्रैल को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के कोर्ट ने पूजा सिंघल के डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। शेष पृष्ठ 11 पर

# सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं याचिका पर सुनवाई से इनकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस सहित 14 राजनीतिक दलों की ओर से केंद्रीय जांच एजेंसियों के मनमाने इस्तेमाल का आरोप लगाने वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई योग्य नहीं माना। याचिका में जांच एजेंसियों को लेकर भविष्य के लिए दिशानिर्देश जारी करने की मांग की गई थी। इससे पहले बुधवार को विपक्षी दलों की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि 2013-14 से 2021-22 तक सीबीआई और ईडी के मामलों में 600 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि ईडी की ओर से 121 राजनीतिक नेताओं शेष पृष्ठ 11 पर

## मांग — कुर्मी जाति को एसटी का दर्जा देने का मामला

# आंदोलनकारी रेललाइन पर जमे, कई ट्रेनें रद्द

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कुड़मी जाति को आदिवासी (एसटी) का दर्जा देने की मांग को लेकर हजारों लोग बुधवार सुबह से ही हावड़ा.मुंबई रूट में कई स्टेशनों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस वजह से इस रूट पर ट्रेन सेवाएं बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई हैं। रेलवे को बंगाल के खड़गपुर और आद्रा रेल मंडल की लगभग छह दर्जन ट्रेनें रद्द करनी पड़ी हैंए जबकि आधा दर्जन ट्रेनों को रूट बदलकर चलाया जा रहा है। लोग इस मांग को लेकर सड़कों पर भी उतरे हैं। सबसे अधिक असर हावड़ा-मुंबई रेल मार्ग और कोलकाता-बहरागोड़ा सड़क मार्ग पर आंदोलन का असर पड़ रहा है। रांची रेल मंडल ने भी 5 अप्रैल को 8 ट्रेनों की सेवाएं रद्द करने का फैसला किया है। झारखंड-बंगाल-उड़ीसा के कुड़मी समाज के लोग कई समूहों में खड़गपुर मंडल के खेमाशुलि स्टेशन एवं आद्रा मण्डल के कुसतौर स्टेशन पर रेलवे लाइन पर गाजे-बाजे और लाठी.डंडों के साथ जमा थे। मंगलवार की रात 12 बजे से ही अपनी मांगों को लेकर संगठन से जुड़े लोग रेलवे स्टेशनों के आस-पास जमा हुए। इसे देखते रेलवे ने एहतियाती तौर पर ट्रेनें रद्द की हैं। परिस्थितियों को देखते और भी गाडियों को रद्द किया जा सकता है। रांची रेल मंडल में रद्द की गई ट्रेनों में ट्रेन संख्या 08641आद्रा.बरकाकाना मेमू पैसेंजर यात्राए ट्रेन संख्या 03595 बोकारो स्टील सिटी-आसनसोल मेमू पैसेंजर, ट्रेन संख्या 18085 खड़गपुर-रांची एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस,ट्रेन संख्या 22892 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 22891 शेष पृष्ठ 11 पर



## बच्ची को एसिड पिलाने की घटना

# निःशुल्क इलाज कराए झारखंड सरकार : हाईकोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड हाईकोर्ट ने हजारीबाग की एक नाबालिग बच्ची को एसिड पिलाए जाने की घटना पर स्वतरू संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को उसका इलाज अपने खर्च पर कराने का आदेश दिया है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी को अगली सुनवाई में सशरीर हाजिर होने और अब तक की जांच के नतीजे पर रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 10 मई को होगी। सुनवाई के दौरान पीड़िता कोर्ट में वर्चुअल मोड में उपस्थित थी। उसने एसिड पिलाए जाने की घटना के बारे में बताया। घटना वर्ष 2019 की है। हजारीबाग में 13 साल की बच्ची जब स्कूल से लौट रही थी तो उसके परिचित ने जबरदस्ती उसे एसिड पिला दिया था। इससे उसकी हालत शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### बीजेपी का स्थापना दिवस कार्यक्रम आज

**नावा बजार।** भारतीय जनता पार्टी नवा बाजार प्रखंड में मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में पंचायत तुकबेरा पार्टी के स्थापना दिवस मनाया जाएगा । इसकी जानकारी महामंत्री मनोज कुमार गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम 6 को मनाया जायेगा।

### खराब पड़ा चापाकल, यात्रियों को परेशानी

**नावा बाजार।** एनएच 39 किनारे सरकारी मद से गाढ़ा गया चापाकल खराब रहने की वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### लोको पायलट अशोक तिवारी सम्मानित

**नावा बाजार।** ग्राम तोलरा निवासी लोको पायलट अशोक तिवारी को आज बरवाडीह जंक्शन रेलवे कर्मचारियों ने एक विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया। मौके पर श्री तिवारी ने बताया कि यह क्षण मेरे लिए अनमोल है। मौके पर विश्रामपुर बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित अगस्त, श्याम तिवारी, दिवाकर तिवारी, दीपक तिवारी, राम निवास पांडेय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### भव्य भंडारा का आयोजन

**मेदिनीनगर।** महावीर नवयुवक सेवा समिति के द्वारा होटल रिलैक्स इन मे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई जिसमें आगमी कार्यक्रम श्री हनुमान जन्मोत्सव पर जय भवानी संघ चौक पर सर्व प्रथम हनुमान चालीसा का पाठ , आरती,भण्डारा , सम्मान समारोह ,भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। श्री महावीर नवयुवक सेवा समिति के संरक्षक ज्ञान शंकर, सुनील तिवारी, मनोज कुमार सिंह, पिंटू गुप्ता ,मनोज सिंह , मंगल सिंह ,बब्लू गुप्ता, ब्रजेश शुक्ला, विजय ओझा , मनोहर कुमार , दुर्गा जोहरी ,सोनू सिंह नामधारी, लाल बाबू , टिवंकल गुप्ता प्रदीप जायसवाल, अनिल साहू, अजित पाठक , राज कुमार गुप्ता, विकाश सिन्हा, जितेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष। सन्दीप दास, कार्यकारणी अध्यक्ष, पंकज जैसवाल, महामंत्री विवेक चौबे, कोषाध्यक्ष शुभम प्रसाद ,उप कोषाध्यक्ष, संजय प्रजापति उपाध्यक्ष , उमेश साहू , शशिकांत कुमार,सचिव, शशिभूषण मिश्रा संगठन मंत्री, गुड्डु वर्मन, रंजन वर्मा ,मंत्री, सन्तु चंद्रवंशी, शुभय राज, गोलू सोनी, कार्यसमिति सदस्य - सौरभ कुमार कर्ण ,सूरज ,धर्मेन्द्र , अभी , वाशु कुमार ,मनीष वर्मन अंकित लाल,विट्ठू लाठ, चिंटू, अमलेश पासवान, इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

### प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का हुआ उद्घाटन

**हरिहरगंज ।** नगर पंचायत अंतर्गत अररुआ खुर्द शनि मंदिर के समीप बुधवार को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन पलामू अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि यह एक कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री के द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में चलाया जा रहा है। इससे आम लोगों को सुलभ एवं सस्ती दवा मिलेगी। जिससे आम जनों को फायदा होगा। वहीं विशिष्ट अतिथि रविशंकर कुमार सिंह उर्फ बबुआ जी ने कहा कि इस दुकान के खुलने से लोगों को दवा के भारी भरकम बिल के बोझ से छुटकारा मिलेगा। इस केंद्र की संचालिका गीता सिंह हैं। मौके पर एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, समाजसेवी प्रमोद कुमार सिंह, शिक्षक अजय कुमार सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक युगेश सिंह, मुन्ना विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, संतोष सिंह, रिंकू सिंह, शिवशंकर सिंह, रविंद्र रजक, संजय राय, प्रो. अमरेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, रामाशंकर सिंह, प्रज्ञा सिंह, प्राची सिंह के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

# विभागीय टैक्स वसूली के नाम पर शिकायत




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में टैक्सी स्टैंड कीडाक नहीं होने से विभागीय टैक्स के नाम पर मनमाने ढंग से टैक्स की वसूली किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। यहां तक की निजी वाहनों से भी अवैध वसूली की जा रही है। जबकि बाहरी बड़े वाहनों से मनमानी ढंग से डेढ़ सौ से दो सौ रुपए की वसूली की जा रही है। प्रेस वाहन के चालक बीरेंद्र प्रजापति ने बताया कि बीस रुपए के बदले 50 रूपए लिया गया, जबकि रसीद तीस रुपए का दिया गया है। इससे अवैध वसूली करने पर वाहन चालकों में असंतोष व्याप्त है। नगर पंचायत कार्यालय द्वारा दो बार निविदा को रद्द कर विभागीय टैक्स वसूली का खेल चल रहा है। इससे सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है। वहीं विभागीय संवेदक द्वारा छोटे-बड़े वाहनों से एक दर्जन युवकों को रखकर मनमाने तरीके से रसीद काटकर अवैध टैक्स वसूली की जा रही है। नगर पंचायत के नियमों की धज्जियां उड़ायी जा रही है। टैक्स वसूली में कई असामाजिक और दबंग प्रवृत्ति के भी लोग शामिल रहते हैं। कई बार वाहन चालकों से मारपीट की घटना भी होती है। इस पर तत्काल रोक नहीं लगाया गया तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। वाहन चालकों ने इस मामले की शिकायत नगर अध्यक्ष शशि कुमार, नगर विकास विभाग के सचिव, उपायुक्त सहित संबंधित पदाधिकारियों से करने व इसकी निविदा कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व सीएम से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** ब्रह्म बाबा स्थान के पास झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के केंद्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास का बुधवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक के नेतृत्व में मेदिनीनगर विधायक आलोक चौरसिया, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा राजेंद्र सिंह चेरों, सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, अजय उरांव ने फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने ब्रह्म बाबा की पूज - अर्चना की और सभी कार्यकर्ताओं से बारी - बारी से मिले एवं सभी का हाल - चाल पूछा। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास सड़क मार्ग से मेदिनीनगर से लातेहार जिले के बालूमाथ कार्यक्रम में शामिल होंने जा रहे थे। भाजपा कार्यकर्ता ओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए झारखंड का मुख्यमंत्री कैसा हो, रघुवर दास जैसा हो।

# खलिहान में लगी आग, दो किसानों का अनाज जला



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के मिरहियाडीह गांव के एक खलिहान में बुधवार को आग लग गई। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाई है। आग लगने से खलिहान में रखे गए दो किसानों अजय मेहता का 350 बोझा गेहूं व गणेश मेहता का 400 बोझा गेहूं के अलावा 70 बोझा सरसों, 25 बोझा जौव के अलावा ट्रैक्टर के ट्राली का दोनो टायर जलकर खाक हो गया। किसानों ने बताया कि करीब दो लाख रुपए का नुकसान उन्हें हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान आदि घटना स्थल पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने किसानों को ढांढ़स बंधाते हुए कहा कि अंचल पदाधिकारी के माध्यम से आवेदन देने को कहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के खलिहान में आग लगने से बड़ा दुख होता है। जिस अनाज के लिए चार माह तक जीतोड़ मेहनत कर उसे खलिहान तक पहुंचाते हैं। इनकी मेहनत पर पानी फिर गया है। उन्होंने इस मामले से विधायक को अवगत कराने व राहत दिलाने की बात करेंगे।

### हरिहरगंज एनसीपी के प्रखंड अध्यक्ष बने मनीष सिंह

**हरिहरगंज।** एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता मनीष कुमार सिंह को पार्टी का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया है। हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष ने मनोनयन संबंधित पत्र मनीष कुमार सिंह को सौंपा। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, प्रवक्ता गुड्डु सिंह, जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित थें। मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह ने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। उधर इनके मनोनयन पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# चुआड़ विद्रोह के नायक थे वीर शहीद रघुनाथ : पूर्व विधायक

**ब्रिटिश सरकार के खिलाफ झारखंड के आदिवासी मूलवासी ने वर्ष 1769 से 1805 के बीच बड़ा आंदोलन किया था**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के हरिहरगंज स्थित आवास पर बुधवार को विधानसभा स्तरीय चुआड़ विद्रोह के महानायक वीर शहीद रघुनाथ महतो का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी रामजी पासवान ने किया। वहीं शुरूआत में वीर शहीद रघुनाथ महतो के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता ने कहा कि ब्रिटिश सरकार के खिलाफ झारखंड के आदिवासी मूलवासी ने वर्ष 1769 से 1805 के बीच बड़ा आंदोलन किया था। उस आंदोलन के रघुनाथ महतो नायक थे। वहीं विशिष्ट अतिथि दिलीप चौधरी ने कहा कि अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ जनमानस को संगठित कर शस्त्र विद्रोह किया था। उनकी शहादत को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, महिला अध्यक्ष इंदु देवी, प्रखंड सचिव इरशाद आलम, नगर उपाध्यक्ष इफ्तेखार आलम, प्रखंड उपाध्यक्ष सोनू जायसवाल, मुखिया जितेंद्र पासवान, सीताराम साव, आदित्य तिवारी, सनोज साव, रंजीत मेहता सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# चौहरमल कल्याण समिति की हुई बैठक, 9 अप्रैल को मनेगी जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति की हुसैनाबाद अनुमंडल इकाई के तत्वाधान में जपला के रूद्रा होटल में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मदन पासवान ने की, जबकि संचालन लल्लू पासवान ने किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मदन पासवान ने बताया कि वीर बाबा चौहरमल की जयंती समारोह नगर पंचायत क्षेत्र के गम्हरिया गांव में 9 अप्रैल को आयोजित होगा। जिसमे शाम 6 बजे से पूजा का कार्यकर्म, 8 बजे से अतिथि सम्मान समारोह एवं वीर बाबा चौहरमल की जीवनी पर प्रकाश एवं 10 बजे रात्री से दोगोला महा मुकाबला का आयोजन किया जाएगा । जिसमें महिला ब्यास निर्मला यादव गोरखपुर उत्तर प्रदेश तथा झारखंड से शिवशंकर यादव के बीच मुकाबला होगा।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम मुख्य रूप से पलामू सांसद बीडी राम, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, पूर्व विधायक प्रकाश राम , पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, गिरिडीह के विधायक केदार हाजरा, पूर्व विधायक रेणु देवी,पंकज पासवान ,पूर्व मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पलामू जिला पार्षद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, गढ़वा जिला पार्षद अध्यक्ष शांति देवी मौजूद रहेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष शशि कुमार, विनय पासवान, रामप्रवेश पासवान, लल्लू पासवान ,कृष्णा पासवान, उमेश पासवान, रामराज पासवान, राजेश पासवान समेत कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

### घोर पेयजल संकट के निदान के लिए विधायक ने लिखा पीएम को पत्र

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में पेयजल संकट का निदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि झारखण्ड प्रदेश के हुसैनाबाद - हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में पेयजल का घोर संकट उत्पन्न हो गया हैं। उन्होंने कहा है कि विगत वर्ष बरसात में औसत से भी काफी कम बारिश होने के कारण भूगर्भिय जल का स्तर पहले की तुलना में 70 से 80 फिट नीचे चला गया है । फलस्वरूप सरकारी एवं निजी नलकूप एवं पेयजल कूप सूख गए हैं। परिणाम स्वरूप आमजनों के बीच पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। विधानसभा क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा संचालित हर घर जल-नल की महत्वकांक्षी योजना प्रारंभ नहीं हो सका है` पलामू जिला भारत सरकार के आकांक्षी जिलों की सूची में सम्मिलित है। उन्होंने लिखा है की पालतू जानवर के साथ साथ जंगली जानवरों के बीच भी पेयजल का घोर संकट उत्पन्न हो गया है। परिणाम स्वरूप जंगली जानवर पेयजल के खोज में जंगलों से बाहर गांवों में आ जाते हैं। जिससे जान माल का नुकसान हो रहा है।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, लोहरदगा

शुद्धि पत्र

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 230 दिनांक 03.04.2023 द्वारा प्रकाशित प्रेस विज्ञापन पी0 आर0 संख्या 294466 लोहरदगा (23–24).D स्थानीय भर्ती कैम्प संबंधी सूचना एवं निजी क्षेत्र (लोहरदगा) के प्रतिष्ठानों को विलोपित कर भर्ती कैम्प संबंधी सूचना एवं निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान करने की कृपा की जाए। शेष अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

विश्वासभाजन
जिला नियोजन पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 294581 Lohardaga(23-24)#D

# कांग्रेस पार्टी ने की नुक्कड़ सभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय में जय भारत सत्याग्रह नुक्कड़ सभा का आयोजन नावा बाजार कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मीर खुर्शीद आलम के अध्यक्षता में की गयी। जिसका सफल संचालन मिस्टर अंसारी ने की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष जयेश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक और कार्यक्रम के प्रभारी मुकेश सिंह , विधानसभा प्रभारी पासवान , जिला सचिव सुरेंद्र सिंह छोटू सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। भारत सत्याग्रह नुक्कड़ सभा कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जयेश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि केंद्र की सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है एक इमानदार राज्यसभा सांसद को सच्चाई बोलने पर सदस्यता रद्द कर दी जा रही है तथा उन पर मानहानि का मुकदमा कर जलील करना यह एक निंदनीय विषय है भारत की संस्कृति व सभ्यता से भारतीय जनता पार्टी खिलवाड़ कर भारत की समरसता व मूलभूत सुविधाओं को गरीब जनता से सुनना चाहती है सभी सरकारी संस्थानों को निजी कारपेट के हवाले देकर बेरोजगारी बलात्कारी हत्या क्राइम को बढ़ावा मिल रही है आज भ्रष्टाचार महंगाई जल संकट चरम सीमा पर है लेकिन सरकार अच्छे दिन की न्यूज पेपर में विज्ञापन देकर भारत की संस्कृति व शुभा को बढ़ा रही है इस मुहिम को रोकने के लिए कांग्रेस पार्टी पूरे देश में भारत सत्याग्रह नुक्कड़ सभा चला रही है ताकि आने वाला दिन कांग्रेस के हाथ सबके साथ मिलकर एक अच्छी नई इतिहास गढा.जा सके। उक्त मौके पर मीर आरिज आलम अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मिस्टर अंसारी मंडल अध्यक्ष विपिन यादव ओबीसी अध्यक्ष अजय यादव सुनील पासवान ,मीर अमीरुउद्दीन ,नसीमुद्दीन अंसारी सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद थे।

### इतिहास-नागरिक, कुडुख, उड़िया व मुंडारी विषय की अंतिम मेधा सूची जारी

**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति में मंगलवार को इतिहास एवं नागरिक शास्त्र, कुडुख, उड़िया व मुंडारी विषय का परिणाम जारी कर दिया। आयोग ने खोरठा विषय का भी परिणाम जारी किया। हालांकि इसमें परीक्षाफल शून्य रहा है। इस विषय में कोई भी अभ्यर्थी स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर नियुक्ति के लिए योग्य नहीं मिला। वहीं, अन्य विषयों में भी बड़ी संख्या में पद पर रिक्त रह गए हैं। इनमें अधिसंख्य प्राथमिक शिक्षकों के लिए आरक्षित पद शामिल हैं।आयोग ने यह परिणाम सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या-4038/2022 एवं सिविल अपील संख्या-4044/2022 से संबद्ध अवमानना बाद में 15 दिसंबर 2022 को पारित आदेश के आलोक में जारी किया है। आयोग ने परिणाम जारी करने के साथ ही अभ्यर्थियों को जिला भी आवंटित कर दिया है।

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (जिला विकास शाखा)
Email ID - ddc-pal@nic.in

(Expression of Interest)

1विज्ञापन दाता का पदनाम :– उपायुक्त, पलामू
2-RFP जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : – 20.04.2023 को 2:00 बजे तक
3-RFP जमा करने का स्थान :–जिला विकास शाखा, पलामू
4-RFP खोलने के स्थान : – समाहरणालय, ब्लाक–ए0 के सभागार।
5-RFP खोलने का तिथि एवं समय : – 20.04.2023 को 3:00 बजे

Scope of Work:

पलामू जिले के 165 मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रो के बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा (Project TITLI) Digital Learning के माध्यम से देने हेतु प्रस्ताव ग्राम–सभा से प्राप्त है। प्राप्त प्रस्ताव पर दिनांक 16.03.2023 को आहुत प्रबंधकिय समिति की बैठक तथा दिनांक–01.04.2023 को आहुत न्यास परिशद की बैठक में अनुमोदन प्राप्त है।

वितिय वर्ष 2022–23 में पलामू जिला के 165 मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रो के बच्चो को Digital Learning के माध्यम से Foundational Literacy & Numeracy की प्रक्रिया को सुलभ एवं आसान बनाते हेतु Digital Learning सुविधा प्रदान करने के लिए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पलामू के पत्रांक –136 / जि0स0क0 दिनांक–31.01.2023 से अधियाचना प्राप्त है।

उक्त के आलोक में Digital Learning सुविधा उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक संस्थान / प्रतिश्ठान के चयन के निमित मुहरबंद EOI दिनांक 20.04.2023 को 2:00 बजे तक जिला विकास शाखा समाहरणालय परिसर, ब्लाक–सी, पलामू में आमंत्रित किया जाता है।

प्राप्त EOI दिनांक –20.04.2023 को 3:00 बजे जिला स्तरीय निविदा निस्तारण समिति के समक्ष पलामू समाहरणालय, ब्लाक–ए0 के सभागार में खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि Digital Learning Tool के नमूने के साथ भाग लेंगे।

उपायुक्त,
पलामू

PR294528 (Palamu)23-24*D

**आंदोलन** | **बालू की घोर किल्लत को लेकर जनाक्रोश ट्रैक्टर रैली आज**

# बालू घाटों की बंदोबस्ती जल्द हो: बिनू

**राज्य में भवन निर्माण, सड़क, पीएम आवास समेत सभी विकास के कार्य ठप्प**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** इंटक के प्रदेश प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि 6 अप्रैल के बाद बालू घाटों की नीलामी नहीं होती है, तो वह खुद बालू घाटों से सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर लेकर जाएंगे और जनता को बालू उपलब्ध कराएंगे। आन्दोलन के प्रथम चरण में गुरुवार को जनाक्रोश महा ट्रैक्टर रैली की तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि बालू को लेकर लगातार दो वर्षो से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में भवन निर्माण व विकास कार्य प्रभावित है। लगातार ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद सरकार मूक दर्शक बनी है। अब जनता, मजदूर, गाड़ी मालिक, दुकानदार सभी के सब्र का बांध टूट चुका है। सरकार के मुखिया बालू का अवैध कारोबार अपने अधिकारियों के मध्यम से कराकर सरकारी खजाने में सेंध लगा रहे हैं। यह जनता के साथ बड़ा धोखा है। जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड के बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं करने के पीछे बड़ा खेल चल रहा है। बालू घाटों की बंदोबस्ती होने से सरकार को राजस्व भी मिलता और आम लोगों को बालू आसानी से सस्ती दर पर उपलब्ध होता। सरकार के मुखिया बालू की कालाबाजारी करा कर अपनी जेब भरने में लगे हैं। वहीं राज्य में भवन निर्माण, सड़क, पीएम आवास समेत सभी विकास के कार्य ठप्प हैं। उन्होंने कहा कि याचना नहीं अब रन होगा, संघर्ष बड़ा भीषण होगा। उन्होंने अधिकारियों को भी चेतावनी दी है कि हिम्मत होगी तो ट्रैक्टर पकड़ कर दिखाएं। पुलिस की मिली भगत कर बालू का अवैध कारोबार हुसैनाबाद समेत पूरे राज्य में फल फूल रहा है, और यह पैसा ऊपर तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकांश क्षेत्रों में निजी निर्माण कार्य के साथ साथ सरकारी योजनाएं भी आधर में लटकी है। निजी आवास निर्माण कताओं ने पत्थर के डस्ट का उपयोग कर निर्माण कराने को भी मजबूर हैं। निजी घरों का निर्माण कर रहे लोग परेशान है। बालू के अभाव में उनका भवन निर्माण का काम बंद है। संवेदकों ने बताया कि उन्हे आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र भवन, सड़क निर्माण करना है। बालू के अभाव में वह कार्य नहीं करा पा रहे है। उन्होंने कहा कि बालू के अभाव में विकास कार्य ठप्प हो जाने से राज मिस्त्री, मजदूर और अन्य कारीगरों का पलायन दूसरे राज्यों में होने लगा है। सीमेंट, ईंट,छड़ का व्यवसाय करने वाले लोगों की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। सरकार रोजगार देने में विफल है।जिनके पास रोजगार की व्यवस्था थी,उनका रोजगार भी बालू के अभाव में ठप्प है। इंटक के बैनर तले वह बालू की समस्या को लेकर 6 अप्रैल को अनुमंडल मैदान से विशाल ट्रैक्टर रैली निकाल कर बड़ेपुर उच्च विद्यालय मैदान में सभा करेंगे। बड़ेपुर मैदान में ही आगे की रणनीति तय की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित अति अल्पकालीन ई– पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-39/2022-23(2nd call) PR No. 293546 Lohardaga(22-23)#D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से पुनः संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाषित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 20.03.2023 | 20.03.2023 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 03.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 13.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | 05.04.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक | 15.04.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे | 17.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 294538 Lohardaga (23-24)_D

**NEWS इन ब्रीफ**

### भाजपा ने हाथी उड़ाने का काम किया : रूचिर



**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव शह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि भाजपा के रघुवर सरकार के कार्यकाल में ही पूरे झारखंड में जल जंगल जमीन की लूट मची हुई थी। उसी के समय में जमीन का ऑनलाइन होने के बाद अभी भी झारखंड की पूरी जनता तंगो- तबाह है ऑनलाइन और ऑफलाइन के चक्कर में आम जनता का अंचल कार्यालय में दौड़ते दौड़ते चप्पल टूट जा रहा है। वही भाजपा के राज होने के बाद ही झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री के द्वारा पदाधिकारियों को निर्देश देकर पूर्व जमींदार परिवार के जाली कागजात के आधार पर कारपोरेट एवं पत्थर माफियाओं के के नाम से केवाला करवा दिया। वहीं रघुवर दास के समय विकास के नाम पर केवल लूट मचा था। इन्होंने केवल हाथी उड़ाने का काम किया। भाजपा के लोग झारखंड में सत्ता से बाहर होने के बाद सत्ता के लिए छटपटा रहे हैं लेकिन इनकी हालत पानी से निकले मछली की तरह छटपटाते रह जाएगी।

### नुक्कड़ सभा का किया आयोजन

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जिला में चल रहे जय भारत सत्याग्रह को लेकर आज दिनांक 5 अप्रैल 2023 को आठवां दिन पलामू जिला के नावा प्रखंड में नुक्कड़ सभा किया गया। नुक्कड़ सभा का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मीर खुर्शीद आलम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थे। डडलोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि देश में लोकतंत्र को समाप्त करने की हो रही है साजिश। उन्होंने भाजपा पर जमकर भड़ास निकाला । भाजपा की कोशिश देश में लोकतंत्र को समाप्त करने की है इसको ना काम करने के लिए कांग्रेस ने जब सवाल उठाये तो भाजपा ने उनका मुंह बंद करने की कोशिश की है लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत होती है कि सवाल पूछना इस में विपक्ष की अहम भूमिका होती है लेकिन अब सवाल पूछने पर अगर हमारे नेता की सदस्यता रद्द कर दी जाय तो इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी शांति पूर्ण तरीके से जन आंदोलन कर रही है। पलामू जिला में लगातार लोकतंत्र बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर प्रखंड प्रभारी मुकेश सिंह विधानसभा प्रभारी पप्पू पासवान संतोष ,गुप्ता शैलेश मेहता, छोटू सिंह, मिस्टर अंसारी, अजय यादव आरिज अंसारी विपिन यादव कुनिल पासवान मनोज सिंह सुकेश सिंह मीर अमरुदिन मीर आशिक मीर जमीर जव्हार लाल पासवान अवधेश सिंह सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## स्वच्छता को लेकर कैंडल मार्च का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के द्वारा मंगलवार की शाम स्वच्छ उत्सव 2023 के आयोजन को लेकर कैंडल मार्च और रैली निकाली गई। जिसमें नगर निगम के कर्मी और सफाई कर्मियों ने शहर के अंबेडकर पार्क से लेकर साहित्य समाज चौक तक कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च निकालने का मुख्य उद्देश्य यह था कि लोग अपने शहर को साफ सुथरा और स्वच्छ बनाया रखे। मौके पर उपस्थित शहर के सिटी मैनेजर अस्मिता भगत ने कहा कि शहर की साफ सफाई में महिला सफाई कर्मियों की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ उत्सव 2023 के तहत नगर निगम के द्वारा महिला सफाई कर्मियों को सम्मानित किया जायेगा। इस रैली में नगर निगम के कर्मी अनूप कुमार, नगर मिशन प्रबंधक सतीश कुमार, सामुदायिक संगठन कार्यकर्ता रिंपी कुमारी, राजन कुमार सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पलामू प्रमंडल के दौरे पर है आज पलामू के सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता कर झारखंड में हेमंत की सरकार पर साधा निशाना। उन्होंने कहा भाजपा की सरकर बन रही हैं, भाजपा जो कहती है वह करती है। डबल इंजन की सरकार में हमने झारखंड के लोगों की जनकल्याण का काम किया है लेकिन झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने 3 साल में एक भी वादे पूरे नहीं किये। जमीनी हकीकत देखने के लिए हम आये हुए थे। कानून व्यवस्था



पूरी तरह से ठप है ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग खोला हुआ है जन चौपाल में हमें जनता ने बताया की पेंशन के लिए भी आवेदन लेकर जाओ तो उसमें भी घुस मांगा जा रहा है यही जमीनी हकीकत जाने के लिए मैं आया था। जन चौपाल में सरकारी पैसों का दुरुपयोग करते हुए मुख्यमंत्री स्कूल के बच्चे को सरकारी अधिकारी को ढो ढो कर लाकर जुहारी झारखंडी यात्रा निकाल रहा है। छात्रों को 60/40 नियोजन नीति बनाकर गुमराह करने का काम कर रहा है। झारखंड की खनिज संपत्ती को लूटने का काम कर रही है। इसीलिए इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भारतीय जनता पार्टी 3 साल इंतजार की ताकि मौका दे। जितनी जल्दी हो हेमंत सरकार झारखंड से जाए उतनी जल्दी झारखंड बचेगा।

# पलामू में आज मनेगी हनुमान जी की जयंती



### कोरोना प्रभाव के कारण तीन सालों तक हनुमान जन्मोउत्सव नहीं मनाया जा सका।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में बड़े उत्साह के साथ गुरूवार को हनुमान जन्मोत्सव मनाई जायेगी। इसे लेकर विहिप,बजरंग दल सहित कई हिंदु संगठनों में तैयारी पूरी कर ली है। शहर में संगठनों के द्वारा शोभायात्रा भी निकाली जायेगी। स्थानीय बाजार स्थित हनुमान मंदिर में पूजा को लेकर मन्दिर को सजाया गया है। वही शिवाला रोड स्थित हनुमान मंदिर में भंडारा का भी आयोजन किया गया है। कोरोना के प्रभाव के कारण तीन सालों तक हनुमान जन्मोउत्सव नहीं मनाया जा सका है। लेकिन इस बार पूरे विधि विधान और उत्साह के साथ जन्मोउत्सव मनाया जायेगा। भगवान हनुमान के जन्मदिन के रूप में हनुमान उत्सव मनाई जाती है। इस दिन भक्त बजरंगबली के नाम का व्रत रखते हैं। ये जयंती हर साल चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है।पंचांग के अनुसार, हनुमान जयंती आज मनाई जाएगी।। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, श्रीराम भक्त हनुमान का जन्म चैत्र पूर्णिमा को मंगलवार के दिन चित्रा नक्षत्र और मेष लग्न के योग में हुआ था।

### हनुमान जयंती का शुभ मुहूर्त




पुरोहित ओम पाठक ने बताया कि इस साल चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि इस साल चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि 05 अप्रैल को सुबह 09 बजकर 19 मिनट पर शुरू होगी और इसका समापन 06 अप्रैल को सुबह 10 बजकर 04 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार, इस बार हनुमान जयंती 06 अप्रैल को ही मनाई जाएगी। इस साल हनुमान जयंती रवि और हर्षण योग में मनाई जाएगी। इस दिन हस्त और चित्रा नक्षत्र रहेगा। रवि योग शुभ योगों में गिना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस योग में किए गए कार्यों का शुभ फल मिलता है।

## पूर्व मुख्यमंत्री को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भाजपा नेत्री पिंकी विश्वकर्मा ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को भगवान विश्वकर्मा जी की फोटो देकर सम्मानित किया तथा झारखंड की जलसहिया को 48 महीने से मानदेय नहीं मिला है। उन्होंने मांग पत्र सौंपा और रघुवर दास से यह कहा कि आपने झारखंड की जलसहियाओं का 1000 मानदेय लागू भी किया था और दिया भी लेकिन वर्तमान सरकार हम लोगों से मुंह का निवाला छीनने का काम किया है। आप झारखंड के जलसहिया ओं के लिए मसीहा बनकर आए थे। हम लोगों से बहुत बड़ी भूल हुई जिसका यह नतीजा हम जलसहिया को भुगतना पड़ रहा है। जलसहिया संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती पिंकी विश्वकर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार हेमंत सोरेन को यह महंगा पड़ेगा। हम लोगों का मानदेय प्रोत्साहन राशि में कन्वर्ट कर दिये हैं। यह सरकार झारखंड की 29000 जलसहिया का मुंह से रोजी-रोटी छीनने का काम किये हैं। वर्तमान सरकार झारखंड की समस्त जलसहिया हेमंत सरकार की निंदा करती हूं।

## पर्यावरणविद ने पूर्व मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पलामू प्रमंडल के दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पर्यावरणविद श्री कौशल ने पर्यावरण धर्म के तहत नाइजीरिया के गेस्ट रूम में रखने वाले डीलपलिप के पौधा देकर मुलाकात को यादगार बनाया। श्री कौशल ने पर्यावरण के क्षेत्र में अपने द्वारा पिछले 56 वर्षो से चलाये जा रहे अभियान की विस्तृत जानकारी रघुवर दास को दिया। श्री जायसवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री को बताया कि कोरोना काल के बाद देश के कई राज्यों में पर्यावरण धर्म और वन राखी मूवमेंट पर कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। उन्होंने अभी दक्षिण भारत में किये गये कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए नेपाल भूटान समेत हिमाचल उत्तराखंड में कार्यक्रम के आयोजन के सम्बंध में जानकारी दिया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री से राज्य में सुखाड़ की स्थिति पर भी चर्चा की। साथ ही यह भी कहा कि जन और जानवरों के लिए जल की मुक्कमल व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आदमी तो नल और चापाकल से अपनी प्यास बुझा लेंगे। लेकिन वन्य प्राणियों की जान पानी के बगैर नहीं बच पाएगी। उन्होंने वन्य प्राणियों को जल



संकट की विभीषिका से बचाने की अपील की। मौके पर उपस्थित छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने भी पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जी को बुके देकर मुलाकात की। इस अवसर पर भाजपा के पलामू प्रभारी विनय कुमार जायसवाल, विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह ,भाजपा प्रशिक्षण प्रदेश अध्यक्ष कुमार मनोज सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद आनंद पाठक ,महापौर अरुणा शंकर, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद शंकर, वैश्य प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, नागेंद्र पांडेय, श्याम बाबू , नवल तुलस्यान, रिंकू दुबे, अरविंद गुप्ता, डिंपल,प्रेम कुमार, भाजपा महिला अध्यक्ष सीठु गुप्ता रामा पांडे महावीर साव, पंकज सिंह, भारत बाबू लोग शामिल थे।

## जेएसएससी ने शुरू की नियुक्ति प्रक्रिया का आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नया नियोजन नीति ले आधार पर राज्य में नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू किया गया है। कई नियुक्तियों का विज्ञापन निकाला जा चुका है। जिसका आवेदन भरने की प्रक्रिया बुधवार से शुरू किया गया। एसी माह उत्पाद सिपाही, सचिवालय सहायक जैसे पदों के लिए भी आवेदन निकाला जाएगा। जिसमे कई पुराने आवेदन भी शामिल है। जिसे अभ्यर्थियों के द्वारा पूर्व में भरा जा चुका है। पलामू के बेरोजगार युवाओं के लिए एक मौका है जिसमे वो प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेकर नियुक्ति ले सकते है। प्लस टू स्कूलों में शिक्षक नियुक्ति- झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने राज्य के प्लस 2 स्कूलों में विभिन्न विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति का विज्ञापन निकाला है। जिसमें सीधी नियुक्ति से 2137 पद हैं। वहीं बैकलॉग से कुल रिक्त पदों की संख्या 265 है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 5 अप्रैल से शुरू हो गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 मई निर्धारित की गई है। 6 मई तक परीक्षा शुल्क भुगतान फोटो एंड सिगनेचर अपलोड के साथ आवेदन का प्रिंटआउट लिया जा सकता है। आवेदन में किसी तरह की त्रुटि रह जाती है तो 10 मई से 12 मई तक इसमें सुधार किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन में उम्मीदवार अपना नाम जन्मतिथि, डेट ऑफ बर्थ और मोबाइल नंबर छोड़ बाकि सब में बदलाव कर सकेंगे।

### लैब असिस्टेंट के लिए करें आवेदन

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से फिजिक्स केमिस्ट्री और बायोलॉजी के लैब असिस्टेंट पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किए गए हैं। इस विज्ञापन के जरिए 690 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए भी कल से ऑनलाइन आवेदन भरा जाएगा। 6 मई की आधी रात तक परीक्षा फीस, फोटो एवं सिग्नेचर अपलोड किया जा सकेगा। जिसके बाद 8 मई तक एप्लीकेशन का प्रिंटआउट लिया जा सकेगा। आवेदन में किसी तरह की गलतियां रह जाती है तो आवेदक 10 मई से 12 मई तक ऑनलाइन इसमें सुधार कर सकता है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने कहा है कि उम्मीदवार अपना नाम डेट ऑफ बर्थ, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर छोड़कर अन्य तरह की गलतियां सुधार सकता है।प्लस टू स्कूलों में प्राचार्य के 39 पदों पर नियुक्तिः- झारखंड लोक सेवा आयोग ने राज्य के 59 राजकीय राजकीयकृत बालक एवं बालिका प्लस टू स्कूलों में प्राचार्य के 39 पदों पर सीधी नियुक्ति का विज्ञापन जारी किया है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 5 अप्रैल से 8 मई तक चलेगी। परीक्षा शुल्क का भुगतान 11 मई की रात 12 बजे तक किया जा सकता है। भरे हुए आवेदन की हार्ड कॉपी 26 मई तक आयोग के कार्यालय में जमा करना होगा। यह नियुक्ति स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से भेजी गई अनुशंसा पर की जा रही है।पहले से किए आवेदन पर नहीं लगेगा फीसः-विभिन्न नोटिफिकेशन में बताया गया है कि जिन पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं, वो पहले के हैं। जिन उम्मीदवारों ने पहले आवेदन कर दिया था, उन्हें किसी तरह की फीस नहीं देनी होगी। ऐसे उम्मीदवारों को अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और डेट ऑफ बर्थ आवेदन के दौरान देना होगा। उम्मीदवारों को फीस में छूट दी जा रही है, पर उन्हें आवेदन करना होगा।

### लैम्पस पैक्स का कार्यशाला सम्पन्न

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मे लैम्पस पैक्स को सीएससी सर्विसेज की ट्रेनिंग व महत्वपूर्ण जानकारी से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला को आपरेटिव कार्यालय पलामू के सभा कक्ष में किया गया। जिसमें झारखण्ड राज्य सहकारिता बैंक के निदेशक प्रभात अग्रवाल, सहायक निबंधक सहयोग समितियां पलामू कुमारदीप एक्का ,डीडीएम नाबार्ड, शालीन लकड़ा की उपस्थिति में एवं डीसीओ अश्विनी ओझा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला को राज्य और जिला के विभिन्न लोगो ने सम्बोधित किया। जिसमे ई गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के स्टेट टीम के वशीम ईमाम, ग्रामीण ई स्टोर के प्रवीण कुमार डिस्ट्रिक्ट टीम से डिस्ट्रिक्ट मैनेजर नागेंद्र कुमार एवं अरविंद कुमार एजुकेशन कंसल्टेंट बिरेन्द्र कुमार सहित पलामू जिला के सभी पंचायत के लैम्पस पैक्स के सदस्य शामिल रहे। कार्यशाला में लैम्पस पैक्स को सीएससी सेंटर के रूप में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया, सर्विसेज की ट्रेनिंग और महत्वपूर्ण जानकारी का प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीण ई स्टोर से किसी प्रोडक्ट को सर्च करने एव आर्डर करने एवं डिलिवरी की पूरी जानकारी स्टेट रिसोर्स पर्सन प्रवीण कुमार के द्वारा बताया गया। आधार आधारित भुगतान प्रणाली के तहत भुगतान करने की जानकारी सोने लाल शाह के द्वारा दिया गया।

## पलामू के सांसद ने विद्युतीकरण मामले को लोकसभा में उठाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद वीडी राम ने लोकसभा के नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः पलामू एवं गढ़वा जिला के साथ-साथ चतरा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बडी संख्या में छुटे हुए गाँवों/टोलों को विद्युतिकृत करने संबंधी अतिमहत्वपूर्ण मामले को उठाया। उन्होने कहा कि भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के द्वारा सौभग्य योजना के अंतर्गत न केवल सभी गांवों बल्कि सभी घरों को विद्युतिकृत करने का कार्य किया गया है। परन्तु दुर्भाग्यवश कतिपय कारणों से राज्य के कई जिलों में ऐसा नही हो सका है। खासकर मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू एवं मेरे बगल के संसदीय क्षेत्र चतरा में। विदित है कि इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों को अभी तक सफलता नही मिली है एवं मेरे संसदीय क्षेत्र के पलामू एवं गढ़वा जिला के बडी संख्या में गाँवों/टोलों को विद्युतिकृत करना शेष रह गया है। उसकी सूची सदन के पटल में अवश्य रखना चाहता हूँ ताकि इन गाँवों एवं टोलों को विद्युतकृत किया जा सके। उन्होंने कहा कि आपके माध्यम से मंत्री नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से माँग किया गया कि इस पर विशेष ध्यान देने का कष्ट करेंगे।

## 9 को मैराथन का आयोजन

**मेदनीनगर।** शहर के ओरिएंट पब्लिक स्कूल की ओर से पलामू में मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। 9 अप्रैल की सुबह 6 बजे से 2.5 किलोमीटर मैराथन रेस कराई जायेगी। इस रेस में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ओरिएंट पब्लिक स्कूल की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरे जा सकते हैं। यह फॉर्म निशुल्क भरा जा रहा है। अब तक 50 से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इस प्रतिष्ठित आयोजन में पुरुषों एवं महिलाओं दोनों वर्गो के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। दोनों की अलग-अलग रेस कराई जायेगी। रेस डाल्टनगंज के पांकी रोड स्थित द कराटे एकेडमी से शुरू होगी। पोखराहा पेट्रोल पंप स्थित ओरियंट पब्लिक स्कूल के पास खत्म होगी। इस मैराथन रेस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में प्रथम पुरस्कार स्वर्ण पदक, स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र, वहीं द्वितीय पुरस्कार रजत पदक, स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र और तृतीय पुरस्कार कांस्य पदक, स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र दिया जायेगा। साथ ही मैराथन दौड़ में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं कांस्य पदक देकर सम्मानित किया जायेगा। स्कूल के प्राचार्य धीरज मेहता ने बताया कि आज के दौर में लोग अपने स्वास्थ्य पर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों, यही कार्यक्रम का उद्देश्य है। इसमें सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। जिसका प्रतिभागी कभी भी अगले मैराथन रेस में उपयोग कर सकते है। पहली बार ऐसा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

**अराजकता**

### सुबह 5:00 बजे से लाइन में लग रहे मरीज

# अल्ट्रासाउंड के लिए मरीज हो रहे परेशान

### गर्भवति महिलाओं को लाइन में लगने से हो रही है परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल के हेल्थ मैप सेंटर में अल्ट्रासाउंड बंद होने की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही अल्ट्रासाउंड बंद होने की वजह मरीजों को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए दिन भर इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। सदर अस्पताल के डायग्नोस्टिक सेंटर में इन दिनों अल्ट्रासाउंड के लिए प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। शहर में जैसे डॉक्टर विश्वनाथ ओझा के यहां 4:00 बजे सुबह से लोग इलाज के लिए लाइन लगाते हैं। ठीक वैसे ही अब सदर अस्पताल के डायग्नोस्टिक सेंटर में अल्ट्रासाउंड कराने के लिए मरीज सुबह 5:00 बजे से लाइन लगा रहे हैं। खासकर गर्भवति महिलाओं को मजबूरन निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों की ओर रुख करना



पड़ रहा है। निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर मरीजों को जेब ढीली करनी पड़ रही है। अस्पताल में प्रतिदिन 100 से 150 लोग अल्ट्रासाउंड कराने के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। वहीं एक दिन में महज 20 से 30 लोगों का ही अल्ट्रासाउंड होता है। जिनका अल्ट्रासाउंड नहीं होता उनको एक से डेढ़ माह की तारीख दी जाती है। इस समय अल्ट्रासाउंड के लिए डेढ़ से दो माह तक की वेटिंग चल रही है। जिससे मरीजों की परेशानी और भी ज्यादा बढ़ गई है। मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए दो से तीन माह की लंबी तारीख दी जा रही है। वहीं पहले से दी गई तारीख पर अल्ट्रासाउंड कराने आ रहे मरीजों को सुबह 5:00 बजे से ही लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। इससे मरीजों में अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ रोष भी पनप रहा है। मरीजों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन को पहले से पुख्ता इंतजाम करके रखने चाहिए। लोग बीमारी में ही अस्पताल का रुख करते हैं। अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। वही सुबह से लाइन में खड़े मरीजों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधक को एक और अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाने की जरूरत है ताकि मरीजों को परेशानी ना हो।

### रघुनाथ महतो का शहादत दिवस मना

**मेदिनीनगर।** चुआड विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो की शहादत दिवस पूरे राज्य में आजसू पार्टी के आह्वान पर मनाया गया। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार के आवासीय कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबसे पहले क्रांतिकारी रघुनाथ महतो के तस्वीर पर माल्यार्पण कर व दीपक जलाकर श्रध्दांजलि अर्पित की गई। पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने चुआड विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो के संघर्ष कि वीर गाथा पर चर्चा की। मानभूम से धालभूम व जंगल महल मे जोरदार संघर्ष का नेतृत्व करते हुए उन्होंने कहा कि अपना गांव अपना राज, दूर भगाओ विदेशी राज' के नारो के साथ 1769 मे प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक क्रांति रघुनाथ महतो ने अंग्रेजी हुकुमत के काले कानून के खिलाफ चुआड़ विद्रोह का शंखनाद कर लडते हुए अपने प्राणों की आहुति दी।

### शिक्षा बचाओ, देश बचाओ कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** कला जत्था का जोरदार स्वागत पलामू की धरती लोहरसी पगार में किया गया। विदित हो कि ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड पूरे राज्य में 'शिक्षा बचाओ देश बचाओ' नारे के साथ आम आवाम को जागरूक करने हेतु कला जत्था निकाला है आज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा इतना महंगा हो गया कि मध्यमवर्ग निम्न वर्ग के लोगों का कमर तोड़ दिया। यह तबका अपने आय के अधिकांश हिस्सा शिक्षा पर खर्च करता है और जो कुछ बचाता है। वह बीमारी के गाल में समा जाता है और उस पर सरकार नई शिक्षा नीति लागू कर सरकारी शिक्षा व्यवस्था को निजी हाथ में हवाले कर दिया है। यह कथन है ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद की। तत्पश्चात जत्था तरहसी प्रखंड की ओर प्रस्थान किया और वहां प्रखंड के प्रमुख प्रिया कुमारी प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव सिंह सचिव विक्रम सिंह पाटन प्रखंड के कार्यक्रम प्रबंधक शशि भूषण गिरी पाटन अध्यक्ष मनोज यादव हेमंत पांडे सरिता देवी की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसी प्रकार लेस्लीगंज में मुखिया रेखा देवी सांग बार मुखिया गीता देवी चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष छोटे लाल यादव जिला सचिव अजय साहु, अनिल गिरी , विजय प्रजापति एवं सुधीर कुमार सिंह ने जत्था का स्वागत किया। टीम मैनेजर रवि सिंह ने कहा जिस गर्मजोशी से स्वागत किया और कार्यक्रम में हजारों हजार लोग सिरकत किये हम ताउम्र याद रखेंगे।

NEWS इन ब्रीफ

## बाइक दुर्घटना में महिला घायल

**गढ़वा।** जिलांतर्गत मेराल थाना क्षेत्र के पेशका गांव में हुई बाइक दुर्घटना में एक महिला घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल महिला का पहचान चिनिया थाना क्षेत्र के डोल गांव निवासी असगर अंसारी की पत्नी सलमा बीबी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह चामा से बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रही थी। उसी दौरान पेशका में निलगाय को बचाने में बाईक से अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें सलमा को चोट लग गई। स्थानिय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज चल रहा है।

## छात्रा ने आत्महत्या की कोशिश की

**गढ़वा।** जिलांतर्गत डंडई थाना क्षेत्र के जरही गांव निवासी श्यामलाल राम की पुत्री नेहा कुमारी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास की। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि नेहा मैट्रिक की परीक्षा दी थी। बीमार होने के कारण परीक्षा में ठीक से नहीं लिख पाई। अब परीक्षा में फेल होने की डर से वह कीटनाशक खाकर ली। स्थिति बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज चल रहा है।

## बाइक दुर्घटना में युवक घायल

**गढ़वा।** जिलांतर्गत भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी गांव में बाइक दुर्घटना में खरौधी गांव निवासी श्यामलाल राम घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में श्यामलाल ने बताया कि वह गढ़वा से इलाज कराकर बाइक से घर जा रहा था। उसी दौरान मकरी में सामने से आ रही बोलेरों के लाइट से वह अनियंत्रित होकर बाइक से गिर गया। जिसमें वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए भवनाथपुर में भर्ती कराया गया। जहां उसे बेहतर इलाल के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां श्यामलाल का इलाज चल रहा है।

## बाइक दुर्घटना में दो घायल

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के मकरी बड़का आहार के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। घायलावस्था में दोनों घायलों को परिजन एवं मुखिया पति धनजंय साह एवं ग्रामीण बाला यादव के सहयोग से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायल हेमेंद्र कुमार के भाई धर्मेन्द्र साह ने बताया कि हेमेंद्र कुमार मकरी बड़का आहार के पास अपने घर के बाहर खड़ा था उसी दौरान भवनाथपुर की ओर से आरहे श्यामलाल राम पिता भीखू राम खरौंधी निवासी नशे में धुत मोटरसाइकिल से आकर धक्का मारते हुए गिर गया। जिसके बाद भवनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ डियूटी पर तैनात आयुष डॉक्टर अभिनीत विश्वास ने इलाज किया एवं हेमेंद्र कुमार का गंभीर स्थिती देखते हुए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया।

# जेएसएलपीएस के डीपीएम की हार्ट अटैक से मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के जेएसएलपीएस के कार्यक्रम प्रबंधक सुरेश कुमार सिंह की मौत मंगलवार की देर रात हार्टअटैक से हो गई। सुरेश बेरमो के रहने वाले हैं वर्तमान उनके परिजन रांची में रहते हैं। सुरेश गढ़वा के अशोक विहार में प्रोफेसर एसएन मिश्रा के मकान में किराए पर बैचलर रहते थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार की देर रात अचानक डीपीएम सुरेश की तबीयत बिगड़ गई। जिसकी सूचना उन्होंने अपने मकान मालिक को दिया। जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर



पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि सुरेश कुमार सिंह 2021 में गढ़वा जिले के जेएसएलपीएस के कार्यक्रम प्रबंधक के रूप में योगदान किए थे और भी अकेले ही अशोक विहार स्थित किराए के मकान में रहते थे। घटना की सूचना मिलने पर डीसी शेखर जमुआर, एसडीओ राज महेश्वरम, सीओ मयंक भूषण, गोपनीय के प्रभारी पदाधिकारी विकास सिंह, सदर अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी लिया।

### अस्पताल में घंटों रहे डीसी अस्पताल से सीएस और डीएस गायब

जेएसएलपीएस के कार्यक्रम प्रबंधक सुरेश कुमार सिंह की मौत की सूचना मिलने के बाद डीसी शेखर जमुआर सदर अस्पताल पहुंचे। डीसी घंटों सदर अस्पताल में खड़े रहकर घटना की जानकारी लेते रहे लेकिन सिविल सर्जन और अस्पताल के उपाधीक्षक नहीं थे।

# बैंक के नीचे से महिला से पैसे लेकर फरार हो गये अपराधी




**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव (गढ़वा)।** नगर पंचायत के मुख्य मार्ग स्थित बस स्टैंड के समीप स्टेट बैंक के नीचे एक महिला अपने खाते से पैसा निकल कर एक दुकान पर खड़ी थी। जिसे पोकेटमैरों ने निशाना बनाते हुए इसके पास से 20000 रुपए ले कर फरार हो गए। उक्त घटना की जानकारी देते हुए महिला में बताया कि बुधवार को लगभग 11 बजे वो बैंक से पैसा निकालने गई थी। पैसा निकाल कर वो नीचे आई और एक दुकान पर खड़ी थी। अचानक उसका थैला फटा हुआ दिखा और उसमे से पैसे गायब थे। महिला ने बताया कि उनके पति की तबियत खराब है। उनके इलाज के लिए ही वह पैसा निकालने आई थी। इधर घटना की जानकारी मिलते ही एस आई विकास कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे आस पास के सीसीटीवी कैमरा के फुटेज से पता चला कि 3 लोगों के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया। जिन्हे सीसीटीवी में देखा जा सकता है। उनकी पहचान खबर लिखने तक नहीं हो पाई है। प्रशासन उन्हे पहचान कर आगे की कर्रवाई करेगी।

## जिले भर के 108 एंबुलेंस के कर्मियों ने किया हड़ताल

# आज से एंबुलेंस सेवा बाधित

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले में जिकत्जा हेल्थ केयर लिमिटेड की ओर से संचालित 108 एंबुलेंस का परिचालन बुधवार से बंद हो गया है। जिले भर के 108 एंबुलेंस के चालक और ईएमटी के कर्मियों ने अपनी विभिन्न मागों को लेकर हड़ताल कर दिया है। हड़ताल के बाद सभी चालक और ईएमटी कर्मियों ने सदर अस्पताल में 108 एंबुलेंस खड़ा कर हड़ताल पर बैठ गए है। ऐसे में जिले भर के मरीजों को अस्पताल आना मुश्किल हो गया है। हड़ताल पर गए कर्मियों का कहना है जिले में जिकत्जा हेल्थ केयर लिमिटेड से 108 एंबुलेंस का परिचालन हो रहा है। उसमें एंबुलेंस चालक और इमरजेंसी मेडिकल टैक्निकल को रखा गया है। लेकिन पिछले छह महिने से उन्हें मानदेय नहीं दिया गया





है। कर्मियों ने कहा कि जिले में चल रहे 108 एंबुलेंस आधे से अधिक जर्जर है। उसके कारण मरीज को अस्पताल लाने के दौरान कई एंबुलेंस रास्ते में खराब हो जाता है। उसके बाद भी पदाधिकारियों की ओर से उन्हें जबरन मरीज को अस्पताल लाने को कहा जाता है। कर्मियों ने कहा कि 14 नवंबर 2022 को ही कंपनी की ओर से कर्मियों को टर्मिनेट कर दिया गया है। उसके बाद भी कर्मियों से काम लिया जा रहा है। कर्मियों ने कहा कि सभी कर्मियों का मासिक पीएफ कट रहा है लेकिन मानदेय नहीं दिया जा रहा है। कर्मियों ने कहा कि जब तक उनकी मांग पुरा नहीं किया जाता तब तक उनका हड़ताल जारी रहेगा। हड़ताल पर बैठने वालों में प्रवीण कुमार राम, विनय राम, अमित कुमार राम, राजू कुमार, आशिष कुमार सिंह, वकिल ठाकुर, प्रवेश प्रजापति, फिरदोश अंसारी, नीरज तिवारी, पुष्प रंजन, मनोज कुमार, सूरज कुमार, संजय कुमार राम, नंद लाल राम, शितल गुप्ता, अजय ठाकुर, मंदीप राम, रामनाथ ठाकुर, विजय कुमार राम, ललन चौधरी सहित अन्य कर्मी शामिल हैं।

## लंगड़ी में मध्याह्न भोजन नहीं दिया जा रहा

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** प्रखण्ड के बुका गांव उत्क्रमित मध्य विद्यालय लंगड़ी में मेनू के अनुसार बच्चों को मध्याह्न भोजन नहीं दिया जा रहा है। जिससे बच्चों के उपस्थिती पर भी असर पड़ा है। प्रबंधन समिति



के अध्यक्ष रम्भा देवी एवं प्रधानाध्यापक बनवारी राम आपस मे भीड़ गये और आपस में तू-तू, मैं-मैं करने लगे। प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने कहा कि विद्यालय में कभी भी मध्यान भोजन मेनू के अनुसार नहीं बनता है। प्रधानाध्यापक बनवारी राम मनमानी तरीके से मध्यान भोजन बनवाते हैं । रसोइया मीना कुँवर ने बताया कि आज दाल-चावल, हरि सब्जी मेनू के अनुसार बनाना था लेकिन हरि सब्जी नहीं होने की वजह से सिर्फ आलू की सब्जी बनायी गयी। जिस पर पूछे जाने पर रसोइया ने बताया कि सरसो तेल खत्म हो गया है। जब प्रधानाध्यापक से सरसो तेल लाने के लिए बोले तो प्रधानाध्यापक के द्वारा बोला गया कि बिना तेल के ही बना दो। इस संबंध में जब प्रधानाध्यापक बनवारी राम से पूछा गया तो कुछ नहीं बोले।

## भाजपा का स्थापना दिवस आज



**खरौंधी (गढ़वा)।** बुधवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष संध्याकार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में मंडल कार्यालय में बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को संध्याकर विश्वकर्मा ने बताया 6 अप्रैल को 11 बजे भाजपा मंडल कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा। मौके पर मंडल कार्यसमिति, जिला कार्यसमिति, सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष एवं कार्यसमिति पदाधिकारी गण, सभी पंचायत के संयोजक, सहसंयोजक, प्रभारी, सह प्रभारी, सभी बूथ अध्यक्ष सहित भाजपा के सम्मानित कार्यकर्ता, महिला कार्यकर्ता समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावे। इस दौरान मंडल कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी का झंडोत्तोलन भी किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से खरौंधी मंडल के प्रभारी विनय कुमार चौबे उपस्थित रहेंगे। इसके अलावे सांसद प्रतिनिधि, तीनों विधायक प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, श्रीवंशीधर नगर सांसद प्रतिनिधि मुकेश कुमार पांडेय, भाजपा नेता रामकृपाल द्विवेदी, महामंत्री सुनील कुमार द्विवेदी, इग्नासियुस बाड़ा, सत्येंद्र प्रसाद यादव, विक्की यादव, विवेकानंद यादव आदि उपस्थित थे।

## रोजा का मतलब सिर्फ भूखे रहना ही नहीं

# भूख प्यास के साथ पूरे जिस्म का भी रोजा रखना है : फिरदौस

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** रमजान का महीना मुस्लिमों में खास अहमियत रखता है। इस पूरे माह में लोग रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं। उक्त बातें नगर उंटारी मुखिया संघ के अध्यक्ष व कधवन पंचायत मुखिया फिरदौस आलम ने कही। उन्होंने कहा कि रोजा रखना हर मुसलमान के लिए बहुत जरूरी बताया गया है। रोजा का मतलब सिर्फ भूखे रहना ही नहीं बल्कि भूख प्यास के साथ पूरे जिस्म का भी रोजा रखना है, मतलब हर बुराई एवं गुनाह से दूर रखा गया रोजा ही अल्लाह कबूल करते है। उन्होंने कहा कि रोजा इंसान को खुदा से करीब करता है पवित्र माह ए रमजान का रहमतों एवं बरकतों का महीना है उन्होंने कहा कि पवित्र माह ए रमजान में अल्लाह की रहमत अपने नेक बंदे के ऊपर बरसती है। जिसमें



अल्लाह हर मुसलमानों के गुनाहों को माफ करता है। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना बेहद पाक होता है इस महीने में बड़ों से लेकर बच्चों तक सभी रोजा रखते हैं। उन्होंने कहा की आपसी प्रेम दूसरे महीनों से कहीं ज्यादा सभी मजहब के लोगों में दिखाई पड़ता है बरकत के महीने में रोजे रखकर अपने गुनाहों पर माफी पा सकते हैं। ये महीना हमारे ईमान को तरोताजा रखता है।

# व्यावसायिक संघ व टेंपो चालक के साथ थाना प्रभारी ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** व्यवसायिक संघ और टेंपो चालक के साथ थाना प्रभारी ने बैठक कर यत्र तत्र लगने वाले टेंपो और बाजार क्षेत्र में रात्रि प्रहरी को लेकर चर्चा की। इस दौरान टेंपो चालक टेंपो सुरक्षा और स्थाई स्टैंड की मांग रखी। वहीं भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने भवनाथपुर बाजार क्षेत्र में चोरी की घटना, पॉकेट मारी और रात में सुरक्षा की बात रखी। संघ के सचिव नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि टेंपो चालक हो या सभी तरह के व्यवसयी सभी हमारे संघ के अंग हैं और उनकी सुरक्षा और सुविधा कि हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस पर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि सभी की सुविधा को देखते हुए भवनाथपुर से सभी टेंपो नंबर सिस्टम से निकलेगी। साथ ही जो राजस्व



प्राप्ति होगी। वह पैसा भवनाथपुर क्षेत्र में प्राइवेट रुप से रात्रि प्रहरी रखा गया है। उन्हें इस पैसे को भुगतान किया जाएगा। जिसका देख-रेख निगरानी भवनाथपुर व्यवसायी संघ करेगी। उन्होंने बताया कि भवनाथपुर की सुरक्षा को देखते हुए रात्रि प्रहरी के रूप में 6 स्थानीय युवक को रखा गया है। जो चौकीदार और गश्ती दल के साथ मिलकर भवनाथपुर की देखरेख करेंगे। इस मौके पर भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष नीतीश कुमार, सचिव नवल किशोर प्रसाद, ओम प्रकाश आर्य, मुन्ना साह, सनी बैठा, राजनाथ साह, अशोक दुबे, अजय गुप्ता, मोहम्मद मकसूद, अख्तर अंसारी, संतोष कुमार, सोनू मेहता, सत्येंद्र पासवान, ईद मोहम्मद अंसारी, सुजीत यादव, दीपक दुबे सहित अन्य व्यवसायी एवं टेंपो चालक उपस्थित थे।

## गुड फ्राइडे को लेकर मसीही समुदाय के लोग तैयारी में जुटे

**भंडरिया (गढ़वा)।** प्रखंड में ईसाई समुदाय के महत्वपूर्ण पर्व गुड फ्राइडे एवं इस्टर पर्व को लेकर कब्रिस्तान के कब्रों को रंग रोगन एवं साफ सफाई का कार्य जोरों से किया जा रहा है। भंडरिया, कंजीया, खजुरी, जमौति सहित अन्य



गांव में ईसाई समुदाय के कब्रिस्तानों की सफाई की जा रही है। इस मौके पर भंडरिया निवासी रंजीनी तिग्गा ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह को गुड फ्राइडे के दिन कुरूष पर चढ़ा दिया गया था। उसके बाद तीसरे दिन प्रभु यीशु मसीह उठे थे। इसी की याद में गुड फ्राइडे एवं इस्टर पर्व मनाई जाती है। इस पर्व में लोग अपने पूर्वजों के कब्रों के रंग रोगन कर उन्हें याद करते हैं। वहीं पूर्वजों की श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस मौके पर सलीना, जेम्स कुजूर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

संवेदक

## सड़क मरम्मत में अनियमितता का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

# अब सड़क कालीकरण करने की तैयारी शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र में करोड़ों की लागत से बहियार खूर्द मोड़ से सपही तक पीएमजीएसवाई के तहत हो रही सड़क मरम्मत में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से संवेदक के द्वारा घोर अनियमितता बरते जाने से ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। पिछले दिनों स्थानीय लोगों की नाराजगी को देखते हुए आरड्ब्ल्यूडी विभाग के द्वारा सड़क मरम्मत में अनियमितता की जांच की गयी। लेकिन परिणाम शून्य रहा। बुधवार को सीओ के निर्देश पर सहायक अभियंता कुश कुमार केशरी के द्वारा सड़क मरम्मत में अनियमितता बरते जाने के मामले की जांच की गयी है। लेकिन परिणाम शून्य रहा। क्षेत्रीय ग्रामीणों में शामिल बीस सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, पंसस जमुना सिंह, अजय बैठा, नरेश प्रसाद, सुभान



अंसारी, संजीत कुमार टोप्पो, अमरेश उरांव, मिठू अंसारी, शब्बू अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की। सभी ने कहा कि सड़क मरम्मत में बरती जा रही अनियमितता की जांच के नाम पर जांच अधिकारी के द्वारा सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पंद्रह दिन पूर्व सड़क मरम्मत की कार्य विवरणी बोर्ड योजना स्थल पर लगाया जाये। ताकि यह स्पष्ट हो सके कि सड़क में क्या-क्या कार्य करना है। ग्रामीणों ने कहा कि शहीद भगत सिंह चौक से भागोडीह होते हुए सुखड़ा शिव मंदिर तक सड़क मरम्मत में भी संवेदक के द्वारा मरम्मत कार्य पूरा करने के बाद पुराने बोर्ड को पेंट कर योजना विवरणी लगाया गया था। उक्त सड़क का अब कालीकरण करने की तैयारी भी आरंभ कर दिया गया है। लेकिन कार्य विवरणी बोर्ड अभी तक नहीं लगा। इससे साफ जाहिर होता है कि संवेदक विभागीय सह पर ही सड़क मरम्मत में घोर अनियमितता से कार्य कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर पहुंच पथ उस क्षेत्र के समग्र आर्थिक -समाजिक विकास के लिए अति आवश्यक है। जो सामानों के आदान-प्रदान, स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतरी और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए रास्ता खोलता है। जिससे ग्रामीण आबादी के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक विकास में मदद मिलती है। इसी उद्देश्य के पूर्ति हेतु केंद्र ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पक्की सड़क का निर्माण और मरम्मत हो रहा है। लेकिन उक्त सड़क में मरम्मत में हो रही अनियमितता से ग्रामीण क्षेत्रों की समग्र विकास की केवल कल्पना ही की जा सकती है।

# डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के सदस्यों की बैठक सम्पन्न

### सड़क से सदन तक' कॉफी टेबल बुक के लोकार्पण कार्यक्रम की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** पूर्वमंत्री सह भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में बुधवार को डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के सदस्यों की बैठक मंच के अध्यक्ष अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विगत 23 मार्च को आयोजित डॉ राममनोहर लोहिया की 113वीं जयंती व पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी के जीवन पर आधारित 'सड़क से सदन तक' कॉफी टेबल बुक के लोकार्पण कार्यक्रम की समीक्षा किया गया। समीक्षा बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओ ने डॉ राममनोहर लोहिया की 113वीं जयंती व पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी के जीवन पर आधारित 'सड़क से सदन तक' कॉफी टेबल बुक लोकार्पण समारोह को भव्य व सफल बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम काफी सराहनीय रहा।



वहीं मंच के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के कार्यकर्ताओं के योगदान के लिये उन्हें धन्यवाद दिया। तथा मंच के संरक्षक पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी व मंच के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं को 'सड़क से सदन तक' पुस्तक व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। जिन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। उनमे डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के सचिव प्रकाश चन्द्र सेठी, कमलेश बिहारी, रमेश प्रसाद, रामकेश्वर प्रसाद, अशोक पासवान, रमाशंकर जायसवाल, घनश्याम प्रसाद, अनिल गुप्ता, सुनील चंद्रवंशी, सत्येंद्र कुमार ठाकुर, रामचन्द्र यादव, बालेश्वर मेहता, ब्रजेश कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, इब्राहिम अंसारी, सलीम अंसारी, ओमप्रकाश, हीरा प्रसाद, नंदू साव, ओमप्रकाश मेहता, सोबराती खां, जीवधन साव, अरुण कुमार, गुड्डू विश्वकर्मा सहित अन्य के नाम शामिल है।

# नशा के चार सौदागरों को मिला दस-दस वर्ष का सश्रम कारावास, एक लाख का जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह रकी अदालत में बुधवार को नशा के चार सौदागरों को सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 1 लाख का जुमार्ना भी देने का आदेश दिया गया है। जुमार्ना नहीं देने की स्थिति में सभी सजायाफ्ता आरोपियों को अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। ज्ञात हो कि 10 जून 2021 की मध्यरात्रि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की चार तस्कर अफीम व डोडा लेकर चौपारण के रास्ते बाहर जाने वाले हैं। सूचना पर एसपी के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा एवं पुलिस अवर निरीक्षक अंकित कुमार झा पुलिस उपाधीक्षक केदारनाथ राम के नेतृत्व में इटखोरी थाना क्षेत्र के नगवां पूल के समीप वाहन चेकिंग अभियान लगाईं, इसी दौरान बोलेरो की जांच करने पर 250 ग्राम गीला अफीम व नगद 110000 रुपया बरामद किया गया था। बोलरो पर सुनील कुमार सिंह तथा संदीप कुमार सिंह पिता यशवंत सिंह साकिन बकचुंबा थाना राजपुर जिला चतरा सवार थे। इसी दौरान एक मिनी ट्रक आई जिस पर बहादुर सिंह पिता माडा सिंह साकिन लोंगवार जिला संगरूर तथा कुलवंत सिंह पिता देयाल सिंह साकिन रतीके जिला संगरूर पंजाब सवार थे। ट्रक जांच करने पर उसमे ढाई किवंटल डोडा लदा मिला, जिसे जब्त किया गया। कांड में सरकार की ओर से लोक अभियोजक एलबी मंडल व बचाव पक्ष की ओर से सुबोध कुमार मिश्रा और संत कुमार सिंह ने अपनी अपनी दलील पेश की। सभी साक्ष्य के आलोक में अभियुक सुनील कुमार सिंह और संदीप कुमार सिंह को साढ़े तीन साल की सजा और 15000 के जुमार्ने की सजा सुनाई गई, जुमार्ना नहीं देने के स्थिति में छह माह का अतरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई। इसी प्रकार अभियुक्त बहादुर सिंह एम कुलवंत सिंह को 10-10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई और एक एक लाख का जुमार्ना लगाया गया। जुमार्ना नहीं देने की स्थिति में एक-एक साल की अतरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई।

## मामला डायन-बिसाही का : 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के ओरसा पंचायत के भेड़ीगंझार गांव के ग्रामीणों ने एक सभा कर गांव के वृद्ध दंपत्ति लाली देवी और उसके पति धनेश्वर नगेसिया को डायन-कुप्रथा के आरोप में पहले भीड़ के सामने पीटा, फिर सिर मुड़वा दोनो को गांव में घुमाया गया था. इस पीड़ित वृद्ध दंपत्ति के फर्दबयान पर महुआडांड़ थाना में काण्ड संख्या 22/23 धारा तहत केश दर्ज कर किया गया। सूचना के सत्यापन उपरांत लातेहार पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी अशुतोष यादव के नेतृत्व में एक टीम गठन कर भेड़ीगंझार गांव में जाकर घटना का सत्यापन करके, धारा 323, 341, 342, 117, 504, 506, 34 भा.द.वि डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत 14 लोगो पर प्राथमिकी एवं 70-80 अज्ञात लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कि गई थी। बुधवार को महुआडांड़ डीएसपी राजेश कुजूर के नेतृत्व में कांड के प्राथमिकी, अज्ञात अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर एक टीम का गठन कर छापामारी अभियान चलाकर भेड़ीगंझार गांव से 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया, डीएसपी राजेश कुजूर ने पीसी कर बताया कि अंधविश्वास को कानून नहीं मानता, गांव के लोग जागरूक बने, कानून को हाथ में लेने वाले जेल जाते हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### युवक ने फांसी लगा दी जान

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के विश्रामपुर गांव में बुधवार अहले सुबह लगभग पांच बजे एक 20 वर्षीय युवक अवि कुजूर (22) पिता फिलिप कुजूर ने अपने घर के ही पेड़ में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इसकी सूचना महुआडांड़ थाना को दी गई, थाना प्रभारी अशुतोष यादव के नेतृत्व में पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया। मृतक युवक के परिजनों ने बताया कि वह पहले भी जान देने की चेष्टा कर चुका था।

### ग्राहक सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटन

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड अंतर्गत मलकपुर पंचायत भवन में भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन बुधवार को किया गया। जिप सदस्या सरिता देवी, उपप्रमुख संजय गुप्ता व थाना प्रभारी निरंजन मिश्रा ने संयुक्त रुप से विधिवित फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में सिंटू यादव, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजय भारती, राजद नेत्री पियंर्का वर्मा, भाजपा नेता रणधीर सिंह, नगीन सिंह, टुनि सिंह अदि उपस्थित थे।

### बकायेदारों को किया नोटिस

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के डढुआ गांव में बुधवार को विद्युत विभाग द्वारा दो दर्जन बकायेदारों को नोटिस दिया है। यह नोटिस विभाग के कनीय अभियंता तरुण कुमार के निर्देश पर विभाग के कर्मियों के द्वारा संबंधितों का दिया गया है। इस दौरान बकायेदारों को बताया गया की प्रत्येक माह के 24 तारीख को गिद्धौर मुख्य चौक में बकाये बिजली बिल को लेकर शिविर लगाया जाता है।

### आश्रित को मिला मुआवजा, नौकरी

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित रांची रोड़ में अज्ञात कोलवाहन के चपेट में आकर गंभीर रुप से घायल ग्रामीण आनंदी भुईयां के आश्रित को पांच लाख मुआवजा व अस्थाई नौकरी देने की हुई सहमती के बाद बुधवार को आवागम चालू हुआ। आनंदी भुईयां के दोनों पैर घटना में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने रांची के रिम्स रेफर कर दिया था। दूसरी तरफ आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा समुचित मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया गया।

### हादसे में घायल किशोरी की मौत

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के रामनगर सियारी गांव निवासी सोनू कुमार दांगी की 15 वर्षीय पुत्री रिशु कुमारी की मौत बुधवार को इलाज के दौरान रांची रिम्स में हो गयी। मौत की खबर सुन गांव में सन्नाटा पसर गया। मालूम हो कि बीते शुक्रवार देर रात सलीमपुर मोड़ के समीप अनियंत्रित हो कार महुआ पेंड में टक्करा गई थी।

## पूर्व सीएम ने आरा हरा ग्राम में जन चौपाल का किया संबोधन

# पालथी मार बैठे और ग्रामीणों से हुए रूबरू हुए रघुवर दास



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** लातेहार के आरा हरा ग्राम में भाजपा द्वारा आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में झारखंड भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास उपस्थित हुए. जिनका भाजपा कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया. मौके पर आयोजित चौपाल में श्री दास मंच के कुर्सी से उतर नीचे पालथी मारकर बैठ गए और उपस्थित ग्रामीणों से रूबरू हो दर्जनों महिला पुरुष ग्रामीणों से बारी-बारी से समस्या सुने जिसमें ग्रामीणों ने सड़क , सिंचाई के लिए पानी ,युवाओं ने रोजगार नही मिलने, तुवेद डीवीसी ,मगध कोल माईनस में विस्थापित भू रैयतों को रोजगार पुनर विस्थापन नीति के तहत मिलने वाली लाभ नहीं मिलने पर एवं अफसरशाही का जोरदार ग्रामीणों ने रखी। साथ ही बड़े कोयला तस्करों को छोड़ स्थानीय पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल साइकिल से कोयला बेच जीविका चलाने वाले गरीब लोगों पर हुए कानूनी कार्रवाई, जेल भेजने का विरोध की गई। इस तरह से दर्जनों समस्याएं माइक के माध्यम से ग्रामीण पूर्व मुख्यमंत्री के समक्ष रखा. मौके पर श्री रघुवर दास ने चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि जब भाजपा की सरकार थी तो सड़क ,सिंचाई एवं क्षेत्र में कानून व्यवस्था के साथ-साथ राज्य की लाखों महिलाओं को स्वयं रोजगार से जोड़ा गया. कई थर्ड ग्रेड की वैकेंसी निकाली गई और कई जनउपयोगी योजनाएं चलाई गई पर मौजूदा सरकार कोयला बालू पत्थर चोरी कर बेचने में लगी हुई है. मौजूदा सरकार के साडे 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी विकास सुननी है क्षेत्र में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। यह भ्रष्ट सरकार को आगामी चुनाव में उखाड़ फेंकना है और डबल इंजन की सरकार लाकर राज्य को फिर से विकास के पटरी पर लाना है। मौके पर पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लातेहार जिला बहुत ही समृद्ध जिला है यहां पर अपने कार्यकाल में दो-दो डिग्री कॉलेज स्वास्थ्य केंद्र बनाया था पर इन जनउपयोगी केंद्रों में डॉक्टर शिक्षक की अब तक बहाली नहीं हो पाई है। मौजूदा सरकार ने विकास के नाम पर लोगों को लूटने ठगने का काम किए हैं इसका जनता चुनाव में कमल फूल का बटन दबाकर जवाब देगी। कार्यक्रम का अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह एवं कार्यक्रम के नेतृत्व करता पूर्व विधायक सह भाजपा प्रत्यासी प्रकाश राम एवं मंच संचालन भाजपा नेता प्रेम प्रसाद गुप्ता ने किए. मौके पर बालूमाथ, बारियातू, चंदवा, लातेहार, मनिका,हेरहंझ प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ता के अलावे भाजपा नेता राजधानी यादव ,प्रवीण सिंह, लव सिंह, राज कुमार पाठक, सुनील पांडे, नीलम देवी, सरोज देवी ,राजेंद्र प्रसाद साहू, राम कुमार गुप्ता, रंजीत गुप्ता, अमित कुमार ,दशरथ ठाकुर ,शैलेश सिंह, बलवंत यादव ,प्रदीप यादव, गंगेश्वर यादव, अमित कुमार ,लक्ष्मण कुशवाहा, संजीव सिन्हा सहित हजारों महिला पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बालूमाथ बारियातू हेरंज एकत्रित सरना समिति गठित

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दिवाकर नगर सरना भवन बालूमाथ में आदिवासी समाज का बैठक हुई। जिसमें तीनों प्रखंड बालूमाथ, बरियातू हेरहंझ के सभी आदिवासी समाज के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। बैठक में समाज के उत्थान के लिए समिति गठित करने का निर्णय लिया गया बैठक मे तीनों प्रखंड एक समिति गठन किया गया जिसमे ईश्वर उरांव अध्यक्ष, माधो उरांव उपाध्यक्ष,बालदेव गंझू सचिव जबकि कोषाध्यक्ष रमेश उरांव,महामंत्री शुदेश गंझू बनाने गए है ,जिला पड़हा राजा प्रभु दयाल उरांव ने कहा कि समाज को आगे ले जाने के लिए शिक्षा पर विचार दिए। बिनोद उरांव लातेहार जिला परिषद सदस्य ने कहा कि समाज को आगे ले जाने के लिए युवा को आगे आना होगा। तभी समाज आगे बढ़ेगा। बैठक की अध्यक्षता दिलीप उरांव ने किए। मौके पर पॉल एक्का, लातेहार ,प्रमोद उरांव बारियातू मुखिया, धर्म अगुवा तेतर उरांव, सुरेश भोक्ता, रामलाल भगत, सुरेश उरांव तेतरिखाड, प्रदीप गंझू कामगार यूनियन अध्यक्ष, राजेन्द्र गंझू, भोग्ता समाज के जिला अध्यक्ष, रामेश्वर उरांव,प्रमेश्वर भोगता, नारायण भोग्ता, संतोष उरांव, शंकर उरांव रमेश उरांव,निलेश भोगता,माधो सिंह,मोहन गंझू, रामोतार गंझू,सुखदयाल उरांव,सम्भू भोगता, संदीप उरांव,विरेनदेव उरांव, महेंद्र उरांव, लल्लू उरांव शान्तू उरांव, योगेन्द्र उरांव, शिबू उरांव, हरदेव उरांव विजय उरांव सहित कई ग्लोग उपस्थित रहे।

## जामडीह ग्राम सभा के प्रधान बने नगेसिया

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़** थाना क्षेत्र अंतर्गत ओरसा पंचायत के जामडीह गांव में एक बड़ा ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जहां सर्व सहमति से जामडीह ग्राम सभा का पूर्णगठन किया गया. जिसमें भरत नगेसिया को ग्राम प्रधान एवं बंधन नगेसिया ग्राम विकास समिति अध्यक्ष, सीता नगेसिया सर्वजनिक संपदा समिति अध्यक्ष, जितु नगेसिया कृषि समिति अध्यक्ष, मंगनी नगेसिया स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष, धुधवा नगेसिया ग्राम रक्षा समिति अध्यक्ष, शंकर नगेसिया आधारभूत संरचना समिति अध्यक्ष, भूषण नगेसिया शिक्षा व न्याय समिति के अध्यक्ष और अनिता नगेसिया को निगरानी समिति के अध्यक्ष पद पर चुना गया। ज्ञात हो जामडीह के ग्राम प्रधान की मृत्यु तीन वर्ष पूर्व हो गई थी, और उसके वंशजों ने ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी लेने से मना कर दिया था। जामडीह ग्राम सभा के आठ समितियों में कुल 40 पदाधिकारियों का चुनाव किया गया. 33 प्रतिशत से अधिक महिलाएं है, ग्राम सभा के लोगों ने पेशा कानून 1996 की धाराओं के आलोक में जामडीह ग्राम सभा का पूर्णगठन किया, ग्राम सभा के पूर्ण गठन में सुनील मिंज, फिलिप कुजूर, नरेंद्र नगेसिया ने मुख्य भूमिका निभाई। ग्राम सभा में गांव के पुरुष एवं महिलाएं भारी संख्या में मौजूद रहें।

## बेहतर झांकी प्रस्तुत करने वाले सम्मामित

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर (चतरा)** भाष्कर स्वालंबन क्लब ने बाल विवाह शिर्षक पर गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में बेहतर झांकी प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को सम्मामित किया। कलाकारों को अंग वस्त्र, डायरी व पेन देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में बालकलाकार साक्षी, राधा कुमारी, विकाश कुमार व पिंकी देवी का नाम शामिल है। सम्मान पाकर कलाकार काफी खुश दिखे। सम्मान समारोह के बाद क्लब के सदस्यों ने समीक्षा बैठक शिक्षक श्यामसुंदर दांगी की अध्यक्षता में की। जिसमें झांकी निर्देशक अनिल कुमार ने बताया कि झांकी के द्वारा लोगों को संदेश दिया गया कि अपने बेटा व बेटी को कम से कम मैट्रिक तक मोबाइल ना दिया जाए तभी तो उसकी समुचित निगरानी रखी जाए और छोटे उम्र में बेटी की शादी ना करें। साथ ही लोगों से अपील कर रहा हूं की छोटे-छोटे बच्चे नशा के सौदागर हो गए हैं, वह अपने बच्चे पर ध्यान दें। समारोह में मुखिया निर्मला देवी, क्लब के अध्यक्ष मुकेश कुमार, संगीता कुशवाहा, चंदा देवी, असुरंजन कुमार, तिरलोकी दांगी, सतीश दांगी, प्रकाश दांगी आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में कार्यों की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में कृषि, गव्य विकास, पशुपालन, भूमि-संरक्षण, मत्स्य, सहकारिता, सांख्यिकी विभाग आदि की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट द्वारा कृषि विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं यथा किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना समेत अन्य योजनाओं की अघतन स्तिथि की जानकारी दी गई।

मौके पर कृषि पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के बारे में बताया कि उक्त योजना के तहत वर्ष 2022-23 में कुल 350 हे० चतरा जिला जिला को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अब तक कुल 180.93 हे. में कृषकों को अच्छादित किया गया है।

इस हेतु 246.91649 लाख रुपये का व्यय किया गया है। अगहनी द्रतु फसल सर्वेक्षण प्रतिवेदन निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, झारखण्ड, राँची को भेजी गई है। जन्म-मृत्यु निबंधन के जाली प्रमाण पत्र को रोकने हेतु जांच की कार्रवाई की जा रही है।

## पाईप चोरी करने वाला आरोपी धरा

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड थाना क्षेत्र के बेलखोरी गांव निवासी सकलदेव यादव पिता होरिल यादव को सरकारी पानी पाईप चोरी करने के आरोप में पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल। मंगलवार रात्रि में आरोपी सकलदेव यादव द्वारा लोहे का सप्लाई पानी पाईप को चोरी कर अपने निजी कार्य के लिए अवैध रूप से ग्रामीण मुख्य सड़क पर लगाया जा रहा था। जिसमे मयूरहंड पुलिस के द्वारा त्वरित करवाई करते हुए घटना स्थल पर लगाया जा रहा है सप्लाई पानी पाईप को बरामद किया गया। आरोपी द्वारा पाईप का वैध कागजात प्रस्तुत नही करने के कारण पाईप को विधिवत पुलिस द्वारा जप्त करने के साथ पाईप चोरी करने के आरोप में सकलदेव यादव को गिरफ्तार किया।

## 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ कलश यात्रा के साथ हुआ प्रारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** शहर के चंदनडीह स्थित प्रज्ञा कुंज में बुधवार को चार दिवसीय 24 कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का शुरूआत कलश यात्रा के साथ किया गया। चार दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ कलश यात्रा के साथ हुआ प्रारंभ। कलश यात्रा गायत्री प्रज्ञा कुंज से निकल कर मुख्य पथ से होते हुए थाना चौक से चटनाही स्थित औरंगा नदी तट पहुंची। यहां पंडित के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी कलशों में जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा शहर के मुख्य पथ होते हुए महायज्ञ स्थल पहुंची। यहां कलशों की स्थापना कर पूजा अर्चना शुरू की गई। कलश यात्रा में लोगों ने गायत्री मंत्रों का जाप किया। मौके पर अधिवक्ता संजय कुमार ने बताया कि 24 कुंडीय इस महायज्ञ में शाम में भजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा अनुष्ठान में कई संस्कार भी संपन्न कराये जाएंगे। उन्होंने इस अनुष्ठान में लोगों से सपरिवार भाग लेने की अपील की है। इस मौके पर भाजपा नेता चेतलाल रामदास, राजधनी प्रसाद यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की, लातेहार विधायक की पत्नी सीमा राय, अधिवक्ता संजय कुमार, राजन तिवारी, मुरारी प्रसाद, ध्रुव कुमार पांडेय, संतोष पासवान, लव कुमार तिवारी, अशोक प्रसाद, अभिनंदन प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## कार की चपेट में आई बच्ची, मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रहमणी मे बुधवार को बाजार से घर लौट रही एक छः वर्षीय छात्रा की तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना से क्षुब्ध होकर ग्रामीणों ने रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ को जाम कर दिया।सड़क जाम की सूचना मिलते ही पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, बीडीओ विजय कुमार घटनास्थल पर पहुंच ग्रामीणों से वार्ता की, अधिकारियों से मिले आश्वासन के बाद सड़क जाम को खोल दिया गया।बच्ची की पहचान सुनैना कुमारी उम्र लगभग छः वर्ष पिता रामदयाल भुईयां ग्राम सासंग टोला ब्रह्मणी के रूप में हुई है। मौके पर जिप सदस्य सरोज देवी, पुअनि नारायण यादव, विकास शर्मा आदि मौजूद थे।

**कार्यक्रम** रेलवे क्लब में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

# सेवानिवृत्त लोको पायलट को दी ससम्मान विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के रेलवे क्लब में बुधवार को रेलवे की लोको पायलट के पद पर पदस्थापित विनोद मिश्रा, सी पी यादव, अशोक तिवारी की सेवानिवृत्त होने पर रेल लोको पायलट परिवार द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम के आयोजन के पूर्व सेवानिवृत्त हुए तीनों लोको पायलट को गाजे-बाजे के साथ बाबा चौक से रेलवे क्लब कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। इस दौरान काफी संख्या में रेल अधिकारी और लोको पायलट, सहायक लोको पायलट मौजूद थे। कार्यक्रम स्थल पर तीनों सेवानिवृत्त हुए लोको पायलट को मौजूद अधिकारी और अन्य कर्मियों के द्वारा फूल माला, शॉल ,अंग वस्त्र समेत अन्य उपहार भेंट करके सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त हो रहे मेल एक्सप्रेस के लोको पायलट विनोद मिश्रा ने कहा कि रेलवे की सेवा से रिटायर होना मेरे लिए काफी दुखद है क्योंकि रेलवे और उनके सभी कर्मी मेरे परिवार के सदस्य बन चुके थे जिन्हें छोड़ना काफी कठिन है। उन्होंने कहा कि बरवाडीह में रेलवे में सेवा देना मेरे जीवन का गौरवपूर्ण क्षण था क्योंकि बरवाडीह मेरी जन्मस्थली के साथ-साथ कर्म स्थली ही बनी और आज यहां से सेवानिवृत्त होना भी हमेशा के लिए यादगार रहेगा। विदाई समारोह को लेकर आयोजन समिति के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन कर एक से बढ़कर एक कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करके कार्यक्रम को और यादगार बनाने का काम किया गया। मौके पर वरीय अनुभाग अभियंता विवेकानंद बासु ,इंचार्ज एच कुमार ,चिप लोको इंस्पेक्टर बशीर अहमद,रणजीत सिंह राणा , चंदन कुमार ,ऋषि कुमार अमरकांत गौतम ,रामजी सिंह ,अमित कुमार मेहता, मनोज कुमार सिंह , अजय कुमार यादव, पीके सिंह, डी के सिंह समेत काफी सख्या में रेल कर्मी मौजूद थे।

## पावर सब स्टेशन में आग लगने से मची अफरा तफरी

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह स्थित पावर सब स्टेशन में बुधवार को अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आनन फानन में बिजली कर्मी स्थानीय लोगों के मद्द लेकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार पावर स्टेशन में दोपहर लगे ट्रांसफार्मर के तार में शॉट सर्किट होने पर चिंगारी झाड़ियों में गिर गई और आग लग गया। देखते-देखाते आग पूरे सब स्टेशन परिसर में फैल गई। जिसके बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। आग लगने से विद्युत केवल व कई अन्य समान को क्षति पहुंची है। स्थानीय लोगों का कहना है की अगर सब स्टेशन परिसर के अन्दर झाड़ी की सफाई की गई होती तो यह घटना नहीं होती।

## शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई इंटर परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू।** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित इंटर की परीक्षा अंतिम दिन बुधवार को प्रथम पाली में मनोविज्ञान व द्वितीय पाली में दर्शनशास्त्र की परिक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। प्रथम पाली में मनोविज्ञान की परिक्षा में 2 परीक्षार्थी में दोनों उपस्थित रहे। जबकि द्वितीय पाली में दर्शनशास्त्र की परिक्षा में भी दो परीक्षार्थी में दोनों अनुपस्थित रहे। मुख्यालय के आदर्श मध्य विधालय परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक अनिता देवी ने बताई कि प्रथम पाली में इंटर आट्र्स के मनोविज्ञान विषय की परीक्षा में 1 परीक्षार्थी में 1उपस्थित रहे। उधर राजकीय कृत मध्य विधालय साल्वे के केन्द्राधीक्षक जयप्रकाश कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में इंटर आट्र्स के मनोविज्ञान विषय की परीक्षा में 1परीक्षार्थी 1 उपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में इंटर आट्र्स के दर्शनशास्त्र विषय की परिक्षा में 2 परीक्षार्थी में दोनों उपस्थित रहे।वहीं परीक्षा के दौरान दोनों परीक्षा केन्द्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी निरक्षण करते नजर आई। परीक्षा को कदाचार मुक्त समापन कराने में दंडाधिकारी प्रभात उरांव,चंदन कुमार, वीक्षक संजिव कुमार, यमुनाधर मिश्र,शंभु राम,अमित कुमार,जयप्रकाश प्रसाद,विश्वरूप सिंह, श्रवण कुमार,उमेश सिंह,अजय बैठा,अल्का तिग्गा सहित कई वीक्षकों का सराहनीय भुमिका रहा।

## NEWS इन ब्रीफ

### लापता उपचालक का मिला सुराग

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी मोड़ के समीप डायभरसन में रायरकेल से कल्टर तेल लोड कर आ रहा टैंकर ओ डी 14 वाई 9108 दर्घटना ग्रस्त हो गया था। इसमें घटना में चालक सत्येंद्र राम को हल्की चोटें आई थीं। सेन्हा पुलिस द्वारा उपचालक सनी सिंह की तलाश में लगातार जारी थी। उसी दरमियान देर शाम लापता उपचालक सनी सिंह का पता चलने पर सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि घटना के उपरांत सनी सिंह गाड़ी से कूद कर जान बचाते हुए बालूमाथ अपने रिश्तेदारी में चला गया है।

### पान की दुकान से नगदी, समान चोरी

**भंडरा /लोहरदगा।** भंडरा के नवडीहा चौक स्थित भगत पान दुकान में अज्ञात चोरो दुकान का ताला तोड़कर नगद सहित दुकान में रखे समान की चोरी कर फरार हो गए। दुकान मालिक नवडीहा निवासी राम उराँव ने भंडरा थाने को चोरी होने की लिखित आवेदन दिया है। राम उराँव ने बताया कि मंगलवार आधी रात में अज्ञात चोरो ने दुकान का पिछले दरवाजे को तोड़कर अंदर घुसे और चोरो ने दुकान में रखे समान को चुराकर ले गए और दुकान में रखे बीस हजार रुपए का सिक्का भी ले गए। पुलिस जांच पड़ताल जुटी हुई है।

### कार्यालय को दें डॉक्यूमेंट : सुनंदा

**लोहरदगा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी चंद्रमौली सुनंदा दास ने जिले के सभी राजकीय, राजकीयकृत , प्रोजेक्ट एवं प्लस टू हाई स्कूल के प्रिंसिपल से वरीय वेतनमान स्वीकृति को लेकर पत्र जारी कर रिपोर्ट मांगा है। डीईओ सुनंदा दास ने कहा कि वैसे शिक्षक /शिक्षिका जो मार्च 2023 तक 12 वर्ष की अटूट सेवा पूर्ण पूर्ण कर चुके हैं शिक्षक / शिक्षिकाओं की सेवा पुस्तिका, कार्यकलाप प्रतिवेदन, स्वच्छता प्रमाण पत्र एवं गोपनीय चरित्र पुस्तिका के साथ संबंधित विद्यालय के प्रिंसिपल कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे । प्रिंसिपल को इस आशय का प्रमाण पत्र देना होगा कि किसी भी शिक्षक का नाम जारी प्रतिवेदन में छूटा नहीं है।

### भालू के हमले में युवक घायल

**कोलेबिरा:** वन क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक कॉलोनी के समीप चिंतन बुढ़ नामक 17 वर्षीय युवक अपने घर से बाहर शौच के लिए निकला था। तभी एक बड़े से भालू ने चिंतन के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सिर के अलावे चेरहे और दिनों हाथों पर गंभीर चोटें आयी हैं। तभी वह 17 वर्षीय युवक ने अपना साहस दिखाते हुए भालू से भिड़ गया। जिससे कि उसकी जान बच गयी और भालू को भागना पड़ा, जिसके बाद चिंतन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा पहुंचाया।

### वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में लोहरदगा से जय भारत सत्याग्रह की शुरुआत

# कांग्रेस ने फूंका आंदोलन का बिगुल



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा के समाहरणालय मैदान से कांग्रेस पार्टी ने जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम की शुरूआत की। झारखंड कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व मंत्री सुबोध कांत सहाय,पूर्व विधायक बंधु तिर्की, केएन त्रिपाठी, सुखदेव भगत समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया।

कांग्रेस के इस कार्यक्रम में पार्टी के दिग्गज नेताओं ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने भी केंद्र और भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि देश में आपातकाल की स्थिति है। भारतीय जनता पार्टी ने लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया है। राहुल गांधी ने अडाणी के खिलाफ बोला तो उनके साथ जिस तरह का बर्ताव किया गया है। वह सीधे-सीधे लोकतंत्र की हत्या है। कार्यकर्ता जब इस कार्यक्रम से वापस लौटेंगे तो गांव-गांव घर- घर जाकर लोगों को केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी के कुकृतियों के बारे में जानकारी देंगे। वर्तमान समय में देश में आपातकाल की स्थिति नजर आ रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पूरा देश नाजुक दौर से गुजर रहा है केंद्र के मोदी सरकार के तानाशाही के कारण लोकतंत्र खतरे में आ गया है। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि राहुल गांधी ने देश को सच्चाई से रूबरू कराने का काम किया तो केंद्र ने उन्हें संसद से बाहर कर दिया। देश की जनता सब कुछ देख रही है। आने वाले समय में इसका जवाब भाजपा को जरूर मिलेगा।

मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है। जिस तरह की स्थिति नजर आ रही है। उससे स्पष्ट है कि देश किस दिशा में जा रहा है। भाजपा सरकार के कुशासन में लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रही है कांग्रेस पार्टी। जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है विपक्ष को साजिश के तहत बोलने नहीं दिया जाता है। कांग्रेस पार्टी की त्याग बलिदान की गौरवशाली पृष्ठभूमि रही है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सह कांग्रेस के दिग्गज नेता सुबोध कांत सहाय ने कहा राहुल गांधी के आवाज बंद करने का प्रयास कर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। देश के ताजा हालात पर सत्याग्रह का रास्ता कांग्रेस ने चुना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखेर भगत ने किया। इस मौके पर पूर्व विधायक बंधु तिर्की, सुखदेव भगत, कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, डॉ अजय सहदेव, नेसार अहमद, जगदीश भगत जग्गू, मोहन दुबे समेत अन्य ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशित जायसवाल, मोहन दुबे, शिव कुमार भगत, शाहिद अहमद बेलू, संदीप गुप्ता, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, वारिस कुरैशी आदि मौजूद थे।

## पदक जीतकर लौटी खिलाड़ी सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता कुडू/लोहरदगा।**

राष्ट्रीय राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों को बुधवार को आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। राजस्थान के कोटा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में 28 से 31 मार्च तक हुई सब जूनियर और पांचवीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी के एक छात्रा ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। इसमें छात्रा आकांक्षा कुमारी अंडर 38 केजी में लद्दाख और आंध्र प्रदेश के खिलाड़ियों को हराकर कांस्य पदक जीतने में कामयाब रही थी। इसी को लेकर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी के विद्यालय प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मनोहर साहू, मिथिलेश कुमार सिंह, राम शंकर प्रजापति, गजेंद्र साहू, अरविंद यादव, योगेंद्र राम, सुशील भारती, कनक लक्ष्मी, वर्षा, रीना सहदेव, लाल नवीन नाथ सहदेव प्रेमचंद्र, दीपक साहू, अमित साहू राखी कुमारी, सहित अन्य मौजूद थे।

### उपायुक्त ने बैठक में अधिकारियों को दिया निर्देश

# सड़क निर्माण को प्राथमिकता दें



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को पथ निर्माण से संबंधित बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से ग्रामीण कार्य विभाग, लोहरदगा द्वारा किये जा रहे कार्यों में- सेन्हा प्रखंड में मेढ़ो पुल रोड से कोराम्बे तक जर्जर पथ निर्माण एवं मेढ़ो पुल के जीर्णोद्वार, कुज्जी उच्च विद्यालय पीडब्ल्यूडी पथ से बसारडीह ग्राम तक दो किमी पथ निर्माण, किस्को प्रखंड के बगडू पंचायत अंतर्गत ग्राम पतरातू से ग्राम आराहासा होते हुए मंजूरमती उच्च विद्यालय महादेव आश्रम तक कुल 7 किलोमीटर पक्की सड़क निर्माण की समीक्षा की गई।

उपरोक्त बिंदुओं पर बैठक में उपस्थित सहायक अभियंता द्वारा कार्य प्रगति की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। उपायुक्त द्वारा सनई हपात पथ में तीन उच्च स्तरीय पुल निर्माण, पाखर में पथ निर्माण योजनाओं की भी समीक्षा की गई व आवश्यक निर्देश संबंधित विभाग को दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, संबंधित विभागों के अभियंता उपस्थित थे।

## आवास कार्य पूर्ण नहीं करने वालों पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा /लोहरदगा**

प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में, प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में समीक्षा के दौरान बीडीओ ने सभी को निर्देश दिया कि प्रखंड का औसत राज्य के बराबर करते हुए आवास निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। बीडीओ ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के लाभुकों को तीन नोटिस दिए जाने के बावजूद आवास निर्माण का कार्य पूरा नहीं हुआ है। इस संबंध में लाभार्थियों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए बीडीओ ने उपस्थित कर्मियों को समय से आवास निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। कहा कि पैसे निकासी कर आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों पर सर्टिफिकेट केस होगा।

# सरहुल प्रकृति व इंसान के बीच प्रेम का प्रतीक : जोसिमा खाखा




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

पालकोट के केउंदटोली में सरहुल उत्सव का आयोजन हुआ। मौके पर मुख्य रुप से पाकरटांड़ जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि सरहुल प्रकृति उपासना का पर्व है। यह झारखंड की संस्कृति को दशार्ता है। यह पर्व प्रकृति का संरक्षण और इंसानों के साथ उसके प्रेम और लगाव का प्रतिक है।

उन्होंने कहा कि सरहुल पूजा करने से घर, परिवार और समाज में सुख, शांति तथा समृद्धि आती है। यह त्योहार हमें प्राकृति के साथ जोड़ने का काम करता है। आदिवासी समाज के लोग सरहुल पर्व मनाकर प्रकृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं। प्रकृति भी समाज पर अपनी कृपा बरसाती है। इस दिन पेड़ पौधे और जल स्त्रोतों की भी पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि आदिवसी समाज के कारण ही आज राज्य हरा भरा है। प्रकृति पर्व सरहुल से हमें सीखना चाहिए कि हम प्रकृति का दोहन न करें। सरहुल पूरी तरह प्रकृति की आराधना का त्योहार है। सरहुल दुनियाभर में लोगों को प्रकृति से मिलने वाले लाभों को याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हमारा अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है।

मौके पर प्रमुख सोनी लकड़ा, कांग्रेस सिमडेगा जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जोनसन मिंज, रणधीर रंजन, अजीत लकड़ा, प्रदीप केसरी, शिशिर मिंज, प्रदीप सोरेंग, मुखिया पूनम एक्का, सुरसेना बाड़ा, प्रतिमा, भुनेश्वर सिंह, रामकिशुन आदि मौजूद रहे।

## अस्त्र-शस्त्र चालन के खिलाड़ी सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

सेन्हा प्रखंड मुख्यालय में आयोजित मेले के दौरान भड़गांव, मुर्की तोड़ार अरू, सेन्हा बदला सहित अन्य पंचायत तथा लोहरदगा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए रामनवमी अखाड़ा द्वारा अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को दुर्गा मंदिर प्रांगण में केंद्रीय महावीर मंडल द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एक बच्चे को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष भोला साहू नवीन साहू,आनन्द साहू,अजय सोनी, उज्ज्वल शुक्ला, ऋषभ जयपुत्रा आदि शामिल थे।

## बाल विवाह: किया गया जागरूक




**नवीन मेल संवाददाता। कैरो(लोहरदगा)**

कैरो हुमन पीपुल टू पीपुल इंडिया संस्था के सहयोग से तेजस्विनी परियोजना के अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित तेजस्वनी परियोजना के अंतर्गत कैरो प्रखण्ड के हनहट क्लस्टर मैदान में बुधवार को सभी पंचायत के सभी क्लबो के किशोरी, युवतियों एवं बालिकाओं के द्वारा खेल कूद का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसकी शुरुआत जिला बाल सरक्षंण पदाधिकारी लोहरदगा से बीरेंद्र कुमार, डीआरआईयू से नीरज कुमार, निरंजन कुमार, कैरो थाना प्रभारी हरि औध करमाली, हनहट मुखिया सरवन मुंडा, स्कूल प्रभारी अनिल सिन्हा, मीडिया प्रभारी मंटु तिवारी के द्वारा फीता काटकर मैच की शुभारंभ किया।वही सभी बारी बारी से भाषण दिए। मौके पर जॉन टीम से राजेन्द्र शर्मा, कृष्ण कुमार यादव, डीके टीम से ट्रेनिंग स्पेशलिस्ट रमेश चनेजा,चंद्रपाल सर, उधोगनी से दुर्गेश जी,प्रखंड समन्वयक कुंजमोहन शर्मा, शिवानी शर्मा,जय कुमार, क्षेत्र समन्वयक मोनिका लकड़ा, प्रियंका कुमारी, फरहत जबी, मुन्ना राम, संकुल समन्वयक संगीता, सुरैया, पुष्पा, सरिता, कबड्डी कोच शिल्पी, रेशमी कुमारी, युवा उत्प्रेरक किरण देवी, ललिता, रेहाना, किरण उरांव, सुनीता, बिरसमुन्नी आदि उपस्थित थे।

## वन विभाग ने किया मुआवजे का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

बानो प्रखंड के रामजोल निवासी जयराज मड़की को वन विभाग द्वारा मुआवजा राशि का वितरण किया गया। मालूम हो कि पिछले साल 29अगस्त को जंगली हाथी ने घर के सामने ही सामी मड़की को पटक कर मार डाला था। घटना के बाद तत्काल मृतक के परिजनों को दस हजार रुपये सहयोग के रूप में दिया गया था। बुधवार को जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना के हाथों मृतक के पुत्र जगराय मड़की को 3 लाख 90 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। बिरजो कंडुलना ने कहा कि रुपयों का उपयोग सही कार्यों में करें। मौके पर बनपाल मनीष डुंगडुंगसुंग आदि लोग उपस्थित थे।

### आस्था | लोहरदगा से 45 लोग जाएंगे हज के लिए

# लोहरदगा में हज की तैयारी जोरों पर



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कोरोना काल के बाद पूरी तरह से हज लगे प्रतिबंध और भारत सरकार और सऊदी सरकार के मोहादे पर इस बार पूरे भारत से हज कोटा बढ़ा दी गई है। इस बार झारखंड से भी तकरीबन साढ़े तीन हजार आजमीन हज के लिए फार्म दाखिल किए हैं। लोहरदगा के हज कमेटी के संयोजक मास्टर हाजी हासिम ने बताया कि इस बार लोहरदगा से लगभग पैंतालीस पुरुष-महिलाएं हज के लिए फॉर्म भरे और ये बड़ी खुशी की बात है की सभी का आवेदन हज कमेटी झारखंड ने मंजूर करलिया है।

हाजी हासिम ने आगे बताया कि लोहरदगा में हाजियों को अब तक तीन प्रशिक्षण दिए जा चुके हैं। इस बार वही हज में जा सकते हैं जिन्होंने कोरोना के दोनों डोज लगवा लिए हों। स्वस्थ रूप से मजबूत हो। इसी कड़ी में होटल सफा अमला टोली में सभी हाजियों का स्वास्थ जांच शिविर लोहरदगा सदर अस्पताल की ओर से लगाया गया। इसमें डॉक्टर एस एस खालिद तथा सहायक के रूप में डॉक्टर अकरम, स्वास्थ कर्मी मो इरफान ने हाजियों की जांच की। मौके पर हाजी अली मास्टर अशरफ खान, रोजामत अंसारी, रुस्तम अंसारी, सोएब अख्तर, इब्राहिम खलीफा, सोहैल अहमद, नुसरत अंसारी, मुबारक अंसारी, मोइन अंसारी, नीलोफर खुर्शीद, सालेहा खातून, मोमिना खातून आदि मौजूद थे।

## पत्रकार की माता के निधन पर पत्रकारों में शोक

**सिमडेगा।** राष्ट्रीय नवीन मेल ठेठईटांगर के पत्रकार पिंटू कुमार के माता जी का बुधवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गई। बताया गया कि वह अपने घर में बैठी हुई थी। इसी तरह अचानक तबीयत बिगड़ी और आनन-फानन में बेहोश हो गई। बाद में हॉस्पिटल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया इधर निधन की सूचना मिलने के बाद सिमडेगा जिला पत्रकार संघ में शोक की लहर दौड़ पड़ी। जिला पत्रकार संघ ने निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना किया है एवं शोकाकुल परिवार के साथ पूरी टीम खड़ा होने की बात कही शोक जताने वालों में से मुख्य रूप से रविकांत साहू मोहम्मद इलियास, नरेंद्र अग्रवाल, मनोज सिन्हा, शहजादा प्रिंस, अफजल इमाम, वाचस्पति मिश्रा, सत्यव्रत ठाकुर, मुकेश कुमार आदि शामिल रहे।

## एनएसयूआई ने चलाया पोस्टकार्ड अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किए जाने के विरोध में कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के द्वारा बुधवार को सिमडेगा कॉलेज में पोस्टकार्ड अभियान चलाया इस दौरान सिमडेगा कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया पोस्ट कार्ड के माध्यम से केंद्र सरकार से अपने सवाल पूछ कर उसे सामूहिक रूप से भेजा गया। इस कार्यक्रम के नेतृत्व एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सरताज खान ने किया और उन्होंने कहा कि साजिश के तहत युवाओं की आवाज को दबाने के लिए राहुल गांधी की संसद सदस्यता को रद्द की गई है जिसे पूरा देश जानता है और पोस्ट कार्ड के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री से हम सवाल करेंगे। इसी सवाल करने के उद्देश्य से पोस्टकार्ड अभियान चलाया गया है देश के युवा अब जाग चुका है और आने वाले दिनों में केंद्र में बैठी तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंक देगी मौके पर उपाध्यक्ष प्रशांत टेटे, खगेश्वर मेहर महासचिव अनीश खलखो, मोहम्मद जुनेद अंसारी, हेमंती कुमारी, सरवन कुमार महतो, नीतीश नायक, सचिव सौरभ होरो, अनिकेत चीक बड़ाईक, नीमा कुमारी, अशोक राम, संयुक्त सचिव सखनी कुमारी, आकाश बड़ाईक, मुनेश गोप, ओलिवर टेटे, अजय सोरेन, देवनाथ सिंह, सुभाष, आदित्य, विनय, अजीत आदि उपस्थित रहे। बता दें कि मानहानि के मामले में सूरत की अदालत ने राहुल गांधी को दो साल की सुनाई है।

## लीगल एड डिफेंस काउंसिल दफ्तर का हुआ उद्घाटन

**लोहरदगा।** सिविल कोर्ट, लोहरदगा स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार भवन में एलएडीसीएस यानि लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीय -सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकर राजेंद्र बहादुर पाल के कर कमलों द्वारा किया गया। मौके पर प्रधान जज, कुटुम्ब न्यायालय, सुभाष, प्रथम जिला जज अखिलेष तिवारी, तृतीय जिला जज अरविंद कुमार, डालसा सचिव राजेश कुमार, सिविल कोर्ट निबंधक राज कल्याण, प्रधान मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट एस एन तिग्गा बार के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी, एलएडीसीएस के सभी 05 चयनित अधिवक्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे। पाल ने कहा कि अब लोहरदगावासियों को निःशुल्क न्याय एवं विधिक सहायता व्यापक स्तर पर मिलेगी।

ज्ञान की बात

परमात्मा आपके लिए जो भूमिका तय कर देते हैं, आपको उसे निभाना ही होता है। सच में, सब तो उसी के हिसाब से होता है। फिर अपना, पराया, ऊंच नीच कहां रह जाता है?
- *ठाकुरजी*




# डीजीपी की हुंकार

***आमतौर*** पर लोग माओवादी और नक्सलियों को लेकर भ्रमित रहते हैं और दोनों शब्दावली के बीच के अंतर को ठीक से नहीं समझ पाते। नक्सली घटना की आये दिन खबरें आती रहती हैं। दोनों में कुछ अंतर है। नक्सलवादी और माओवादी दोनों ही आंदोलन हिंसा पर आधारित हैं। लेकिन दोनों में फर्क यह है कि नक्सलवाद बंगाल के नक्सलवाड़ी में गरीबी और जमींदारी शोषण का नतीजा है,जबकि चीनी नेता माओत्से तुंग की राजनीतिक विचारधारा से प्रभावित मुहिम को माओवाद का नाम दिया गया। जमींदारों द्वारा छोटे किसानों के उत्पीड़न पर अंकुश लगाने के लिए सत्ता के खिलाफ इसे संघर्ष का नाम दिया गया। लेकिन यह आंदोलन अब कुंद पड़ रहे हैं। पता नहीं आंदोलन की रूपरेखा तय करने वाले लोगों को इस बात का यह इल्म था या नहीं कि किसी भी सभ्य समाज में हिंसा की कोई जगह नहीं होती है। नक्सलवाद और माओवाद के नाम पर जमकर लूट का तांडव वर्षों खेला गया। साथ ही इसी के समानांतर कई आपराधिक गिरोह नाम बदल कर आतंक का माहौल बनाये हुए हैं। अपने आप को समाज का ठेकेदार कहे जाने वाले इन गुटों का अब विनाश हो रहा है। लेवी के पैसे पर अपनी सल्तनत कायम करने वाले ऐसे गिरोहों पर झारखंड के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह सख्त हैं। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा है कि नक्सली या तो सरेंडर करें या फिर मरने को तैयार रहें। उन्होंने यह भी कहा कि अब नक्सलियों का टाइम ओवर हो चुका है। नक्सली चाहें तो सरकार की सरेंडर पॉलिसी को मानते हुए सरेंडर कर दें या फिर पुलिस की गोलियों का निशाना बनने को तैयार रहें। पांच-पांच इनामी नक्सलियों के मारे जाने से प्रसन्न डीजीपी ने लावालौंग प्रखंड मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ की 190वीं बटालियन के कैंप में पहुंचे थे और यहां उन्होंने मुठभेड़ में शामिल जवानों का हौसला बढ़ाया। उनके बीच इनाम की राशि का वितरण भी किया। बावजूद इन्हें आज भी अरबन नक्सली समर्थकों का समर्थन मिल रहा है। यही कारण है कि कई जगहों पर नक्सली घटना की खबरें मिलती रहती हैं। पलामू छतरपुर थाना क्षेत्र के हुलास गांव में प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद सर्च अभियान में पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में नक्सल सामग्री और गोली बरामद किया है। घटना की जानकारी मिलने पर जिले में हाय-तौबा मचा हुआ है। पांच-पांच इनामी नक्सलियों के मारे जाने से पुलिस के हौसले बुलंद हैं। साथ ही जनता का साथ भी इन्हें मिलने लगा है। इसी परिप्रेक्ष्य में डीजीपी ने यह ऐलान किया है। चतरा-पलामू सीमांत इलाके पर मिली बड़ी सफलता से नक्सलियों की कमर निश्चित रूप से टूट गई है। लेकिन इनके हौसले को पंख देने वाले लोगों की शिनाख्त भी जरूरी है। कारण इसकी ओट में समाज में आज ऐसे लोग हैं,जो इन्हें अपने मोहरे के रूप में इस्तेमाल करते रहते हैं। कई राजनीतिज्ञों की सांठ-गांठ से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रचार प्रसार भी अत्यंत जरूरी है। दूसरी तरफ गरीबों पर हो रहे अत्याचार और अनाचार को खत्म करने के लिए कानून का राज आवश्यक है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सरकार के द्वारा ऐसे कारगर कदम ईमानदारी से आज उठाये गये हैं। बहरहाल आतंक का अंत होना चाहिए। राज्य के डीजीपी की हुंकार को भी समर्थन की जरूरत है। निश्चित रूप से इस आंतक का अंत होगा। ऐसी हम सब उम्मीद कर सकते हैं।

**प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद सर्च अभियान में पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में नक्सल सामग्री और गोली बरामद किया है।**

# मंगलयान से गगनयान तक ब्रह्मांड नापने की तैयारी





डॉ.संजय द्विवेदी

अपनी प्रतिभा , लगन, मेहनत और जुनून के बल पर जल, जमीन और आकाश पर जीत हासिल करने के बाद भारतीय अभिप्रेरणाओं का नया लक्ष्य है, यह विशाल, अथाह 'अंतरिक्ष' 15 अगस्त, 1969 को 'इन्कोस्पर' यानि 'अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए भारतीय राष्ट्रीय समिति', जिसे आज हम 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)' के नाम से जानते हैं, की स्थापना के बाद से अब तक भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक लंबा सफर तय किया है। 19 अप्रैल, 1975 को सोवियत संघ की मदद से छोड़ा गया हमारा पहला उपग्रह आर्यभट्ट हो या 7 जून, 1979 को दूसरा उपग्रह भास्कर, या फिर 1980 में भारत का पहला स्वदेश निर्मित रोहिणीङ्गहर उपलबधि के साथ हम अंतरिक्ष की और अधिक गहराई तक पहुंचने में सफलता हासिल करते गये हैं। पहले धीरे-धीरे और फिर बाद में बहुत तेज गति से हमारे अभियानों की संख्या और रफ्तार, लगातार बढ़ती ही गई है। अर्द्धशती से भी अधिक समय से सतत जारी हमारी इस अंतरिक्ष यात्रा ने पिछले एक दशक में, जिस तरह बार-बार एक के बाद एक अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं, वह विश्व को विस्मित करती रही हैं और हमें गौरवान्वित। 2014 से 2022 तक इसरो द्वारा 42 लॉन्च व्हीकल मिशन, 44 अंतरिक्ष यान मिशन और 5 प्रौद्योगिकी प्रदर्शक मिशन लॉन्च किये गये हैं। 2014 वह साल था, जब हमने पहली बार पूर्ण स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन का प्रयोग करते हुए जीएसएलवी-डी 5 की मदद से हमारे संचार उपग्रह जीसैट-14 को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया।

**मंगलयान ने बढ़ाई शान :** 24 सितंबर, 2014 को हमने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक नया इतिहास रचा। यह था हमारा बहुचर्चित मार्स ऑर्बिटर मिशन यानि 'मंगलयान'। इसने पूरे विश्व में भारतीय अंतरिक्ष मेधा के झंडे गाड़ दिये। मंगलयान मिशन की जिन दो विशेषताओं ने दुनिया को सबसे ज्यादा प्रभावित किया, उनमें पहली यह थी कि भारत पहले ही प्रयास में अपने यान को मंगल ग्रह की कक्षा में प्रवेश कराने में सफल रहा। और दूसरी थी, इस पूरे अभियान पर आई बेहद कम लागत। नासा के 'मावेन मिशन' पर आए खर्च की महज एक प्रतिशत लागत, 460 करोड़ रुपये में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए इस मिशन को लेकर उन दिनों एक बात बहुत मशहूर हुई थी, कि साल 2013 में प्रदर्शित, स्पेस मिशन पर आधारित हॉलीवुड मूवी 'ग्रेविटी' का बजट भी इससे डेढ़ गुना अधिक, लगभग 690 करोड़ रुपये था। इस सफलता ने वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा में तो चार चांद लगाये ही, साथ ही हमारे अंतरिक्षीय कारोबार को भी काफी फायदा पहुंचाया। अपनी इन्हीं उपलब्धियों के लिए इसरो को वर्ष 2014 के लिए शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके एक साल बाद 28 सितंबर, 2015 को इसरो ने देश की पहली स्पेस ऑब्जर्वेटरी 'एस्ट्रोसैट' की स्थापना की। आकाशगंगा, ग्रहों और खगोलीय पिंडों के अध्ययन के लिए समर्पित एस्ट्रोसैट ने इसके बाद कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां अपने खाते में दर्ज कीं। यह एस्ट्रोसैट का ही कमाल था, जिसने पहली बार 9.3 बिलियन प्रकाश वर्ष दूरी पर लाइमैन अल्फा से निकलने वाली आकाशगंगा ए.यू.डी.एफ.01 से एफ.यू.वी. फोटोन की खोज को संभव बनाया।

**24 सितंबर, 2014 को हमने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक नया इतिहास रचा। यह था हमारा बहुचर्चित मार्स ऑर्बिटर मिशन यानि 'मंगलयान'। इसने पूरे विश्व में भारतीय अंतरिक्ष मेधा के झंडे गाड़ दिये।**

**इन दिनों**

इसके बाद उसने, एंड्रोमेडा आकाशगंगा का गहन सर्वेक्षण कर नाभिक के बाहर युवा सितारों की मौजूदगी का पहली बार पता लगाया और यह भी कि आकाशगंगाओं की सीमाओं से दूर बह रही गैस धाराओं में नये तारों का बनना जारी है। इसी वेधशाला के माध्यम से हमें पता चला कि बाइनरी में ब्लैकहोल के घूर्णन की जो गति है, वह अधिकतम संभव गति के काफी करीब है। 2020 में अपना पांच वर्ष का निर्धारित कार्यकाल पूरा करने के दो साल बाद भी 'एस्ट्रोसैट' ब्रह्मांड के अवलोकन, निरीक्षण और विश्लेषण का अपना काम बदस्तूर जारी रखे हुए है और कई साल तक इसमें कोई रुकावट आने की कोई आशंका भी नहीं है।

**स्वयं के जीपीएस ने खत्म की निर्भरता :**
28 अप्रैल, 2016 को इसरो ने नेविगेशन सैटेलाइट 'आईआरएनएसएस -1' जी लॉन्च कर देश को अपना खुद का जीपीएस (ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम) दिलाया। 2013 में शुरू हुई 1420 करोड़ रुपये बजट वाली 'आईआरएनएसएस' (इंडियन रीजनल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम) परियोजना श्रृंखला का यह सातवां और आखिरी सैटेलाइट था। इसकी सफल लॉन्चिंग के बाद, भारत क्षेत्रीय उपग्रह नौवहन प्रणाली रखने वाले विशिष्ट देशों के क्लब में शामिल हो गया। जिनके पास अपना खुद का नेविगेशन सिस्टम है। नेवी और कोस्ट गार्ड्स को नेविगेशन में मदद करने वाले 'आईआरएनएसएस-1 जी' की लॉन्चिंग के वेबकास्ट के दौरान प्रधानमंत्री ने इसे देश के मछुआरों को समर्पित करते हुए 'नाविक' नाम दिया और इस उपलबधि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि, ''अब हम अपना रास्ता खुद ही तय करेंगे। कैसे जाना है और कहां पहुंचना है, ये हमारी अपनी टेक्नोलॉजी के जरिए होगा।'' अमेरिका के जीपीएस पर निर्भरता समाप्त करने वाली, भारत की यह सफलता, हमारे उस स्वाभिमान को भी बढ़ाती है, जिसे कारगिल वॉर के वक्त अमेरिका ने हमारे साथ जीपीएस इन्फॉर्मेशन शेयर करने से इंकार करके ठेस पहुंचाई थी। तभी से भारत में अपने खुद के जीपीएस की जरूरत महसूस की जा रही थी। नाविक से भारत ही नहीं, बल्कि सार्क देशों को भी फायदा मिलेगा।

**एक साथ 104 सैटेलाइट भेजकर बनाया कीर्तिमान :**
फिर आया 2017 का फरवरी महीना। इसरो ने एक और कीर्तिमान बनाते हुए भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में एक बहुत बड़ी कामयाबी दिलाई। इसरो के प्रक्षेपण यान 'पीएसएलवी-सी37' ने श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केन्द्र से एकल मिशन में रिकार्ड 104 उपग्रहों, जिनका संयुक्त वजन 1378 किलोग्राम था, का प्रक्षेपण करते हुए उन्हें सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित कर दिया। इनमें भारत के सिर्फ तीन सेटेलाइट थे, बाकी 101 सैटेलाइट इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात, कजाखस्तान, नीदरलैंड, स्विटजरलैंड और अमेरिका जैसे देशों के थे। इस कामयाबी से, भारत एक साथ इतने सारे उपग्रहों का प्रक्षेपण और स्थापना करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। ऐसी ही एक सफलता भारत ने जून, 2015 में भी अपने खाते में दर्ज की थी, जब उसने एक बार में 57 उपग्रहों का प्रक्षेपण किया था। इससे पहले एकल अभियान में सर्वाधिक सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजने का यह रिकॉर्ड रूस के नाम था, जिसने 2014 में एक साथ 37 सैटेलाइटों का प्रक्षेपण किया था।

**बोधि वृक्ष**

## *आईए सुनें मां वैष्णो की कथा*

**इस** अद्भुत घटना को देखकर सभी लोग हैरान रह गए, तब भक्त श्रीधर ने एक छोटी सी बच्ची को अपनी कुटिया में सबको खिलाते हुए देखा, उसे यह जानने में देर नहीं लगी कि वह लड़की कोई और नहीं बल्कि खुद मां दुर्गा थी। जब इस घटना की सूचना आज पड़ोस के लोगों को लगी तो भैरवनाथ नामक एक साधु को शक हुआ कि यह कोई दिव्य कन्या है, उस कन्या के बारे में जानने के लिए वह साधु कन्या का पीछा करने लगा। भैरवनाथ को देख देवी तेजी से भागने लगी, भैरवनाथ भी उनका पीछा करने लगा। तब देवी कन्या रूप में वायु रूप में बदलकर त्रिकुटा पर्वत की ओर उड़ चली। ऐसी मान्यता भी है की जब देवी भैरवनाथ से बचकर जा रहे थे तो भगवान हनुमान उनकी रक्षा के लिए भैरवनाथ से लड़ने लगे तभी पवन पुत्र हनुमान को प्यास लगी तो माता से आग्रह करने पर माता ने धनुष द्वारा पहाड़ पर बाण चलाकर जल प्रकट किया और उसी जल में अपने केस धोए। जब देवी भागते भागते थक गई तो एक स्थान पर रुक कर पीछे मुड़कर भैरवनाथ को देखने लगी उसी स्थान पर मां दुर्गा की चरणो के निशान बन गये। इस स्थान को चरण पादुका नाम से पूजा जाता है। कन्या रूपी माता ने भैरवनाथ को समझाने की कोशिश की परंतु जब वह नहीं माना तो माता उससे बचने के लिए उसी पर्वत की गुफा में जाकर छिप गई, इस गुफा में देवी दुर्गा 9 महीने तक छुपी रहि। इस गुफा के बाहर हनुमान जी ने 9 महीने तक पहरा दिया और देवी की रक्षा की। जब भैरवनाथ ने कन्या का का पीछा नहीं छोड़ा तो एक साधु वहां से गुजर रहे थे उन्होंने भी भैरवनाथ को समझाने की कोशिश की कि जिसे तुम कन्या समझ रहे हो वह जगत माता देवी दुर्गा है। परंतु भैरवनाथ ने उनकी बात नहीं मानी और उसी को पा के बाहर 9 महीने तक खड़ा रहा। कहा जाता है कि देवी दुर्गा उस गुफा की दूसरी ओर से मार्ग बनाकर निकल गई, तभी से इस गुफा को अर्द्धकुमारी या आदि कुमारी और गर्भ जून नाम से जाना जाने लगा।

(क्रमशः)

# चीन की गीदड़ भभकी पर क्यों परेशान हों?




डॉ. रमेश ठाकुर

***चीन*** ने अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न जगहों का नाम बदलने का एक ऐसा शिफूगा छोड़ा है जिसमें ना आवाज है और न चिंगारियां। फिलहाल यह पहली मर्तबा नहीं हुआ है जब उसने इन जगहों के नाम बदलने की कोशिश की हो। पूर्व में भी वह ऐसी ओछी हरकतें कर भारत को उकसाने का काम किया। उसकी इस गीदड़ भभकी को ज्यादा गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। पर, सतर्कता बरतनी बेहद जरूरी है। दुश्मन चाहे, कमजोर हो या ताकतवर, हल्के में नहीं लेना चाहिए। केंद्र की खुफिया एजेंसियों और अरुणाचल प्रदेश की लोकल इंटेलिजेंस को पैनी निगरानी उन क्षेत्रों पर रखनी होगी, जिनका नाम बदलने का जिक्र किया है। सैन्य पहरा भी जरूरी है क्योंकि यही वो भाग है जिसपर दुश्मन की कई दर्शकों से नजर है। चीन ने अपने सरकारी अखबार के जरिये जो ये विवादित बात कही है, उसके परिणाम दूरगामी भी हो सकते हैं। क्योंकि इस बार उनकी बाकायदा मीटिंग में नाम तय किये गये हैं। जैसे विपक्ष सालों से आरोप लगाता आया है कि चीन अरुणाचल प्रदेश के कई हिस्सों में घुस गया है। आज से दो वर्ष पूर्व यानी दिसंबर-2021 में भी चीन ने अरुणाचल के विभिन्न जगहों के नाम बदले का कोरा झूठ बोला था। तब हमारे विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि चाइना ऐसा करके हमें दिव्य भ्रमित करना चाहता है। अपनी नापाक हरकतों से हमारी नजरें हटाना चाहता था। सोचने वाली बात है, हमसे हजारों किलोमीटर दूर पर बैठे लोग पहले से तय हमारे स्थानों के नाम बदलने की बात करता है। इससे उनके दिमाग का दिवालियापन ही कहा जायेगा। ऐसे तो हमारी सरकार भी दिल्ली में बैठकर शंघाई का नाम 'संघर्ष नगर' रख देगी, तो क्या उससे उसका नाम संघर्ष नगर हो जायेगा। नाम तो नहीं बदलेगा। पर, उपहास जरूर उड़ेगा, जैसा इस वक्त चीन का उड़ रहा है। नाम बदलने का नया विवाद दरअसल है क्या? इसे आसान थ्योरी में अगर समझें, तो इसे चीन की नापाक चाल ही कहेंगे। उसने एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर करीब हमारे 11 अधिकृत स्थानों को अपना नाम दिया है। इसके लिए बाकायदा बीते रविवार को चीनी कैबिनेट की 'स्टेट काउंसिल मीटिंग' आयोजित हुई जिसमें ये सभी प्रस्ताव पारित हुए। अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थानों को बिंदुवार तरीके से नये नाम रखे गये। क्योंकि इन नामों की पहले से उनके पास सटीक भोगौलिक जानकारियां हैं ही, जिन स्थानों के नाम बदलने की ये घोषणा हुई है उनमें दो रिहायशी इलाके हैं। पांच ऊंचे पर्वतों वाली चोटियां हैं। दो नदियां हैं और दो अन्य क्षेत्र हैं। दोनों नदियों का पानी दोनों ओर गिरता है। फिलहाल हमारे पास ये खबर अभी तक चीन सरकार के मुखपत्र 'ग्लोबल टाइम्स' के हवाले से आई है। अधिकृत तौर पर उनकी सरकार ने अभी कोई कोई सूचना नहीं दी है और ना ही ऐसे कोई प्रयास किये गये हैं। गौरतलब है, चीन ने बाकायदा उन स्थानों के अधीनस्थ प्रशासनिक जिलों की श्रेणी भी सूचीबद्ध की है। जबकि, ऐसी ही एक हिमाकत 2017 में भी की थी, जब उसने अरुणाचल के छह स्थानों को अपना बताया था। भारत सरकार ने हमेशा इन हरकतों का प्रतिवाद किया है और करना भी चाहिए। उनको पता है ये उनका मात्र चिढ़ाने वाला तरीका है। जब, कोई लिखित में चिट्ठी या कब्जे की सीधी कोशिशें होगी तो उसका प्रतिकूल और माकूल उत्तर दिया जायेगा। फिलहाल सरकार 'वेट एंड वॉच' की स्थिति में है। बैठक रविवार को हुई थी, दो-तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुगबुगाहट नहीं है, इसका मतलब ये है उन्होंने पहले की तरह सुरसुरी ही छोड़ी है। अभी कुछ महीने पूर्व की ही बात है जब चीन के इसी सरकारी अखबार के हवाले से ये झूठी खबर प्रकाशित हुई कि उन्होंने गलवान घाटी के आसपास से अपनी फोर्स हटाने का निर्णय ले लिया है। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों से भी सेना हटायेंगे।


**चीन ने अरुणाचल के विभिन्न जगहों के नाम बदले का कोरा झूठ बोला था। तब हमारे विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि चाइना ऐसा करके हमें दिव्य भ्रमित करना चाहता है।**

**दुनियादारी**

**फोटो की दुनिया**



**ट्वीट-ट्वीट**


Ajit Anjum
@ajitanjum
मैं अब तक यही जानता था कि CBI देश की Premier Investigating Agency है.

आज सुना कि पीएम मोदी इसे Premium investigation Agency कह रहे हैं .

क्या प्रीमियर को प्रीमियम कहा जा सकता है क्या ?

भाई लोग ज्ञानवर्धन करें .

**फेसबुक वॉल से**

**एक तेली ने मुगलों का तेल कर दिया था जिसका नाम हेमू था उसे विक्रमादित्य भी कहा जाता है अपने जीवन में कोई लड़ाई नहीं हारी थी अब उसका इतिहास आपके बच्चे कहां से जानेंगे**

# रामायण में काण्ड का नाम सुन्दरकाण्ड क्यों?



आत्माराम यादव

***महर्षि*** वाल्मिकी रचित रामायण हो या गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस, दोनों में बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, किष्किंधाकाण्ड, उत्तरकाण्ड नामकरण कर रामकथा के प्रसंगों को इन काण्डों में समाहित किया है, जिसमें सुंदरकाण्ड नामकरण की विशेषताओं का रहस्य विरले ही समझ पाते हैं। विशेषकर वे लोग जो नित्य प्रतिदिन सुंदरकाण्ड का पाठ करते है। रामायण जनमनोहरमादिकाव्यम' रामायण जन-जन को प्रिय है, यह आदिकाव्य है जिसके सभी पात्र ओर उनकी कथाएं सुंदर हैं इसलिए काण्ड का नाम सुंदरकाण्ड रखा गया। रामायण सबके मन में बसी होने से मनोहर है और सुंदरकाण्ड अत्यंत मनोहर ओर सर्वश्रेष्ठ है। इसे सर्वश्रेष्ठ बतलाते हुए कहा है-'सुंदरे सुंदरों रामरू सुंदरे सुंदरी कथा। सुंदरे सुंदरी सीता सुंदरे किन्न सुंदरम। 'सुंदरकाण्ड में राम सुंदर है, सुंदर की कथाएँ सुंदर है, सुंदर में सीता सुंदरी है , सुंदर में क्या सुंदर नहीं है? सुंदर में राम की कथा नहीं है, भक्त हनुमान की कथा ओर सीता की व्यथा हृदय को द्रवित कर देती है, यही सुंदरतम है, प्रश्न उठता है फिर सुंदरे सुंदरों रामः क्यो कहा गया है? सुंदर काण्ड के दो प्रमुख ओर प्रधान चरित्र है सीता ओर हनुमान। श्रीराम सीता अभिन्न है उन्हे प्रथक करके नही देखा गया है, क्योकि सीता के हृदय में राम बसे है ओर ऐसा कोई पल नहीं आया जब सीता ने राम को विस्मृत किया हो तथा हनुमान ने भी जो भी पराक्रम दिखाये, कही आभास नही होने दिया की वे उनके द्वारा किये गये है, अहंकाररहित हनुमान ने जो भी दुर्गम, दुर्जेय वीरोचित कार्य किये उस सभी कार्य का श्रेय उन्होने अपने प्रभु श्रीराम को दिया है, यही सुंदर कथा है, जो सुंदरकाण्ड की शोभा बढ़ाती है। रामायण के प्रत्येक काण्डों का नामकरण करते समय व्यक्तित्व, चरित्र, जीवन ओर स्थान विशेष प्रासंगिक रखे गये हैं। जहां हरेक व्यक्तित्व के चरित्र व गुणों के प्रगट होते ही उनके गुणों की सर्वोत्तमता शिखर पर देखने को मिलती है। बालकाण्ड में राम के बचपन के बाल स्वरूप से ताड़का-सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार, धनुष भंग कर सीता स्वयंवर का चित्रण है तो उत्तरकाण्ड में रावण वध का चरित्र के पश्चात को विस्तार रूप दिया गया है। अयोध्या काण्ड, अरण्यकाण्ड ओर किष्किंधा काण्ड में अयोध्या का उल्लेख, वन प्रदेशों का उल्लेख के आलवा किष्किंधा का उल्लेख है। राम और रावण के युद्ध को लंका काण्ड नाम दिया गया जबकि सुंदरकाण्ड इन सारे पहलुओं से पृथक है ओर यह नाम सर्वथा उच्चासन पर होने से अन्य किसी कथा या प्रसंग सुंदरकाण्ड के आसन पर आसीन नही हो सका है। सुंदरकाण्ड में सभी के चरित्र है विशेषकर इसमें सीता ओर हनुमान की कथा सुंदर है। सीता शक्ति है ओर राम शक्तिमान है। शक्ति ओर शक्तिमान के अनन्य भक्त हनुमान है। शक्तिस्वरूप सीता का हृदय श्रीराम को नहीं छोड़ सकता है।

**रामतापनीय उपनिषद में कहा गया है :** 'यो वै श्रीरामचन्द्ररूस भगवान, या जानकी भुभूर्वः। स्वस्तस्ये वै नमो नमः। 'श्रीराम साक्षात भगवान है ओर देवी जानकी रमा है। राम ही जानकी है, इसीलिए राम के सौंदर्य में ही राम मानस-सरो-भरालिका सौंदर्य है। सुदरकाण्ड में जिस कुंतलाकुल कपोलसुंदरी सीता के रूप गुण का विकास है, वह क्या जाग्रत क्या स्वप्न, सर्वदा श्रीराम के चरण कमलों में सब कुछ समर्पित है इसलिए कहा गया हैः-''सुंदरे सुंदरों रामः।'' वाल्मिकी जी द्वारा रचित सुंदरकाण्ड में हनुमान के चरित्र को प्रधानता देते हुए उच्च शिखर पर रखा गया और हनुमान के समक्ष रावण की तुलना करते हुए रावण को अति तुच्छ मानकर कहा है-ह्वन मे समा रावणकोटयोधमाः रामस्य दासोंहमपारविक्रमः।' रावण जैसे करोड़ों अधम मेरी समता नहीं कर सकते। मैं श्रीराम का दास हूँ। अतः मेरे पराक्रम का कोई थाह नहीं पा सकता है। राम का दास होने के कारण मुझमें अपार विक्रम है।

**हिन्दुफोबिया से ग्रसित लोग जिसे अंधविश्वास और पिछड़ापन कहते रहे आज आधुनिक वैज्ञानिक उसे विज्ञान मानने के लिए विवश हैं। आज जहां एक तरफ देश में हिन्दू राष्ट्र चर्चा का विषय बना हुआ है।**

**अध्यात्म**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)


# शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी होने पर मिलते हैं ये संकेत

हीमोग्लोबिन शरीर के बेहतर कामकाज के लिए काफी जरूरी होता है। लेकिन जब शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी हो जाती है तो शरीर, थकान और सिरदर्द की समस्या होने लगती है। हीमोग्लोबिन की कमी को पूरा करने के लिए आयरन वाली चीजें खानी चाहिए। आपको भी हमेशा कमजोरी, थकान और सिरदर्द जैसी समस्या रहती है तो इसका एक कारण आपके शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी भी हो सकती है। बता दें कि एक तरह का प्रोटीन है, जो रेड ब्लड सेल्स में पाया जाता है। ब्लड सेल्स का हमारे शरीर के चारों ओर ऑक्सीजन ले जाने का काम करती है। वहीं शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी होने से बॉडी का कामकाज बुरी तरह से प्रभावित हो जाता है।

हीमोग्लोबिन कम होने पर शरीर में खून की कमी या किडनी-लीवर संबंधी बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं। शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी होने पर सिरदर्द, थकान-कमजोरी और पीलिया आदि के लक्षण महसूस हो सकते हैं। हीमोग्लोबिन का लेवल बढ़ाने के लिए आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करना जरूरी होता है। आयरन की मदद सेशरीर में हीमोग्लोबिन का उत्पादन बढ़ने के साथ ही रेड ब्लड सेल्स बनने लगते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुरुषों के लिए हीमोग्लोबिन की नॉर्मल रेंज 13.2 से 16.6 ग्राम प्रति डेसीलीटर है। वहीं महिलाओं में 11.6 से 15 ग्राम प्रति डेसीलीटर होना चाहिए।

## हीमोग्लोबिन कम होने के कारण

शरीर में हीमोग्लोबिन कम होने के कई कारण हो सकते हैं। खाने में आयरन और विटामिन इ-12 की कमी का होना, किडनी या लिवर की बीमारी, थाइराइड, खून का कैंसर, थैलासीमिया और फेफड़ों से संबंधी बीमारी आदि शामिल हो सकती हैं।




## लक्षण

दिल की धड़कन बढ़ना
मांसपेशियों में कमजोरी
सांस में कमी
त्वचा का पीला होना और मसूड़ों में खून आना
हमेशा थकान और कमजोरी महसूस होना
हमेशा थकान के साथ सिरदर्द रहना

## विटामिन-सी

AOWMC में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक, हमारा शरीर आयरन को पूरी तरह से अवशोषित नहीं कर पाता है। जिसके कारण शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी होने लगती है। इसके लिए आपको अपनी डाइट में विटामिन सी से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे शिमला मिर्च, टमाटर, अंगूर, जामुन, संतरे और नींबू आदि को शामिल करना चाहिए।

## चुकंदर

चुकंदर में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह मैग्नीशियम, कॉपर, फॉस्फोरस, आयरन, और विटामिन बी1, बी2, बी6, बी12 और सी से भरपूर होता है। चुकंदर के सेवन से हीमोग्लोबिन का लेवल बढ़ने के साथ ही रेड ब्लड सेल्स बनने लगते हैं। चुकंदर का सेवन आप सलाद, जूस या फिर सब्जी के तौर पर कर सकते हैं।

## सहजन

IJFCM की एक स्टडी के अनुसार, सहजन की पत्तियां भी हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होती हैं। सहजन की पत्तियों में मैग्नीशियम, जिंक, आयरन, कॉपर, विटामिन ए, बी और सी जैसे मिनरल्स पाया जाता है। हीमोग्लोबिन और रेड ब्लड सेल्स के लिए सभी तत्व आयरन जरूरी होते हैं। सहजन की पत्तियों का गुड़ के साथ सेवन करने से ज्यादा लाभ मिलता है। इसके अलावा आप डॉक्टर की सलाह से इसके रस का भी सेवन कर सकते हैं या फिर सहजन की फली की सब्जी भी बना सकते हैं।

## हरे पत्ते वाली सब्जियां

हरी सब्जियां में आयरन का स्त्रोत पाया जाता है। पालक, सरसों का साग, अजवाइन और ब्रोकली आदि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। पालक को पकाकर इसका सेवन करना चाहिए। कच्ची पत्तियों में ऑक्सालिक एसिड शरीर में आयरन के अवशोषण को रोक सकता है। पालक आदि में मौजूद विटामिन बी 12, फोलिक एसिड और अन्य पोषक हमारे शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ाने का काम करता है।

## ब्रोकली

ब्रोकली बी-कॉम्प्लेक्स विटामिन फोलिक एसिड और आयरन का बढ़िया स्त्रोत होता है। ब्रोकली मैग्नीशियम, विटामिन ए और सी जैसे अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होती है। आयरन और हीमोग्लोबिन का लेवल बढ़ाने के लिए आप इसको सलाद या फिर उबालकर भी खा सकते हैं।

## अनार

अनार में काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन और फाइबर के साथ-साथ कैल्शियम और आयरन भी पाया जाता है। अनार में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। हीमोग्लोबिन और आयरन का लेवल बढ़ाने के लिए अनार का जूस काफी फायदेमंद होता है।

## खजूर और कद्दू के बीज

आयरन का सबसे बढ़िया स्त्रोत खजूर होता है। यह खून में हीमोग्लोबिन का लेवल बढ़ाता है। हालांकि डायबिटीज के मरीजों को खजूर के अधिक सेवन से बचना चाहिए। वहीं कद्दू के बीज में मैग्नीशियम, कैल्शियम, मैंगनीज और आयरन पाया जाता है।

**- अनन्या मिश्रा**

# इन सब्जियों का जूस यूरिक एसिड को मिनटों में करेगा खत्म

खून में यूरिक एसिड का लेवल बढ़ने पर कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। यूरिक एसिड का लेवल बढ़ने पर शरीर, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द बना रहता है। वहीं इससे कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। हालांकि आप इसे अपने खानपान से कम कर सकते हैं। अगर आपके शरीर, उंगलियों, जोड़ों, पंजो और पीठ के निचले हिस्से में गंभीर दर्द रहता है। यह लक्षण यूरिक एसिड लेवल के बढ़े होने का संकेत हो सकता है। मांसपेशियों में ऐंठन और जोड़ों में दर्द सिर्फ गठिया के कारण ही नहीं बल्कि यूरिक एसिड के बढ़ने से भी होने लगता है। यूरिक एसिड क्या होता है। बता दें कि जब आपको खानपान खराब हो जाता है, जीवनशैली सुस्त या अधिक तनाव होने पर शरीर में यूरिक एसिड का लेवल बढ़ जाता है।



## यूरिक एसिड के नुकसान

यूरिक एसिड का लेवल बढ़ने पर यह किडनियों, लिवर और दिल के कामकाज को बाधित करने लगता है। जिसके कारण शरीर और मांसपेशियों में दर्द की समस्या हो सकती है। खून में बहुत अधिक यूरिक एसिड बढ़ने से कई गंभीर बीमारियों जैसे किडनी की पथरी, हाइपरयुरिसीमिया, गठिया और गाउट आदि का भी खतरा हो सकता है। फैट टू स्लिम की डायरेक्टर और न्यूट्रिशनिस्ट एंड डाइटीशियन शिखा अग्रवाल शर्मा ने यूरिक एसिड लेवल कम करने में मदद करने वाले कुछ खास जूसों के बारे में बताया है। जिसके सेवन से आप यूरिक एसिड के लेवल को कंट्रोल कर सकते हैं।

## यूरिक एसिड का लेवल कैसे करें कम

यूरिक एसिड के लेवल को कम करने के लिए कई दवाएं उपलब्ध हैं। लेकिन आप अपने खानपान के तरीके में बदलाव कर यूरिक एसिड को खत्म कर सकते हैं। इसके लिए आपको प्यूरिन से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचना होगा। प्यूरिन से भरपूर खाद्य पदार्थ में लाल मांस, शराब, मछली, बियर, ब्रोकली और केला आदि चीजें शामिल हैं। इसके अलावा आप इन जूसों के सेवन से यूरिक एसिड लेवल को कम कर सकते हैं।

## खीरे का रस

खीरे के रस में नींबू मिलाकर सेवन किए जाने से लिवर, किडनी को डिटॉक्स करने में मदद करता है। साथ ही ब्लड फ्लो में यूरिक एसिड का लेवल कम होता है। पोटेशियम और फास्फोरस की मदद से किडनी को डिटॉक्स करता है। साथ ही यह जूस किडनी के कामकाज को सुचारू रूप से चलाने और बॉडी से विषाक्त पदार्त को बाहर निकालता है।

## गाजर का रस

ताजा गाजर के रस में नींबू का रस मिलाकर सेवन किए जाने से बढ़े हुए यूरिक एसिड को कम किया जा सकता है। गाजर के जूस में विटामिन A, एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर, बीटा कैरोटीन, मिनरल्स पाया जाता है। जो आपके शरीर में बढ़े हुए यूरिक एसिड से होने वाले नुकसान को कम करता है। वहीं नींबू में टीऑक्सिडेंट, विटामिन सी पाया जाता है। जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है।

## अदरक की चाय

अदरक की चाय का सेवन किए जाने से भी यूरिक एसिड को कम किया जा सकता है। अदरक में पाए जाने वाले एंटीसेप्टिक, एंटी-इंफ्लेमेटरी और हीलिंग गुणों के कारण यूरिक एसिड कम होता है। इसके साथ ही अदरक में एंटीऑक्सिडेंट और मिनरल्स भी पाया जाता है। जो सूजन, शरीर में दर्द और जोड़ों के दर्द से राहत देता है।

## ग्रीन टी

ग्रीन टी के सेवन से न सिर्फ आपकी इम्यूनिटी सिस्टम मजबूत होती है। बल्कि यह यूरिक एसिड को भी कम करने का काम करती है। ग्रीन टी में पाए जाने वाले एंटीऑक्सिडेंट और बायोएक्टिव यौगिक कुछ ही दिनों में स्वाभाविक रूप से यूरिक एसिड को कम करने में मदद कर सकते हैं।

# रिवर राफ्टिंग के समय भूलकर भी न करें ये गलतियां

रिवर राफ्टिंग का नाम आते ही हमारे दिमाग में पानी की लहरें, नाव आदि आने लगता है। लेकिन रिवर राफ्टिंग के दौरान हम अधिक उत्साहित होने के कारण कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं। जो हमारी जान को जोखिम में डाल देती हैं। ऐसे में रिवर राफ्टिंग के दौरान इन गलतियों को करने से बचें। हर व्यक्ति का स्वभाव अलग-अलग होता है। जब घूमने के उद्देश्य से कोई व्यक्ति निकलता है तो कुछ लोग हसीन वादियों को देखना पसंद करते हैं। तो वहीं कुछ लोगों की पहली पसंद एडवेंचर होती है। ऐसे लोग हमेशा कुछ न कुछ एडवेंचर करना पसंद करते हैं। वहीं अपने दोस्तों के साथ किसी हिल स्टेशन पर ट्रैकिंग, पैराग्लाइडिंग, रॉक क्लाइंबिंग आदि एडवेंचर करने का एक्सपीरियंस ही अलग होता है। इसके साथ ही ग्रुप के साथ रिवर राफ्टिंग करना भी अलग तरह की मस्ती होती है। हालांकि पहली बार रिवर राफ्टिंग के दौरान अक्सर हमारे मन में डर बैठा होता है। कई चीजें दिमाग में चलने और जर होने के कारण कई बार गलतियां भी कर बैठते हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने दोस्तों के साथ रिवर राफ्टिंग का प्लान बना रहे हैं तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।



## अधिक उत्साह

अक्सर जब लोग अपने दोस्तों के साथ पहली बार रिवर राफ्टिंग के लिए जाते हैं तो वह अधिक उत्साहित हो जाते हैं। अधिक उत्साहित होने के कारण वह गाइड द्वारा बताए गए नियमों को नजर अंदाज कर देते है। ऐसे में अगर आप भी अपने दोस्तों के साथ रिवर राफ्टिंग के लिए जा रहे हैं तो गाइड द्वारा बताई गई बातों को ध्यान से सुनिए। गाइड राफ्टिंग शुरू करने से पहले आपको सेफ्टी से जुड़ी कई बातें बतातें हैं। ऐसे में खतरे की स्थिति बनने पर आप गाइड द्वारा बताए गए टिप्स को फॉलो कर सकते हैं।

## लाइफ जैकेट और हेलमेट

एडवेंचर एक्टिविटीज करने के दौरान कुछ लोग लाइफ जैकेट और हेलमेट पहनना जरूरी नहीं समझते हैं। लेकिन आप यह गलती न करें। क्योंकि इससे मुसीबत बढ़ सकती है। कई बार पानी की तेज लहरों का सामना करने के लिए लाइफ जैकेट और हेलमेट सहारा बनता है। ऐसे में रिवर राफ्टिंग के दौरान लाइफ जैकेट और हेलमेट पहनना न भूलें।

## तैरना आता हो

अगर आपको पानी में जाने से डर नहीं लगता या आपको अच्छे से तैरना आता हो, तभी आपको रिवर राफ्टिंग करनी चाहिए। क्योंकि कई बार लोग जोश-जोश में रिवर राफ्टिंग के लिए पानी के अंदर उतर तो आराम से जाते हैं। लेकिन इसके बाद वह पैनिक होने लगते हैं। इसलिए आपको भी ऐसी गलती करने से बचना चाहिए।

## राफ्टिंग बोट से खुद को बांधना न भूलें

आपको बता दें कि राफ्टिंग बोट के किनारे-किनारे से रस्सी बंधी होती है। राफ्टिंग के दौरान जो लाइफ जैकेट आप पहने होते हैं। उसमें मौजूद हुक को राफ्टिंग बोट में मौजूद रस्सी से बांध दिया जाता है। जिससे की पानी की तेज लहर आने पर आप बोट से नीचे न गिरें। इसलिए सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए इन टिप्स को जरूर फॉलो करना चाहिए।

## ये टिप्स भी करें फॉलो

राफ्टिंग करते समय पौडल को सही दिशा में चलाना चाहिए।
राफ्टिंग के दौरान गाइड द्वारा बताए गए हर सुझाव को ध्यान से सुनें।
राफ्टिंग के दौरान सनस्क्रीन, सनग्लास और कंफर्टेबल फुटवियर का इस्तेमाल करें।

## सूडोकु नवताल- 6661

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6660 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## दैनिक पंचांग

**06 अप्रैल 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.17 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | वृष | 07.57 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 09.55 बजे से |
| बुध | मेष में | कर्क | 12.09 बजे से |
| गुरु | मीन में | सिंह | 14.25 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 16.37 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.47 बजे से |
| राहु | मेष में | वृश्चिक | 21.02 ब.से |
| केतु | तुला में | धनु | 23.18 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | मकर | 01.23 बजे से |
| | | कुंभ | 03.10 बजे से |
| | | मीन | 04.43 बजे से |

**गुरुवार** 2023 वर्ष का 96 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पूर्णिमा 10.05 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** हस्त 12.42 बजे को समाप्त। **योग** व्याघात 02.31 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बव 10.05 बजे तदनन्तर बालव 22.16 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 15.3 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 06° 16' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871575 **जूलियन दिन** 2460040.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** रमजान **तारीख** 14 **विशेष** हनुमान जयंती, चैत्र पूर्णिमा, धरती पूजा।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7724

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 |
| | ■ | ■ | 5 | 6 | 7 | | ■ | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | | ■ | ■ | |
| ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ | ■ | 13 | |
| ■ | 14 | | | ■ | 15 | 16 | | ■ |
| 17 | | ■ | ■ | 18 | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | 20 | | ■ | ■ | 21 | 22 |
| | ■ | 23 | | | 24 | ■ | ■ | |
| 25 | | | ■ | ■ | 26 | | | |

### बाएँ से दाएँ

1.साले की पत्नी-4
3.उच्च कुल का -3
5.पाताल-4
8.व्यंग,चुटीली बात-2
10.दुख,कष्ट-2
11.शराब का प्याला-2
13.सत्य,तेज-2
14.जुड़वा-3
15.विश्राम,राहत-3
17.मक्का-मदीना की यात्रा-2
19.झुका हुआ-2
20.टैक्स,हाथ-2
21.होठ,अधर-2
23.सुरक्षित-4
25.नाश,विनाश,विध्वंस-3
26.निश्चित -4

### ऊपर से नीचे

1.नदी-3
2.संपत्ति,धन-2
3.वंश,खानदान-2
4.उत्तमता,परिष्कृतता-4
6.समुद्र,दरिया-3
7.अंधकार-2
9.जो जायज न हो-4
12.संस्कृत में 'मेरा'-2
13.सपाट- 4
16.जांघ-2
17.पैगंबर,महापुरुष-4
18.रनिवास (उर्दू-3)
20.हुनर,फन-2
22.देह,काया-3
23.गलत का विलोम -2
24.निश्चित-2

### शब्द पहेली - 7723 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फि | त | र | त | ■ | म | ला | म | त |
| र | ■ | त | ल | ब | गा | र | ■ | मी |
| गी | ला | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ह | ज |
| ■ | ल | ■ | क | न | क | ■ | म | ■ |
| ध | कि | या | ना | ■ | या | या | व | र |
| ■ | ता | ■ | त | म | स | ■ | त | ■ |
| ऐ | ब | ■ | ■ | ना | ■ | ■ | न | न |
| न | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ल | म | ल |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में सरकारी हस्तक्षेप बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। अधिक परिश्रम करने पर सफलता मिलेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च भी अधिक बढ़ेगा।

**वृष राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने के योग हैं। किसी यात्रा पर जा सकते हैं। खुद पर संयम रखें।

**मिथुन राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों के सहयोग से कारोबार में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। बड़े कार्यों में सफलता हासिल होगी।

**कर्क राशि** : आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। आर्थिक लाभ मिल सकता है। नौकरी तथा कारोबार के क्षेत्र में धनलाभ के योग हैं।

**सिंह राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। आकस्मिक धनलाभ के योग हैं। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। नए कार्य शुरू करने के लिए दिन अनुकूल नहीं है।

**कन्या राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। मन अशांत और शरीर थोड़ा थकान से भरा रहेगा। आर्थिक लाभ होगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने की संभावना रहेगी।

**तुला राशि** : आज का दिन अच्छा बीतेगा। आकस्मिक धनलाभ होने की भी संभावना है। दोस्तों से लाभ हो सकता है। नौकरी-पेशे वाले लोगों को लाभ होगा।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन शुभ रहेगा। पूरा दिन अद्भुत अनुभव व जोश से भरा रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। अधिकारी आप के कार्य से संतोष का अनुभव करेंगे।

**धनु राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक लाभ के योग रहेंगे, लेकिन परिश्रम की भी अधिकता रहेगी। नौकरी में अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मकर राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। आकस्मिक धनलाभ मिल सकता है। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात आनंदायक रहेगी। छात्रों के लिए अच्छा समय है। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**कुंभ राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है, खर्चों की अधिकता रहेगी। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है।

**मीन राशि** : आज का दिन लाभदायक रहेगा। निवेश करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। शारीरिक व मानसिक रूप से उत्तम रहेगा। परिजन व पड़ोसियों से बहस करने से बचें, क्योंकि कोई छोटी सी बहस भी बड़े झगड़े में परिवर्तित हो सकती है।




## NEWS इन ब्रीफ

### पीएम, योगी को जान से मारने की धमकी भरा आया मेल

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 16ए स्थित फिल्म सिटी में एक निजी चैनल के सीएफओ को एक मेल आया जिसके बाद हड़कंप मच गया। मेल भेजने वाले ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी को जान से मारने की धमकी दी थी। मेल मिलने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करते हुए साइबर सेल की टीम के साथ मामले की जांच शुरू कर दी है। नोएडा के थाना 20 सेक्टर में शिकायत दी गई है। पुलिस ने तत्काल थाना सेक्टर 20 में मुकदमा दर्ज करा दिया और टीम का गठन किया जो जांच में जुटी हुई है।

### बिहार में हिंसा सुनियोजित तरीके से कराई गई : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के सासाराम और नालंदा में हुई हिंसा को सुनियोजित साजिश बताते हुए कहा कि यह जानबूझकर कराई गई है। उन्होंने कहा कि एक-एक चीज की जांच कराई जा रही है। पटना में बुधवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि साजिश के तहत बिहार में हिंसा कराई गई है। जल्द ही हिंसा का सच सामने आएगा। उन्होंने कहा कि कुछ खास नहीं है, सब कुछ नार्मल है। बिहारशरीफ में जिसने गड़बड़ी की है, उन सभी का पता चलेगा।

### गैंगस्टर दीपक बॉक्सर को मैक्सिको से लाया गया भारत

**नई दिल्ली।** भारत के मोस्ट वांटेड गैंगस्टर्स में से एक दीपक बॉक्सर को बुधवार को हिंदुस्तान लाया गया। उसे दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की एक टीम ने एफबीआई की मदद से मेक्सिको में गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दीपक बॉक्सर जाली पासपोर्ट पर भारत से मेक्सिको भाग गया था। स्पेशल सेल की साउथ वेस्ट रेंज की एक टीम एफबीआई की मदद से दीपक बॉक्सर को भारत वापस लाने के लिए मेक्सिको गई थी।

### ईडी केस में भी मनीष सिसोदिया को 17 अप्रैल तक जेल

**नई दिल्ली।** कथित शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ जो केस दर्ज किया है उसमें अदालत ने उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत पर सुनवाई के बाद उन्हें 17 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

---

### एनसीईआरटी की पुस्तकों पर मचा बवाल

# नई बुक से संघ, गांधी, गोडसे से जुड़े कुछ तथ्य हटाए गए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस वर्ष नए सत्र के लिए एनसीईआरटी की नई किताबें आ चुकी हैं। पिछले वर्ष एनसीईआरटी ने विभिन्न विषयों की किताबों से कई अध्याय और तथ्य हटाए थे। एनसीईआरटी द्वारा किए गए इन बदलावों के साथ अब यह नई किताबें छात्रों को पढ़ाई जानी हैं। ऐसे ही एक बड़े बदलाव के अंतर्गत एनसीईआरटी ने कक्षा 12 की पुस्तक में वह तथ्य भी हटा दिए हैं जिसमें कहा गया था कि महात्मा गांधी की हिंदू मुस्लिम एकता की खोज ने हिंदू चरमपंथियों को उकसाया। साथ ही वो पैराग्राफ भी हटा दिए गए हैं, जिसमें महात्मा गांधी की हत्या के उपरांत आरएसएस पर कुछ समय के लिए प्रतिबंध लगाने की जानकारी दी गई थी। गौरतलब है कि बीते वर्ष एनसीईआरटी ने पाठ्य पुस्तकों से गुजरात दंगों का संदर्भ व मुगल साम्राज्य आदि चैप्टर हटाने का निर्णय लिया था। एनसीईआरटी ने छठी से 12वीं कक्षा तक अलग-अलग पुस्तकों में कई बदलाव किए हैं। कक्षा 12वीं की किताब पॉलिटिक्स इन इंडिया सिंस इंडिपेंडेंस से राइज ऑफ पॉपुलर मूवमेंट्स और एरा ऑफ वन पार्टी डोमिनेंस को भी हटाया गया है। इसी प्रकार कक्षा 10वीं की पाठ्यपुस्तक 'लोकतांत्रिक राजनीति-2' से 'लोकतंत्र और विविधता', 'लोकप्रिय संघर्ष और आंदोलन', 'लोकतंत्र की चुनौतियां' पर अध्याय हटा दिए गए हैं। इनमें कांग्रेस, सोशलिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय जनसंघ और स्वतंत्र पार्टी के प्रभुत्व के बारे में बताया गया था जबकि 10वीं कक्षा की किताब डेमोक्रेटिक पॉलिटिक्स-2 से लोकतंत्र और विविधता, लोकप्रिय संघर्ष और आंदोलन, लोकतंत्र की चुनौतियां जैसे पाठ भी हटा दिए गए हैं।

नेशनल कॉउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) के बारहवीं कक्षा के इतिहास की किताब में लगभग 15 वर्षों तक गोडसे की जाति का जिक्र था, जिसे अब हटा दिया गया है। महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को पाठ्य पुस्तकों में पुणे के एक ब्राह्मण के रूप में संदर्भित किया गया था। इसे भी अब एनसीईआरटी की किताबों से हटा दिया गया है। एनसीईआरटी के मुताबिक उन्हें लंबे समय से सीबीएसई और अधिकांश राज्य शिक्षा बोडरें द्वारा इस संदर्भ में शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों में कहा गया था किए स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में किसी की जाति का अनावश्यक रूप से उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए। एनसीईआरटी के मुताबिक इन्हीं शिकायतों को देखते हुए यह बदलाव किया गया है।

इन बदलावों पर एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी का कहना है कि जैसा कि हमने पिछले साल भी समझाया थाए कोविड महामारी के कारण छात्रों में सीखने का बहुत नुकसान हुआ है। तनावग्रस्त छात्रों की मदद करने के लिए और समाज और राष्ट्र के प्रति एक जिम्मेदारी के रूप मेंए यह महसूस किया गया कि पाठ्यपुस्तकों का भार कम किया जाना चाहिए।

इसके साथ ही एनसीईआरटी ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है कि बदलाव एक खास विचारधारा के अनुरूप किए गए हैं।





### 'आधुनिक भारत' की शुरुआत 2014 से होनी चाहिए : सिब्बल



**राष्ट्रीय शिक्षा** अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा इतिहास की किताबों से कुछ अध्याय हटाए जाने पर कटाक्ष करते हुए निर्दलीय राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने बुधवार को कहा कि आधुनिक भारत का इतिहास 2014 से शुरू होना चाहिए। उन्होंने एक ट्वीट में लिखा, एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकः प्रभावित हुएः 1) हिंदू-मुस्लिम एकता की गांधी की तलाश 2) आरएसएस पर प्रतिबंध 3) गुजरात दंगों से जुड़े सारे संदर्भ 4)समसामयिक भारत के विरोध जो सामाजिक आंदोलन बन गए। उन्होंने लिखा, मोदी जी के 'भारत' के अनुरूप आधुनिक भारत का इतिहास 2014 से शुरू होना चाहिए..। यह बदलाव एनसीईआरटी का अनुसरण करने वाले देश के सभी स्कूलों पर लागू होगा। इसी प्रकारए एनसीईआरटी हिंदी की पाठ्य पुस्तकों से भी कुछ कविताएं और पैराग्राफ हटाएगा। एनसीईआरटी के अनुसारए ये सभी बदलाव मौजूदा शैक्षणिक सत्र 2023-24 से ही लागू होंगे।

---

### प. बंगाल में रामनवमी के जुलूसों के दौरान हुई हिंसा का मामला

# हनुमान जयंती पर राज्य सरकार केंद्रीय बल तैनात करे : हाईकोर्ट



**एजेंसी। कोलकाता**

कलकत्ता हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार को रामनवमी के जुलूसों के दौरान हुई हिंसा की पुनरावृत्ति से बचने के लिए 6 अप्रैल को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर केंद्रीय सशस्त्र बलों को तैनात करने का निर्देश दिया। हिंसा तीन जिलों में 30 मार्च को भड़की थी और तीन अप्रैल की रात तक जारी रही थी। कलकत्ता हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की पीठ ने राज्य सरकार को राज्य में संवेदनशील इलाकों की पहचान करने और वहां केंद्रीय सशस्त्र बलों की मदद लेने का निर्देश दिया। साथ ही संभाग ने राज्य पुलिस को यह भी निर्देश दिया कि बुधवार की रात से उन पॉकेट्स में केवल एरिया डोमिनेशन के उद्देश से रूट मार्च निकाला जाए। न्यायमूर्ति शिवगणनम ने कहाः मामले को देखते हुए यह स्पष्ट है कि राज्य पुलिस अकेले मामलों का प्रबंधन नहीं कर सकती है।

रामनवमी के जुलूसों पर हिंसा के संभावित प्रकोप के बारे में कोई पूर्व सूचना नहीं होने के कारण राज्य पुलिस की खुफिया शाखा को भी खंडपीठ की आलोचना का सामना करना पड़ा।

अदालत ने कहा कि हाल के दिनों में हिंसा की घटनाओं के बीच उस क्षेत्र में किसी भी जुलूस की अनुमति नहीं दी जाएगी जहां धारा 144 लागू की गई है।

खंडपीठ ने यह भी सुझाव दिया कि क्या हनुमान जयंती के अवसर पर जुलूस उन क्षेत्रों के माध्यम से किया जा सकता है जो महाराष्ट्र में गणेश चतुर्थी के जुलूस के मामले में किया जाता है। इस मामले पर राज्य सरकार के वकील ने कोर्ट को बताया कि हालांकि राज्य के सभी कोनों में सभी जुलूसों के लिए बैरिकेड्स लगाना संभव नहीं होगाए संवेदनशील क्षेत्रों के मामले में भी ऐसा ही किया जाएगा। राज्य सरकार के वकील ने अदालत को यह भी बताया कि पुलिस उन जुलूसों के आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई करेगी जो लगाए गए प्रतिबंधों की धज्जियां उड़ाएंगे। आयोजकों को संबंधित जुलूस में अनुमानित भीड़ के बारे में भी पुलिस को सूचित करना होगा और आयोजकों को इसके लिए दी गई समय सीमा पर भी मौजूद रहना होगा।

### रिशरा में अभी भी तनाव, पुलिस कर रही है लगातार गश्त, इलाके में लागू है धारा 144

**कोलकाता।** हालांकि हावड़ा और उत्तरी दिनाजपुर में पूरी तरह से सामान्य स्थिति बहाल हो गई है, लेकिन रिशरा में अभी भी तनाव बना हुआ है। इस पूरे इलाके में भारी पुलिस दल लगातार गश्त पर है। रिशरा में अभी भी धारा 144 लागू है और इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं। न्यायमूर्ति शिवगणनम ने कहा कि पहले भी ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं जब राज्य सरकार ने केंद्रीय एजेंसियों की सहायता मांगी और वह इस मामले में भी इसी तरह की सहायता मांग सकती है। गौरतलब है कि बंगाल में सांप्रदायिक हिंसा को लेकर पक्ष और विपक्ष लगातार एक-दूसरे पर हमलावर हैं।

### रामनवमी हिंसा पर ओआईसी के बयान की भारत ने निंदा की

**नई दिल्ली।** इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) ने रामनवमी के दौरान देश में कुछ जगह हुई हिंसा को लेकर बयान जारी किया था, जिसकी भारत ने निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ए. अरिंदम बागची ने कहा, हम ओआईसी सचिवालय द्वारा भारत के संबंध में जारी किए गए बयान की कड़ी निंदा करते हैं। यह उनकी सांप्रदायिक मानसिकता और भारत विरोधी एजेंडे का एक और उदाहरण है। ओआईसी भारत विरोधी ताकतों को लगातार बढ़ावा देकर केवल अपनी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाता है। ओआईसी ने अपने बयान में 31 मार्च को बिहारशरीफ में हुई घटना का जिक्र करते हुए रामनवमी में जुलूसों के दौरान हुई हिंसा को मुस्लिमों पर संगठित हमला बताया था।

---

### अनुच्छेद 370 हटने के बाद 185 बाहरी लोगों ने जम्मू-कश्मीर में खरीदी जमीन

# 1559 कंपनियों ने किया निवेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में बताया कि जम्मू कश्मीर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसारए साल 2020, 2021 और 2022 में 185 बाहरी लोगों ने केंद्र शासित जम्मू कश्मीर में जमीन खरीदी है। गृह राज्यमंत्री ने बताया कि केंद्र शासित लद्दाख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बीते तीन सालों में लद्दाख में किसी भी बाहरी व्यक्ति ने जमीन नहीं खरीदी है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने सदन को ये भी बताया कि जम्मू कश्मीर में बीते तीन सालों में 1559 भारतीय कंपनियों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने निवेश किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ने श्क्राइम इन इंडियाश नामक अपनी रिपोर्ट में बताया है कि आईपीसी और स्पेशल एंड लोकल लॉ के अनुसारए नाबालिगों के खिलाफ दर्ज मामलों में कमी आ रही है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने बताया कि साल 2019 में नाबालिगों के खिलाफ 32,269 मामले दर्ज हुए। वहीं 2020 में 29,768 और 2021 में 31,170 मामले दर्ज हुए हैं। उन्होंने कहा कि डाटा से पता चलता है कि 2019 के मुकाबले इनमें कमी आई है।

### एम्मार समूह ने किया ढाई सौ करोड़ का निवेश

केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का ऐतिहासिक फैसला लिया था। इसके बाद जम्मू कश्मीर में विदेशी निवेश का राह खुल गई है। बीते महीने ही जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने ढाई सौ करोड़ रुपए की लागत से बन रहे मॉल की आधारशिला रखी थी। इस मॉल का निर्माण संयुक्त अरब अमीरात स्थित एम्मार ग्रुप द्वारा राजधानी श्रीनगर के सेमपोरा इलाके में किया जा रहा है। इसके अलावा समूह जम्मू और श्रीनगर में आईटी टावर भी स्थापित कराएगा।

---

### पलटवार | राउत का फडणवीस पर हमला, कहा

# मैदान में हमारा सामना करें

**एजेंसी। मुंबई**

शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने बुधवार को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को ईडी-सीबीआई को अलग रखने और विपक्ष का सामना करने की चुनौती दी। साथ ही, सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से ठाणे में अपनी पार्टी के सहयोगी पर हुए हमले पर उनका ध्यान आकर्षित करने के लिए मुलाकात की। फडणवीस को कड़े जवाब में राउत ने कहा कि वे विपक्षी दलों के खिलाफ इतनी बातें कर रहे हैं, क्योंकि उनके पीछे ईडी-सीबीआई बॉडीगार्ड की तरह हैं। फडणवीस के इस दावे का जिक्र करते हुए कि वह 'कायर' नहीं है, जैसा कि शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष और पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने उन्हें लेबल दिया था। ठाकरे पर



पलटवार करते हुए, फडणवीस ने मंगलवार को कहा था कि मैं फड़तूस नहीं, कारतूस हूं और मैं झुकूंगा नहीं बल्कि छेदूंगा जबकि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने पूर्व मुख्यमंत्री को चुप रहने या डिप्टी सीएम की आलोचना करने के परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। संबंधित मामले में शिवसेना (यूबीटी) सांसद चतुर्वेदी ने नई दिल्ली में शाह से मुलाकात की और उन्हें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गृहनगर ठाणे में अपने पार्टी सहयोगी पर हमले की जानकारी दी और बताया कि कैसे पुलिस इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कर रही है। **राउत ने पलटवार किया :** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में आपकी सरकार को श्कायरश कहा है। आपका गृह मंत्री बनना हमारे लिए समस्या नहीं हैए बल्कि राज्य के लिए समस्या है।। महिलाओं पर हमले हो रहे हैं, आपके (फडणवीस) गृह मंत्री बनने के बाद मंत्रालय में तीन महिलाओं ने आत्महत्या की। मुख्यमंत्री इसके बारे में क्या कर रहे हैं। राउत ने बावनकुले पर निशाना साधते हुए पूछा कि (बावनकुले) को 2019 में चुनाव का टिकट क्यों नहीं दिया गया, किसने उनका टिकट काट दिया और उन्होंने बिजली विभाग में क्या कियाए जिसे भाजपा प्रमुख ने पिछले शासन में संभाला था।

---


## FILMY हलचल

### दुबई में राम चरण और उपासना ने बेबी शॉवर की मेजबानी की



**उपासना** और उनके पति राम चरण ने वीकेंड में दुबई में अपना बेबी शॉवर पार्टी एन्जॉय की। पार्टी में करीबी दोस्तों और परिवार के लोगों ने भाग लिया। अभिनेता राम चरण की पत्नी की उपासना की बहनों, अनुष्पाला कामिनेनी और सिंदूरी रेड्डी ने खुशी के पल की मेजबानी की। वहीं उपासना की दादी ने अपनी अदाओं से सबका दिल जीत लिया। उपासना ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने राम चरण के साथ जश्न की खास यादें साझा कीं। उनकी प्रेरक मातृत्व यात्रा कई कामकाजी महिलाओं के लिए शक्ति का स्रोत रही है जो अपने करियर और पारिवारिक जीवन को संतुलित करने का प्रयास करती हैं।

### फिल्म उद्योग से आए थे धमकी भरे पत्र : कन्नड़ अभिनेता किच्चा सुदीप



**कन्नड़ अभिनेता** किच्चा सुदीप ने बुधवार को कहा कि उन्हें जारी किए गए धमकी भरे पत्र कन्नड़ फिल्म उद्योग के कुछ लोगों की करतूत हैं। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, यह निश्चित रूप से फिल्म उद्योग के व्यक्तियों द्वारा किया जाता है। मुझे पता है कि इस विकास का जवाब कैसे देना है। इन मामलों को कानूनी रूप से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। सुदीप ने कहा, यह अच्छी तरह जानते हुए भी कि इसके पीछे कौन है, मैंने चुप रहना चुना। साजिश जल्द सामने आएगी। मैं इसे ऐसे ही नहीं छोड़ूंगा। मैंने कुछ फैसले लिए हैं और मैं उनके साथ खड़ा रहूंगा। सभी राजनीतिक दलों में मेरे मित्र हैं। मैंने अपने दोस्तों के लिए एक फैसला किया है। उन्होंने कहा, यह दूसरों के लिए भी सबक होना चाहिए। घटना का कोई राजनीतिक संबंध नहीं है। मैं जानता हूं कि इसके पीछे कौन है और जांच में इसका खुलासा होने दीजिए.. मैं किसी चीज से नहीं डरूंगा। यह सच है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि कर्नाटक पुलिस ने कन्नड़ सुपरस्टार किच्छा सुदीप को धमकी भरे पत्रों के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की है जिसमें बदमाशों ने उन्हें चेतावनी दी है कि वे उनका निजी वीडियो जारी कर देंगे। बेंगलुरु की पुत्तनहल्ली पुलिस ने आईपीसी की धारा 506 और 504 के तहत मामला दर्ज कर दोषियों को पकड़ने के लिए जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले को उच्च जांच अधिकारियों को सौंपने की भी सोच रही है। पुलिस ने बताया कि अभिनेता सुदीप को दो धमकी भरे पत्र मिले थे।

### 'पुष्पा-2' को लेकर मेकर्स ने शेयर किया वीडियो, फैंस को दिया सरप्राइज



**साउथ सुपरस्टार** अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना फिल्म 'पुष्पा-2' का इंतजार कर रहे फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म 'पुष्पा-2' का एक विडियो शेयर किया है। इस विडियो में डायरेक्टर सुकुमार ने फैंस को पुष्पराज की पहली झलक दिखाई है। शेयर हुए वीडियो में 'पुष्पा' को तिरुपति जेल से फरार दिखाया गया है। पुलिस किसी की तलाश में जुटी है और शहर में दंगे जैसे हालात पैदा हो गए हैं, लेकिन मेकर्स ने बताया कि यह सफर अभी खत्म नहीं हुआ है। पुष्पा राज की तलाश शुरू हो गई है, लेकिन जल्द ही उनकी एक और झलक देखने को मिलेगी। विडियो शेयर कर मेकर्स ने साफ किया कि पुष्पा-2 का टीजर अल्लू अर्जुन के जन्मदिन के एक दिन पहले रिलीज किया जाएगा। अल्लू अर्जुन का 8 अप्रैल को जन्मदिन है। इससे एक दिन पहले यानी 7 अप्रैल की शाम को पुष्पा द रूल की टीम फैंस को एक और सरप्राइस देगी।

### 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन से भिड़ेंगे जूनियर एनटीआर



**अभिनेता** जूनियर एनटीआर को स्पाई एक्शन-थ्रिलर, 'वॉर 2' के लिए साइन किया गया है, जो 2019 की ब्लॉकबस्टर का अगला सीक्वल है। बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन, जिन्होंने 'वॉर' में कबीर का रोल निभाया था, 'वॉर 2' में जूनियर एनटीआर के साथ एक्शन सीन करते हुए नजर आएंगे। हाल ही में, खुलासा किया गया कि इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी करेंगे। अयान मुखर्जी ने बॉलीवुड में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी है, जिसमें उनकी आखिरी रिलीज 'ब्रह्मास्त्र' भी शामिल है। नाम न छापने की शर्त पर एक सूत्र ने पुष्टि की, कि जूनियर एनटीआर ऋतिक के साथ 'वॉर 2' में भिड़ेंगे।

# जेईई मेन की परीक्षा आज से शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जेईई मेन की परीक्षा 6 अप्रैल से शुरू हो रही है। पहले दिन रांची सेंटर पर लगभग 1150 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। रांची के अलावा छह अप्रैल को होनेवाली जेईई मेन परीक्षा के लिए जमशेदपुर, हजारीबाग, दुमका, धनबाद, देवघर, बोकारो और कोडरमा में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। छह अप्रैल के बाद आठ, 10, 11, 12, 13 और 15 अप्रैल को भी जेईई मेन परीक्षा आयोजित की जाएगी। अप्रैल सत्र की इस परीक्षा में देश भर से करीब नौ लाख, 40 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। आधा घंटा लेट पहुंचे तो परीक्षा केंद्र में प्रवेश हो जाएगा बंदः एनटीए द्वारा मिले निर्देश के अनुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर एक घंटे पहले पहुंचना होगा और परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्रों में एंट्री बंद कर दी जाएगी। हालांकि प्रावधान के अनुसार निःशक्त स्टूडेंट्स को परीक्षा के लिए एक घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

**जूता पहनकर नहीं दे सकेंगे जेइइ मेंस की परीक्षाः** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित हो रही जेईई मेन परीक्षा में विद्यार्थियों को जूता पहन कर परीक्षा केंद्र में आने की अनुमति नहीं दी गई है। यानी जूता पहनने पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगा दी गई है। इसके अलावा परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर डिजिटल उपकरण, ज्वेलरी,पर्स, बेल्ट आदि पहन कर आने की मनाही की गई है। एडमिट कार्ड का कलर प्रिंट आउट और आधार कार्ड लाना अनिवार्यः विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड का कलर प्रिंट आउट फॉर्म जमा किए गए फोटो की दो कॉपी और पहचान पत्र के लिए आधार कार्ड लेकर पहुंचना होगा। यदि आधार कार्ड लेकर परीक्षार्थी नहीं पहुंचते हैं तो उन्हें परीक्षा केंद्र पर सेल्फ डिक्लेरेशन फॉर्म में बाएं हाथ के अंगूठे का निशान और स्वयं की तस्वीर लगाकर ले जाना होगा। साथ ही परीक्षा केंद्र पर परीक्षक के सामने हस्ताक्षर करने होंगे। परीक्षा केंद्रों पर सोशल डिस्टेंसिंग का कराया जाएगा पालनः परीक्षा केंद्र पर स्टूडेंट्स के लिए थ्री लेयर मास्क के साथ-साथ सोशल डिस्टेंसिंग के साथ निर्देश दिए गए हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने छात्रों को परीक्षा के दौरान अपने साथ पारदर्शी पेन, सेनीटाइजर और पानी की पारदर्शी बोतल साथ में ले जाने की अनुमति जरूर प्रदान की है। इसके अलावा स्टूडेंट्स को किसी भी प्रकार की सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा हॉल में विद्यार्थियों को रफ कार्य के लिए रफ सीट उपलब्ध कराई जाएगी।

### रांची में पहले दिन की परीक्षा में शामिल होंगे 1150 विद्यार्थी

## कांग्रेस ने निकाला मशाल शांति मार्च

**रांची।** कांग्रेस ने मंगलवार को जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च निकाला। रांची महानगर और जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित मार्च में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत कार्यकारी अध्यक्ष, मंत्री-विधायक शामिल हुए। शहीद स्थल से लेकर राजभवन तक निकले मार्च में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों व अडानी महा घोटाले के विरुद्ध आवाज बुलंद की। मौके पर मंत्री बादल, बंधु तिर्की, विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, राजेश कच्छप, दीपिका पांडेय सिंह,डॉ कुमार राजा, डॉ राकेश किरण मौजूद थे। मशाल शांति मार्च के दौरान कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये लड़ाई मित्रकाल के विरुद्ध लोकतंत्र को बचाने की है। भाजपा ने झूठ-प्रपंच की सारी हदें पार कर ली हैं। कहा कि कांग्रेस पार्टी न पहले तानाशाहों के आगे झुकी है और न कभी झुकेगी।

# कल्पतरु पेड़ लोगों को भरपूर ऑक्सीजन देने में मदद करता है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कल्पतरु पेड़ लोगों को भरपुर ऑक्सीजन तो देता ही है। वातावरण को शुद्ध रखने में भी मदद करता है। इस पेड़ के चारों ओर दूर-दूर तक वायरस या कीटाणु नहीं भटकते। इस पेड़ को जहां लगाया जाता है, यह नुकसानदायक वायरस को नष्ट कर देता है। उस एरिया के आस-पास कीड़े-मकोड़े भी नहीं रहते। इसी कारण इस पेड़ की डिमांड बढ़ गई है। साथ ही इसको संरक्षित करना महत्वपूर्ण हो गया है।

**कीडनी की बीमारी में फायदेमंदः** कल्पतरु का पेड़ बड़े-बड़े बीमारियों को नष्ट करने में भी उपयोगी है। इसकी पत्तियां और छाल को आयुर्वेद के रूप में प्रयोग किया जाता है। यह कई गंभीर बीमारियों को जड़ मूल से खत्म करने में सहायक होता है। रांची के आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ संजय ने बताया कि कल्पतरु का पेड़ पाइल्स, भगंदर, कीडनी, लीवर, फेफड़े जैसे खतरनाक बीमारियों को ठीक करने में सहायक है। इसके अलावा ये कफ, बाबासीर, पाचन, पेट से जुड़ी समस्या आदि में भी लाभदायक है। डॉ संजय ने कहा कि एलोपैथ में लीवर के लिए प्रत्यारोपण ही एक विकल्प हैं। कल्पतरु की मदद से लीवर और कीडनी की बीमारी को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। पेड़ के संरक्षण के लिए रांची वन विभाग लोगों में जागरूकता फैला रहा है। विभिन्न प्रकार के बोर्ड लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। फॉरेस्ट डिवीजन ने कई होर्डिंग लगा दी है जिसमें लिखा है- मैं कल्पतरु हूं, कृपया मेरी रक्षा करें। आम लोगों से कल्पतरु के संरक्षण के लिए आए दिन अपील की जाती रही है। कल्पतरु तीन पेड़ जो डोरंडा एरिया में बचे है उनमें फेंसिंग कर दिया गया है। ताकि जानवर या इंसान इसे नुकसान नहीं पहुंचा सके। रांची वन विभाग के श्रीकांत वर्मा ने बताया कि कल्पतरु बहुत ही दुर्लभ प्रजाति का पेड़ है। इसके औषधीय व पर्यावरणीय गुण को ध्यान में रखते हुए इसके संरक्षण की व्यवस्था की जा रही है। **ऐसे हो रहे है नए पौध के प्रयासः** रांची वन विभाग के श्रीकांत वर्मा ने कहा कि कल्पतरु के नए पौधें उगाने के भी प्रयास किये जा रहे हैं। इसे लेकर रिर्सच नर्सरी में इसके 300 से 400 पौधे को उगाये जाने को लेकर जरूरी संसाधनों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस पेड़ को उगाने में काफी मेहनत लगती हैं।

# उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस की आंतरिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस की आंतरिक व्यवस्था, ईवीएम के रख-रखाव समेत अन्य मानकों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने ईवीएम के रख-रखाव से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची मेरी मड़की को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रतिवेदन राज्य निर्वाचन विभाग को भेजने को कहा। समय-समय पर ईवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है।

## शिवशंकर को साहित्य व रूपम को विजयलक्ष्मी युवा पुरस्कार दिया जायेगा

**रांची।** राज्य में साहित्य जगत के प्रतिष्ठित लेखक महादेव टोप्पो को विश्वंभर स्मृति झारखंड साहित्य सम्मान आठ अप्रैल को दिया जायेगा। इसके अलावा विश्वंभर फाउंडेशन की ओर से विजयलक्ष्मी युवा सम्मान रूपम झा को मिलेगा। ये दोनों पुरस्कार इसी वर्ष से शुरू किये गये हैं। फाउंडेशन की ओर से रांची में आयोजित होनेवाले साहित्य सम्मान समारोह में इन दोनों के अलावे मिथिला के साहित्यकार शिवशंकर श्रीनिवास को विश्वंभर मैथिली साहित्य सम्मान दिया जायेगा। साहित्य सम्मान कार्यक्रम में तीनों चयनित लेखकों को सम्मानित किया जाना है। इसके अलावा इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इसमें मिथिला के नवोदित एवं नामचीन कलाकार ऋषव भारद्वाज अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

# बिरसा मुंडा जेल में हुई छापेमारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बुधवार तड़के सदर एसडीओ दीपक दुबे के नेतृत्व में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों ने जेल के अंदर प्रत्येक सेल की गहन तलाशी ली। मौके से कोई भी आपत्तिजनक सामान पुलिस के हाथ नहीं लगे। छापेमारी के कारण जेल में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। छापेमारी में सिटी एसपी शुभ्रांशु जैन, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सिटी डीएसपी रांची दीपक कुमार , सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार,साइबर डीएसपी यशोधरा समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे। राज्य में ईडी और आयकर विभाग की कार्रवाई के बाद कई लोगों पर शिकंजा कसा जा रहा है। मनी लॉन्ड्रिंग केस के कई प्रमुख आरोपित भी इसी जेल में बंद हैं। मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश उर्फ पीपी और बच्चू यादव इस समय इसी जेल में बंद हैं। जेल में छापेमारी के पीछे सबसे बड़ी वजह है मोबाइल फोन है। हालांकि पहली बार बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी नहीं हुई है। इससे पहले भी दिसंबर 2022 में छापेमारी हुई थी। रांची के साथ धनबाद और हजारीबाग स्थित जेलों में बंद गैंगस्टर्स द्वारा मोबाइल-सेलफोन के जरिए गिरोह ऑपरेट करने की खबर आयी थी। इसके बाद छापेमारी की गयी थी।

# नियुक्ति प्रक्रिया में नियोजन नीति को लेकर भारी विरोध

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नियोजन नीति में बदलाव के बाद कार्मिक विभाग ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग यानी जेएसएससी को राज्य में प्लस टू स्कूलों में विभिन्न विषयों के शिक्षकों की कमी को देखते हुए नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की अनुशंसा की थी जिसके बाद 2137 पदों पर शिक्षकों की सीधी भर्ती और 265 बैकलॉग रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया शुरू की गई है। जेएसएससी द्वारा निकाले गए विज्ञापन के अनुसार इस परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 मई निर्धारित की गई है साथ ही 6 मई तक परीक्षा शुल्क भुगतान एवं फोटो और सिग्नेचर को अपलोड करने को कहा गया है।आयोग ने अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में किसी तरह की त्रुटि को दूर करने के लिए 10 से 12 मई तक का समय भी निर्धारित किया है। गौरतलब है कि पीजीटी शिक्षकों की भर्ती के लिए जेएसएससी के द्वारा पूर्व में भी विज्ञापन निकाले गए थे मगर नियोजन नीति रद्द होने की वजह से इसकी परीक्षा होने से ठीक पहले इसे रद्द कर दिया गया था। आयोग ने पूर्व में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क जमा करने से छूट दी है। इसके अलावा एक अन्य विज्ञापन के लिए भी आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू की गई है जिसमें स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से फिजिक्स केमिस्ट्री और बायोलॉजी के लैब असिस्टेंट पदों के लिए 690 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई है। लंबे समय से राज्य में प्लस टू स्कूलों में प्राचार्य के खाली पदों को भरने के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को सरकार के द्वारा मिली अधियाचना के बाद आज से राजकीय, राजकीयकृत बालक एवं बालिका प्लस टू स्कूलों में प्राचार्यों के 39 पदों पर सीधी नियुक्ति के वास्ते ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई है जिसके लिए आवेदक आज यानी 5 अप्रैल से 8 मई तक समय निर्धारित की गई है।

# सोशियो फेयर अवार्ड में जमीनी संस्थाएं सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
वंचितों व जरूरतमंदों की मदद को सदैव तत्पर, समाज सेवा के क्षेत्र में कोलकोता की अग्रणी संस्था सबरी हेल्पेज ने हमेशा अपने कार्यों से लोगों का दिल- जीता है और सही मायनों में एक गैर सरकारी संस्था के स्वरूप को चरितार्थ किया है। अपनी स्थापना के 10 वर्ष पूरे होने पर सबरी हेल्पेज ने कोलकाता के कलाकुंज ऑडिटोरियम में समारोह का आयोजन किया। इसमें सबरी हेल्पेज की संस्थापक आरती बीआर सिंह के निर्देशन में परिचालित जमीनी संस्था को प्रथम सोसियो फेयर अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। समारोह में लाका प्राइमरी स्कूल पुरुलिया, प्रांताकथा कोलकाता, नबाग्राम होप फॉर ह्यूमेनिटी फाउंडेशन, स्पेस किटज इंडिया चेन्नई, अहाना फाउंडेशन, डॉ. सौरोदीप सिन्हा, वायस ऑफ वर्ल्ड, सैफो फॉर इक्वालिटि, प्रोफेसर माया गुप्ता, ट्रेफिकिंग सर्वाइवर श्रीजा देबनाथ को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र व गलपट्ट पहना कर सम्मानित किया गया। संगीतमय वातावरण में संपन्न इस समारोह में हाजी मो। मुमताज खान, आईपीएस संजय सिंह, टेनिस स्टार जयदीप मुखर्जी, फिल्मकार बौद्धायन मुखर्जी, ब्रिगेडियर बिश्वजीत चटर्जी, इमरान जकी, बिड़ला भारती स्कूल की प्रधानाध्यापिका अपाला दत्ता व फिल्म कलाकार रिचा शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभागियों को सम्मानित किया। सबरी हेल्पेज द्वारा लिटिल लैम्बस् फिल्म, शेयर योर हार्ट, ग्लैमर वर्ल्ड आयुर्वेदिक और फेसेस के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मोना मुखर्जी, प्रेरणा, देव गुप्ता, अमित गुप्ता सहित सबरी हेल्पेज के सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

# दिव्यांगजनों के लिए अभी भी सुविधाओं का अभाव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी में अहम सरकारी कार्यालयों समेत कई सार्वजनिक जगहों पर दिव्यांगजनों के लिए लिए जरूरी सुविधाओं का अभाव है। रांची समाहरणालय परिसर में यही हाल है। यहां दिव्यांगजनों के लिए रैंप बनाने का काम अबतक अधूरा पड़ा है। कब तक निर्माण कार्य पूरा होगा, इसका कोई पता नहीं है। ऐसी स्थिति में इस अहम सरकारी ऑफिस में काम से आने वाले दिव्यांगों को परेशानी को सामना करना पड़ता है। रांची समाहरणालय में डीसी, एसएसपी, एसडीओ, डीटीओ समेत कई बड़े अधिकारियों के ऑफिस हैं। यहां पर एसएसपी और एसडीओ जिस बिल्डिंग में बैठते हैं, वहां पर रैंप का निर्माण पूरा हो चुका है। लेकिन डीसी ऑफिस जाने वाले गेट के पास रैंप का निर्माण अब तक अधूरा पड़ा है। रैंप के बीच में दो गड्ढे हैं। दिव्यांग लोगों को सीढ़ियों से चढ़कर अधिकारियों के पास जाना होता है, जो उनके लिए कष्टकर है।

## पृष्ठ एक के शेष

**आपकी जिम्मेदारी हमारी...**
भूमिका और कल्याणकारी सोच के साथ आगे बढ़ना पड़ता है। सरकार सभी को समान नजरों से देखने का संकल्प लेती है और चलती है। इसी दिशा में रिम्स परिसर में अलग-अलग विभागों में मशीनें लगाई है। हमारी सरकार ने पूर्व में भी आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति की है। आने वाले समय में नर्सों, टेक्नीशियन व अन्य कर्मचारियों की भी नियुक्ति होगी। आपकी हर जरूरतों को सरकार पूरी करेगी।

**आईएएस पूजा सिंघल...**
पूजा सिंघल समेत उनके पति के सीए सुमन कुमार एवं खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश के खिलाफ पूर्व में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। इनके खिलाफ अब आरोप गठन होना है। राम विनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ कोर्ट पूर्व में आरोप गठित कर चुकी है। अभी पूजा सिंघल सुप्रीम कोर्ट से दो माह की अंतरिम जमानत पर है।

**सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं...**
की जांच की गई है, जिनमें से 95 प्रतिशत विपक्षी दलों से हैं। सीबीआई की ओर से 124 जांचों में से 95 प्रतिशत से अधिक विपक्षी दलों से हैं। लेकिन लोकतंत्र क्या हैघ् जब नेता ही इन मामलों के लिए लड़ रहे हैं। केवल इन वर्गों के लोगों के लिए ट्रिपल टेस्ट के अधीन एक अदालत हो सकती है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सिंघवी से पूछा कि क्या हम इन आंकड़ों की वजह से कह सकते हैं कि कोई जांच या कोई मुकदमा नहीं होना चाहिएघ् कोर्ट का कहना है कि अंततः एक राजनीतिक नेता मूल रूप से एक नागरिक होता है और नागरिकों के रूप में हम सभी एक ही कानून के अधीन हैं। सीजेआई ने कहा कि आप कहते हैं कि ईडी अपराध या संदेह की गंभीरता के बावजूद गिरफ्तार नहीं कर सकता। हम ऐसा कैसे कर सकते हैंघ् अपराध की गंभीरता को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता हैघ् जिस पर सिंघवी ने कहा कि पक्षकार नहीं चाहते कि याचिका से भारत में कोई लंबित मामला प्रभावित हो और वे मौजूदा जांच में हस्तक्षेप करने के लिए यहां नहीं हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि विशेष मामले के तथ्यों के बिना सामान्य दिशानिर्देश निर्धारित करना संभव नहीं है। जब आपके पास व्यक्तिगत आपराधिक मामला हो तो हमारे पास वापस आएं। मामले के तथ्यों से संबंध रखे बिना सामान्य दिशा-निर्देश देना खतरनाक होगा।

**कोई डॉक्टर तो कोई...**
किया था। स्वेन को ढूंढने के लिए पुलिस के विशेष दल को 8 महीनों का लंबा समय लग गया था। काफी कोशिशों के बाद उसे पिछले महीने 13 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल हाईकोर्ट की तरफ से इन सभी को जमानत मिल गई है।

**आंदोलनकारी रेललाइन पर...**
हावड़ा-रांची एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 03598 आसनसोल-रांची मेमू पैसेंजर शामिल हैं। दर्जनों ट्रेनों जहां तहां रुकी हुई है, जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेमाशुलि स्टेशन (बंगाल) में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे राजेश महतो के मुताबिक बंगाल सरकार उनकी नहीं सुन रही है। उनके जस्टिफिकेशन बिल को केंद्र सरकार के पास नहीं भेजा जा रहा है। 2017 में बिल भेजने की बात कही गई थीए पर बार बार धोखा हो रहा है। ऐसे में अब वे अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठेंगे। रेलवे और सड़क मार्ग जाम करेंगे ताकि बंगाल सरकार केंद्र को बिल भेजे। समाज के पूर्वी सिंहभूम जिला प्रभारी प्रभात कुमार महतो ने कहा है कि कुड़मी समाज के लोगों को आदिवासी की मान्यता से दूर रखकर उनके वाजिब हक से वंचित रखा गया है। इस मांग को लेकर सरकारों के पास सैकड़ों बार गुहार लगाई गई हैए लेकिन अब तक इस दिशा में कोई कार्रवाई न होने की वजह से यह निर्णायक आंदोलन शुरू किया गया है।

**निःशुल्क इलाज कराए..**
काफी बिगड़ गई थी। बाद में उसका एम्स पटना और रिम्स रांची में बच्ची का इलाज हुआ था। एसिड पिलाए जाने से 2 महीने तक बच्ची कुछ बोलने में असमर्थ थी। मामले को लेकर हजारीबाग के इचाक थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस घटना को लेकर तत्कालीन चीफ जस्टिस को एक पत्र लिखा गया था। इसके बाद एक समाचार पत्र में छपी इस घटना की खबर के आधार पर हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वतरू संज्ञान लिया था। पूर्व की सुनवाई में हाईकोर्ट ने एमिकस क्यूरी से पूछा है कि पीड़ित बच्ची को मुआवजा मिला है या नहींघ् कोर्ट ने इस संबंध में उन्हें शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था।

## जुर्माना जांच को ले एक्शन में दिखे रांची ट्रैफिक एसपी

# कई वाहनों से वसूला गया जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। राजधानी रांची की ट्रैफिक पुलिस ने नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। अपर बाजार इलाके में चलाए गए अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस की टीम ने 25 दो पहिया वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। इनके चालकों से पुलिस ने 12 हजार पांच सौ रुपए जुर्माना किया है। वहीं इसी इलाके से पुलिस की टीम ने पांच दो पहिया वाहनों को नो पार्किंग से उठाकर थाने ले आई। इनके मालिकों का कुछ अता पता नहीं था। इन पांचों वाहनों को पुलिस ने ट्रैफिक थाने में रखा है। ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा के निर्देश पर विगत मंगलवार को दिन के एक बजे से शहीद चौक से अभियान की शुरूआत हुई थी और देर रात तक शहर के अलग-अलग हिस्सों में चला। मेन रोड, उर्दू लाइब्रेरी से कश्मीर वस्त्रालय तक यातायात एसपी हारिस बिन जमा ने खुद अभियान चलाया। ट्रैफिक डीएसपी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के लिए एक ही टीम बनायी गई थी। इस टीम ने शहीद चौक से गांधी चौक तक अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने करीब 15 ऐसे वाहनों को जब्त किया, जो सड़क किनारे खड़े थे। इसके बाद महावीर चौक से श्रद्धानंद रोड तक चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने 15 वाहनों पर कार्रवाई की। इसमें दस वाहनों पर जुमार्ना किया गया, वहीं पांच वाहनों को पुलिस की टीम ने जब्त कर लिया। रंगरेज गली और सोनार पट्टी में नहीं चला अभियानः अभियान के दौरान पुलिस की टीम ने उन मार्गों को छोड़ दिया, जहां भारी संख्या में वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं। सोनार पट्टी की चौड़ाई करीब 25 फीट है। इसमें से दोनों ओर दस फीट सड़क पर दो पहिया वाहनों का कब्जा है। वहीं रंगरेज गली की चौड़ाई तकरीबन 20 फीट है। यहां दोनों ओर दस फीट सड़क पर वाहनों का कब्जा रहता है। लेकिन इन दोनों गली में पुलिस की टीम गयी ही नहीं, जबकि इन दोनों सड़कों पर लोगों को पैदल चलने में भी परेशानी होती है। निगम की इंफोर्समेंट टीम भी करेगी कार्रवाईः रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम भी ऐसे इलाके में अभियान चलाकर उन दुकानदारों के विरूद्ध कार्रवाई करेगी, जो दुकान के बाहर या नाली के उपर सामान रखते हैं।

## मॉडल स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र का हुआ उद्घाटन

**रांची।** जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, तोरपा के प्रखंड प्रमुख रोहित सुरीन, उप प्रमुख संतोष और अन्य अतिथियों ने बुधवार को तोरपा प्रखंड के बासंटोली गांव में मॉडल स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। जिला परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि जिन पंचायतों में आंगनबाड़ी केंद्र नहीं हैं, वहां आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस गांव में खेल का मैदान नहीं है, वहां जमीन मिलने पर खेल मैदान का भी निर्माण कराया जाएगा। पूर्व उप प्रमुख अनिल भगत ने आंगनबाड़ी केंद्र को एलईडी और गैस रिफिलिंग और सिद्धार्थ केसरी ने पंखा दिया। पोषण पखवाड़ा के तहत स्टॉल भी लगाए गए। कार्यक्रम का संचालन अनिल भगत ने किया। इस मौके पर तोरपा पूर्वी की मुखिया विनिता नाग, तोरपा पश्चिमी के मुखिया जॉन टोपनो, जिला परिषद सदस्य सुशांति कोनगाडी, वार्ड सदस्य वीणा तोपनो, सेविका रंजीता देवी, ज्योति तोपनो सहित अन्य उपस्थित थे।

# चार्ल्सटन ओपन : बडोसा ने पहले दौर में शेरिफ को पछाड़ा



**एजेंसी। चार्ल्सटन (यूएसए)**

12वीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा ने यहां चार्ल्सटन ओपन के पहले दौर में मेयर शेरिफ को 6-3, 6-1 से हराकर साल का सबसे साफ प्रदर्शन किया। चार्ल्सटन ओपन ऐतिहासिक रूप से बडोसा के लिए एक सुखद शिकार का मैदान रहा है। स्पैनियार्ड 2021 में एक सेमीफाइनलिस्ट थी, जिसने एश्ले बार्टी को परेशान करने और 2022 में क्वार्टर फाइनलिस्ट और दुनिया की नंबर 1 पर अपनी पहली जीत हासिल की। बडोसा ने कहा, इसे भूलना नामुमकिन है। मैं दुनिया में 70वें नंबर पर थी और यहीं से इसकी शुरूआत हुई। इस साल, बडोसा रैंकिंग में गिरावट को रोकने के लिए चार्ल्सटन आयी हैं। एक साल से भी कम समय पहले, उसने नंबर 2 के करियर के उच्च स्तर को छू लिया था; इस हफ्ते, वह गिरकर 29वें नंबर पर आ गई है।

# हमारे बल्लेबाज बड़ा स्कोर बनाने में असफल : अगरकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच अजीत आगरकर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात जायंट्स के हाथों मिली छह विकेट की हार के बाद स्वीकार किया है कि उनके बल्लेबाज अब तक टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। अरुण जेटली स्टेडियम पर मंगलवार को खेले गये मैच में दिल्ली ने 20 ओवर में 162 रन बनाये, जबकि गुजरात ने 163 रन का लक्ष्य 18.1 ओवर में हासिल कर लिया। इससे पहले लखनऊ सुपरजायंट्स ने दिल्ली को उसके पहले मुकाबले में 193 रन का लक्ष्य दिया था, जबकि डेविड वॉर्नर की टीम 143 रन तक ही पहुंच सकी थी।

आगरकर ने मैच के बाद कहा, मुझे



लगता है कि हम एक टीम के रूप में अच्छा नहीं खेले। हमारा ऊपरी क्रम असफल रहा और कोई भी आवश्यक रन नहीं बना सका। हम दोनों मैचों में ही रन नहीं बना सके। हमें निश्चित ही सुधार करने की जरूरत है, क्योंकि हम इस टूर्नामेंट में कई मजबूत टीमों का सामना कर रहे हैं।

दिल्ली की चिंताएं मुख्यतः ऊपरी क्रम से जुड़ी हैं। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर जहां तेजी से रन बनाने में नाकाम रहे हैं, वहीं पृथ्वी शॉ और सरफराज अहमद तेज गेंदबाजों के आगे संघर्ष करते नजर आये हैं। शॉ ने दो मैचों में क्रमशः 12 और सात रन बनाये हैं। पहले मैच में चार रन का स्कोर बनाने वाले सरफराज ने गुजरात के खिलाफ 30 रन बनाये, लेकिन इसके लिये उन्होंने 34 गेंदें खेलीं।

आगरकर ने शॉ और सरफराज से जुड़े एक सवाल पर कहा, आप एक या दो खिलाड़ियों की वजह से नहीं हारते। मुझे लगता है कि हम एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। हमें इसे स्वीकार करना होगा और अगले मैच में सुधार करना होगा। ये दोनों बल्लेबाज पहले भी अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं। ऐसा नहीं है कि हमारे पास अच्छी टीम नहीं है, हमें बस अपनी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करना है।

बल्लेबाजों के औसत प्रदर्शन के बावजूद दिल्ली के गेंदबाजों ने बड़ी ही सूझबूझ के साथ 163 रन का बचाव किया। अग्रणी स्पिनर अक्षर पटेल के गेंदबाजी न करने के बावजूद दिल्ली ने गुजरात को 15 ओवर में 117/4 के स्कोर पर रोका हुआ था, लेकिन डेविड मिलर ने 16वें ओवर में मुकेश कुमार के विरुद्ध 20 रन जोड़कर मैच का रुख पलट दिया। अंततः, गुजरात 11 गेंद रहते हुए लक्ष्य तक पहुंच गया।

## NEWS इन ब्रीफ

### जूनियर्स के हेड कोच के खाली पद के लिए उम्मीदवार बने बोका



**ब्यूनस आयर्स।** ब्राजील के पूर्व बॉस टिटे बोका जूनियर्स के हेड कोच के खाली पद के उम्मीदवार के रूप में उभरे हैं। टिटे का नाम मंगलवार को बोका के साथ जोड़ा जाने लगा और सोशल मीडिया पर बोका प्रशंसकों के बीच तेजी से अटकलें वायरल होने लगीं। ओले न्यूज पोर्टल ने कहा कि, कोरिंथियंस के पूर्व मैनेजर को बोका की टीम और समर्थकों का समर्थन प्राप्त है। दिसंबर में विश्व कप क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया से पेनल्टी से हार के बाद ब्राजील से अलग होने के बाद से 61 वर्षीय काम नहीं कर रहे हैं। इस पद के लिए एक अन्य ब्राजीलियाई कुका का नाम है जो एटलेटिको माइनिरो, पल्मीरास, सैंटोस और फ्लेमेंगो के प्रबंधक रह चुके हैं। बोका का नेतृत्व वर्तमान में मारियानो हेरोन कर रहे हैं, जिन्होंने खराब परिणामों के बीच पिछले सप्ताह ह्यूगो इबारा की जगह ली थी।

**खेलो इंडिया महिला हॉकी लीग**

### प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स फाउंडेशन और साई बाल ने दर्ज की जीत



**लखनऊ।** खेलो इंडिया महिला हॉकी लीग (अंडर-21 - अंतिम चरण) के पहले दिन प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स फाउंडेशन और साई बाल ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। दिन के पहले गेम में प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने सैल्यूट हॉकी एकेडमी को 6-0 से हराया। तनु (3', 29'), मनीषा (12'), रवीना (22'), तमन्ना यादव (48'), और निधि (56') ने प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स फाउंडेशन के लिए गोल किया। वहीं साई बाल ने दिन के दूसरे और अंतिम मैच में साई शक्ति को 3-1 से हराया। स्वर्णिका रावत (22') ने साई बाल के लिए खाता खोला लेकिन साई शक्ति ने साक्षी शुक्ला (26') के गोल की बदौलत जल्द ही बराबरी कर ली।

**मोंटे-कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट 2023**

# राफेल नडाल, अल्कराज और ऑगर-अलियासिम हुए बाहर

**एजेंसी। मोंटे कार्लो**

राफेल नडाल, कार्लोस अल्कराज और फेलिक्स ऑगर-अलियासिम ने चोट के कारण मोंटे कार्लो मास्टर्स से हटने का फैसला किया है। नडाल ने टूर्नामेंट में 11 खिताब जीते हैं और वहां उनका 73-6 का रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान अपनी बाईं इलियोपोसा पेशी में ग्रेड 2 की चोट के बाद, स्पेन के नडाल ने इंस्टाग्राम पर खुलासा किया कि वह प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार नहीं हैं। क्ले कोर्ट एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट रविवार से शुरू हो रहा है।

नडाल ने लिखा, दुर्भाग्य से मैं अभी भी प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं हूं और उन विशेष टूर्नामेंटों में से एक को मिस करूंगा जो मैं हमेशा खेलना पसंद करता हूं। मोंटे कार्लो मेरे करियर की एक





महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है और रही है, लेकिन दुर्भाग्य से मुझे इसे फिर से मिस करना होगा क्योंकि मैं अभी भी चोटिल हूं और प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं हूं। मैं वापसी के लिए तैयार होने की लंबी प्रक्रिया जारी रखूंगा।

अल्कराज, जिन्होंने हाल ही में इंडियन वेल्स चैंपियनशिप जीतकर लौटे हैं और मियामी में सेमीफाइनल में पहुंचे थे, ने दो कारणों का खुलासा किया कि क्यों वह साल के पहले एटीपी मास्टर्स 1000 क्ले-कोर्ट इवेंट में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे।

अल्कराज ने ट्वीट किया, दो महीने विदेश में रहने के बाद, मैं स्वदेश लौटकर खुश हूं लेकिन दुखी हूं क्योंकि मैंने शारीरिक परेशानी के साथ मियामी में अपना आखिरी मैच समाप्त किया। आज मर्सिया में अपने डॉक्टर से मिलने और मूल्यांकन किए जाने के बाद, मैं मोंटे कार्लो नहीं जा पाऊंगा। मेरे बाएं हाथ में पोस्ट-ट्रॉमैटिक आर्थराइटिस है और रीढ़ की हड्डी और मांसपेशियों में तकलीफ है, जिससे मुझे आराम की जरूरत है। 2024 में मिलते हैं।

इंडियन वेल्स में क्वार्टर फाइनल और मियामी में तीसरे दौर में पहुंचने वाले ऑगर-अलियासिम के बाएं घुटने में चोट लगी है।

ऑगर-अलियासिम ने ट्विटर पर लिखा, दुर्भाग्य से मुझे इस साल रोलेक्स मोंटे-कार्लो मास्टर्स से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करनी है। यह एक ऐसी प्रतियोगिता है जिसका मैं हर साल इंतजार करता हूं। हालांकि, मैं पिछले कुछ हफ्तों से अपने बाएं घुटने के साथ संघर्ष कर रहा था और फैसला किया कि इस साल इस टूर्नामेंट में नहीं खेलूंगा। हमेशा की तरह आपके समर्थन के लिए धन्यवाद, जल्द ही कोर्ट पर वापस मिलते हैं।

**आईपीएल 2023 का आठवां मुकाबला**

# पंजाब ने राजस्थान को दिया 198 का टारगेट

**एजेंसी। गुवाहाटी**

कप्तान शिखर धवन और ओपनर प्रभसिमरन की अर्धशतकीय पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-16 के 8वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के सामने जीत के लिए 198 रन का टारगेट सेट किया है। गुवाहाटी के मैदान पर टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 197 रन बनाए। प्रभसिमरन सिंह ने 34 बॉल पर 60 रन बनाते हुए अपने आइपीएल करियर का पहला अर्धशतक बनाया, जबकि धवन ने 56 बॉल पर नाबाद 86 रन बनाते हुए लीग में अपनी 48वीं फिफ्टी जमाई। दोनों के बीच 90 रनों की साझेदारी हुई। जितेश शर्मा ने 27 रन का योगदान दिया। प्रभसिमरन के साथ पहले विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी करने के बाद कप्तान

**धवन ने जमाया 48वां अर्धशतक**



धवन ने जितेश शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 30 गेंद पर 60 रन की साझेदारी की। जितेश शर्मा 16वें ओवर में चहल की गेंद पर रियान पराग को कैच दे बैठे। उन्होंने 27 रन बनाए। पारी के 11वें ओवर की पहली बॉल पर भानुका राजपक्षे कप्तान शिखर धवन के शॉट पर चोटिल हुए। रविचंद्रन अश्विन की बॉल पर धवन ने स्ट्रेट की दिशा में खेला। शॉट इतना तेज था कि नॉन स्ट्राइक पर खड़े राजपक्षे को संभलने का मौका नहीं मिला और बॉल राजपक्ष के दाहिने हाथ में लगी। बॉल लगने के बाद राजपक्षे ग्राउंड पर बैठ गए। खेल को कुछ देर के लिए रोका गया। बाद में वे रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर चले गए। उनकी जगह जितेश शर्मा खेलने उतरे।

# अर्जेंटीना के बैटलग्लिया एटलेटिको मिनेरो में शामिल



**एजेंसी। रियो डी जेनेरो**

अर्जेन्टीना के पूर्व अंतरराष्ट्रीय मिडफील्डर रोड्रिगो बटाग्लिया मालोर्का से अलग होने के बाद एटलेटिको मिनेरो से जुड़ गए हैं। शिन्हुआ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बटाग्लिया, जो दिसंबर 2024 तक एटलेटिको से जुड़े रहेंगे, इस साल बेलो होरिजोंटे पक्ष के नौवें नए साइनिंग खिलाड़ी हैं। बटागलिया ने संवाददाताओं से कहा, मैं अच्छे शारीरिक आकार में हूं और अब मैं क्लब के साथ हूं। 31 वर्षीय कोपा लिबटाडोरेस-दक्षिण अमेरिका की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता, जो इस सप्ताह शुरू हो रही है, में भाग लेने के लिए विशेष रूप से उत्सुक है। एटलेटिको इस साल के टूर्नामेंट में गुरुवार को पैराग्वे के लिबर्टाड के खिलाफ घरेलू संघर्ष के साथ अपनी शुरूआत करेगा। नंबर 6 ने कहा, यहां आने के मेरे फैसले में कोपा लिबटाडोरेस एक महत्वपूर्ण कारक था। मुझे आशा है कि हम एक अच्छा अभियान चला सकते हैं और अपने प्रशंसकों को खुश कर सकते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने 17 महिला खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध सूची में किया शामिल



**एजेंसी। कैनबरा**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 17 महिला खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध सूची 2023-24 में शामिल किया है। पिछले सीजन से 13 खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है। इस बार खिलाड़ियों के साथ क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के नए एमओयू (समझौता ज्ञापन) के तहत उपलब्ध महिलाओं के अनुबंधों की कुल संख्या 15 से बढ़कर 18 हो गई है।

ग्रेस हैरिस, किम गर्थ और हीथर ग्राहम ने इस बार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की महिला अनुबंध सूची में अपनी जगह बनाई है। प्रत्येक खिलाड़ी को पहली बार अनुबंध की पेशकश की गई है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रदर्शन प्रमुख (महिला क्रिकेट) और राष्ट्रीय चयनकर्ता शॉन फ्लेगलर ने कहा, ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के लिए यह एक अविश्वसनीय रूप से सफल 12 महीने रहे हैं, लेकिन अब हमारा ध्यान आगे की चुनौतियों पर केंद्रित है, विशेष रूप से इंग्लैंड में आगामी एशेज सीरीज पर। ग्रेस हैरिस ने पिछले सीजन में अपग्रेड अर्जित किया और बाद में पूरे टी20 विश्व कप में हर मैच खेला, वह एक बहु-कुशल क्रिकेटर हैं, जो बल्ले और गेंद दोनों से मैचों को प्रभावित कर सकती हैं।

**ऑस्ट्रेलियाई महिला केंद्रीय अनुबंध सूची इस प्रकार है**

डार्सी ब्राउन, एश्लेग गार्डनर, किम गर्थ, हीथर ग्राहम, ग्रेस हैरिस, एलिसा हीली, जेस जोनासेन, अलाना किंग, मेग लैनिंग, फोबे लीचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, तैला व्लामिनेक, जॉर्जिया वेयरहम।

# इटालियन ओपन टेनिस में मिलेगी समान राशि

**2025 से लागू किया जाएगा यह फार्मूला**



**एजेंसी। रोम**

इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में 2025 से महिलाओं को भी पुरुषों के समान पुरस्कार राशि दी जाएगी। इगा स्वियातेक ने पिछले साल जब क्ले कोर्ट पर खेले जाने वाला यह टूर्नामेंट जीता था तो उन्हें पुरुष वर्ग के विजेता नोवाक जोकोविच से आधे से भी कम पुरस्कार राशि मिली थी। स्वियातेक को 332,260 यूरो (364,000 अमेरिकी डॉलर) का चेक मिला, जबकि जोकोविच को 836,355 यूरो (916,000 अमेरिकी डॉलर) का भुगतान किया गया था। इतालवी टेनिस महासंघ के अध्यक्ष एंजेलो बिनघी ने मंगलवार को इस साल होने वाले टूर्नामेंट की जानकारी देते हुए कहा, इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जबकि हमने ऐसी प्रक्रिया शुरू की है जिससे तीन साल में महिला और पुरुष टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को समान पुरस्कार राशि मिलेगी। इस साल यह टूर्नामेंट 10 से 21 मई के बीच आयोजित किया जाएगा।

**आईपीएल 2023 | गुजरात के साई सुदर्शन ने कुंबले को किया प्रभावित, कहा-**

# साई बेहद संगठित नजर आ रहा है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अपने जमाने के दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हैं और उन्होंने कहा कि इस बल्लेबाज ने गुजरात टाइटंस की आईपीएल मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत में अपना विशेष प्रभाव छोड़ा। गुजरात ने 163 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 21 वर्षीय सुदर्शन के नाबाद 62 रन की मदद से 11 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से जीत दर्ज की।

पूर्व भारतीय कप्तान और कोच कुंबले ने आधिकारिक प्रसारक जिओ सिनेमा से कहा, वह (सुदर्शन) बेहद संगठित खिलाड़ी नजर आ रहा है। उसने तेज गेंदबाजी और स्विंग के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। वह पहले मैच में 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में क्रीज पर उतरा और उसने निश्चित





तौर पर अपना प्रभाव छोड़ा।' उन्होंने कहा, इस मैच में भी गुजरात के शीर्ष क्रम के तीन खिलाड़ी आउट हो चुके थे। ऐसे में तमिलनाडु के दोनों खिलाड़ियों विजय शंकर और सुदर्शन ने मिलकर बहुत अच्छी साझेदारी निभाई।'

गौर हो कि गुजरात के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 8 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाए। डेविड वार्नर और सरफराज खान ने क्रमशः 37 और 30 रन की पारी खेली लेकिन यह प्रभावी नहीं थी। वहीं अक्षर पटेल ने 22 गेंदों पर 36 रन बनाए जिसने टीम की इस लक्ष्य तक पहुंचने में मदद की। हालांकि गुजरात के लिए यह लक्ष्य ज्यादा नहीं था। टीम की शुरूआत थोड़ी खराब थी लेकिन सुदर्शन, विजय शंकर (29) और डेविड मिलर (31*) ने 18.1 ओवर में टीम को जीत दिला में मदद की।

### पंत खुद बेहतर महसूस कर रहे थे : डीडीसीए



**दिल्ली** कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के आईपीएल मैच को देखने मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचे ऋषभ पंत को देखने के लिए प्रशंसकों में भारी उत्सुकता थी। प्रशंसकों के हुजूम में अनेक ने हार्दिक पांड्या, शुभमन गिल और डेविड वार्नर के जर्सी नंबर वाली शर्ट्स पहन रखी थी जबकि कुछ क्रिकेट प्रशंसक ऐसे भी थे जो 17 नंबर की जर्सी पहने हुए थे और मेट्रो सफर के दौरान चर्चा कर रहे थे कि उन्हें पंत को देखने का मौका मिल गया। डीडीसीए के निदेशक श्याम शर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष भयानक कार दुर्घटना से बचने के बाद पहली बार स्टेडियम आना पंत के लिए काफी सुखद रहा। शर्मा ने 'आईएनएस' से कहा, उन्हें काफी अच्छा लगा। वह गेट नंबर सात से पैदल चलते हुए अंदर घुसे और सीढ़ियां भी चढ़े। वह महसूस कर रहे थे कि यह अच्छी एक्सरसाइज होगी और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ गया है। उन्होंने साथ ही कहा, उनके धष्टिकोण से यह काफी अच्छा रहा। वह काफी दिन से घर पर थे। वह ड्रेसिंग रूम भी गए और खिलाड़ियों तथा टीमों से मिले।

